हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 13 नवंबर 2026



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आसमान पर विमानों की उंची उड़ान नजर आती है, लेकिन यह स्थिति राज्य के अन्य रीजनल कनेक्टिविटी वाले एयरपोर्ट पर नजर नहीं आती। बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, रायगढ़ और जशपुर एयरपोर्ट पर यात्रियों का टोटा है। जाहिर है, इसकी वजह से विमान कंपनियों को घाटा भी हो रहा होगा।

रायपुर के आसमां पर विमानों की उड़ान ऊंची, पर बिलासपुर जगदलपुर में यात्री कम, इसलिए पांच एयरपोर्ट पर फ्यूल वैट शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लिहाजा राज्य सरकार ने इन पांचों शहरों के एयरपोर्ट से फ्यूल लेने पर लगने वाले वैट की दर शून्य कर दी है। इस फैसले से विमान कंपनियों की परिचालन लागत कम करने और क्षेत्रीय उड़ानों को प्रोत्साहन देने की कोशिश की जा सकती है। वाणिज्यिक कर विभाग के अनुसार बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, रायगढ़ और जशपुर एयरपोर्ट पर विमान ईंधन एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की बिक्री पर वैट की दर शून्य प्रतिशत होगी। रायपुर एयरपोर्ट को इस छूट से बाहर रखा गया है। इस संबंध में 2017 में ▶▶|शेष पेज 7 पर

बिलासपुर-जगदलपुर में संयुक्त संख्या 1.11 लाख; क्षेत्रीय हवाई संपर्क को आर्थिक राहत देने की पहल



रायपुर और क्षेत्रीय एयरपोर्टों के यात्री आंकड़ों में बड़ा अंतर

विमानपत्तन प्राधिकरण के वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार रायपुर एयरपोर्ट से 25 लाख 72 हजार 31 यात्रियों ने यात्रा की। इसी अवधि में बिलासपुर एयरपोर्ट पर 36,850 और जगदलपुर एयरपोर्ट पर 74,407 यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई। दोनों क्षेत्रीय एयरपोर्टों का संयुक्त आंकड़ा 1,11,257 रहा। इस तरह रायपुर में यात्रियों की ▶▶|शेष पेज 7 पर

अंबिकापुर में उड़ानें बंद हुईं, बाद में फिर शुरू

अंबिकापुर एयरपोर्ट पर क्षेत्रीय हवाई सेवाओं की निरंतरता एक चुनौती रही है। लोकसभा में 2 अप्रैल 2026 को दिए गए उत्तर के अनुसार फ्लाई बिग ने दिसंबर 2024 में 19 सीटों वाले विमान से उड़ानें शुरू की थीं। अंबिकापुर-बिलासपुर और अंबिकापुर-रायपुर मार्गों पर संचालित ये सेवाएं 15 जून 2025 से विमान संबंधी समस्याओं के कारण बंद हो गई थीं। बाद में फ्लाई बिग ने अपने अनुबंधित अधिकार स्काई होप एविएशन को हस्तांतरित किए। हालांकि अंबिकापुर का हवाई संपर्क फिर शुरू हुआ। 30 मार्च 2026 को एलायंस एयर की अंबिकापुर से दिल्ली और कोलकाता के लिए उड़ानों का शुभारंभ किया गया। अक्टूबर 2026 के शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम में रायपुर-अंबिकापुर हवाई संपर्क भी शामिल किया गया है। यह घटनाक्रम क्षेत्रीय हवाई सेवाओं में निरंतरता बनाए रखने की चुनौती और नए मार्गों से संपर्क विस्तार, दोनों को दर्शाता है।

क्षेत्रीय उड़ानों को व्यवहार्य बनाने की कोशिश

केंद्र सरकार की उड़ान योजना का उद्देश्य छोटे शहरों को हवाई संपर्क उपलब्ध कराना और क्षेत्रीय हवाई मार्गों को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाना है। इसके तहत विमान कंपनियों को व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण () जैसी सहायता भी दी जाती है। राज्य सरकार की वैट छूट को इसी व्यापक क्षेत्रीय हवाई संपर्क नीति के अनुरूप क्षेत्रीय उड़ानों की लागत कम करने वाले कदम के रूप में देखा जा सकता है।

खबर संक्षेप

अंडमान के तीन और समुद्र तटों को 'ब्लू फ्लैग'

श्री विजय पुरम। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के तीन और समुद्र तटों को 2026-27 के लिए



प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय 'ब्लू फ्लैग' टैग मिला है। इसके साथ ही, स्वराज द्वीप स्थित मशहूर राधानगर तट के प्रमाणन का भी नवीनीकरण किया गया है। इससे इस केंद्र शासित प्रदेश में सतत पर्यटन की संभावनाएं और मजबूत हुई हैं। हाल ही में प्रमाणित किए गए समुद्र तटों में डिगलीपुर का रामनगर बीच, मायाबंदर का करमाटांग बीच और रंगत का रमन बगीचा बीच शामिल हैं।

ट्रक की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

बदायूं। यूपी के बदायूं शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में



एआरटीओ चौराहे के पास गुरुवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति और उसके 14 वर्षीय बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। कटैया गांव निवासी भगवानदास (42) अपनी पत्नी कमलेश और बेटे आशीष (14) के साथ भाई दूज पर कुंवरगांव थाना क्षेत्र के दरबाउनगर गांव स्थित ससुराल गए थे।

आग लगने से एक परिवार के चार सदस्यों की मौत

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के कुरुंग कुमे जिले के एक कस्बे में गुरुवार तड़के आग लगने से एक



परिवार के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और करीब 24 घर जल गए। मृतकों में एक महिला और उसके तीन नाबालिग बच्चे शामिल हैं। बच्चों में दो बेटे और एक बेटी है जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतकों की पहचान डोंगडा यानू, उनके बेटों डोंगडा करसांग और डोंगडा माजी तथा बेटी डोंगडा अमजी के रूप में हुई है।

प्रति एकड़ 13,839 रुपए की आदान सहायता मिलेगी

धान पर बड़ा फैसला, कम बेचने पर भी 21 क्विंटल के हिसाब से मिलेगा पैसा

छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ के लिए कृषक उन्नति योजना के तहत धान उत्पादक किसानों को दी जाने वाली आदान सहायता का नया फार्मूला निर्धारित किया है। इसके तहत किसान यदि प्रति एकड़ निर्धारित अधिकतम 21 क्विंटल से कम धान भी बेचता है, तब भी उसे 21 क्विंटल के बराबर निर्धारित सहायता मिलेगी। सरकार ने इसके लिए प्रति एकड़ 13,839 रुपए की सहायता राशि तय की है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 12 नवंबर को जारी नए दिशा-निर्देशों में सहायता की गणना और भुगतान की प्रक्रिया स्पष्ट की गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सरकार ने सामान्य धान के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,441 प्रति क्विंटल और 3,100 के निर्धारित आधार मूल्य के अंतर की राशि 659 रुपए को 21 क्विंटल से गुणा कर प्रति एकड़ 13,839 रुपए की आदान सहायता निर्धारित की है। यह सहायता वास्तविक धान बिक्री की मात्रा के बजाय सत्यापित बोए गए रकबे के आधार पर निर्धारित होगी।

निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी किसान द्वारा प्रति एकड़ निर्धारित अधिकतम 21 क्विंटल से कम मात्रा में धान उपार्जन के लिए उपलब्ध कराया जाता है, तब भी उसे बोए गए धान के रकबे के आधार पर निर्धारित अधिकतम उपार्जन मात्रा के समतुल्य सहायता मिलेगी। ▶▶|शेष पेज 7 पर

15 क्विंटल बेचने पर भी 13,839 रुपए मिलेंगे

विभाग ने उदाहरण देकर इसे समझाया है। यदि किसी किसान ने एक एकड़ में धान बोया है और केवल 15 क्विंटल धान बेचा है, तब भी उसे 13,839 रुपए की सहायता मिलेगी। इसी तरह 2.5 एकड़ में धान बोने वाले किसान ने 38 क्विंटल धान बेचा हो, तो उसे 34,597.50 रुपए की सहायता निर्धारित होगी। 0.8 एकड़ में धान बोने वाले किसान के 15 क्विंटल धान बेचने पर भी 11,071.20 रुपए की सहायता मिलेगी। इस व्यवस्था में प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मात्रा सहायता गणना का आधार है। किसान द्वारा इससे कम धान बेचे जाने पर भी सत्यापित बोए गए रकबे के अनुसार सहायता निर्धारित की जाएगी।

छत्तीसगढ़ सरकार ने तय किया 21 क्विंटल के आधार पर सहायता का फार्मूला



राज्य सरकार का बड़ा फैसला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार ने धान खरीदी पर बड़ा फैसला लिया है। सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मान से आदान सहायता देगी। धान खरीदी के लिए 13 हजार 839 रुपए का भुगतान होगा। गन्ना किसानों को 425 रुपए अतिरिक्त राशि दी जाएगी।



खाते में सीधे पहुंचेगी राशि

योजना के तहत सहायता राशि किसान के आधार लिंक बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से दी जाएगी। माकफेड तथा बीज निगम को सहायता राशि के भुगतान और उसके विस्तृत लेखा-जोखा के संधारण की जिम्मेदारी दी गई है। कृषि संचालक योजना के क्रियान्वयन, नियमित समीक्षा और पात्र किसानों को सहायता के एकमुश्त भुगतान के लिए जिम्मेदार होंगे।

खरीफ 2026 के धान पर ही लागू

नए दिशा-निर्देश खरीफ वर्ष 2026 में बोए गए धान तथा विपणन वर्ष 2026-27 में माकफेड द्वारा उपार्जित धान और बीज निगम द्वारा उपार्जित धान बीज से संबंधित बोए गए रकबे के लिए लागू होंगे। ग्रीष्मकाल में बोए गए धान पर यह योजना लागू नहीं होगी। योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिनसे प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों/लैम्पस के माध्यम से माकफेड द्वारा धान उपार्जित किया गया हो अथवा बीज निगम द्वारा धान बीज का उपार्जन किया गया हो। किसानों का एग्रीस्टैक में पंजीयन अनिवार्य है।

सहायता राशि प्राप्त करने देना होगा आवेदन

धान खरीदी के समय ही किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत सहायता राशि प्राप्त करने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। आवेदन के लिए आवश्यक प्रावधान खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी पोर्टल पर किए जाएंगे। सरकार के नए निर्देशों के अनुसार, धान बेचने की मात्रा कम होने पर भी सत्यापित बोए गए रकबे के आधार पर सहायता की गणना होगी। इससे पात्र किसानों को प्रति एकड़ निर्धारित पूरी सहायता प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है।

महादेव सट्टे का खिलाड़ी जेल पहुंचा, अब ईडी लगाएगी अर्जी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप के प्रमोटर की पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद गुरुवार को उसे सीबीआई ने विशेष अदालत में पेश किया। रिमांड के लिए नया आवेदन नहीं लगाने पर कोर्ट ने उसे सात दिनों के लिए 19 नवंबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया है। प्रकरण की सुनवाई मनोज कुमार सिंह ठाकुर की विशेष अदालत में हुई है।

बचाव पक्ष के वकील तुषार गिरी के अनुसार सीबीआई ने आगे रिमांड के लिए आवेदन नहीं लगाया। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी को जेल ▶▶|शेष पेज 7 पर

झोला उठाकर जेल जाते दिखा

न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे जाने का आदेश होने के तत्काल बाद कोर्ट रूम में जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल वारंट हासिल कर सीबीआई की टीम रायपुर सेंट्रल जेल के लिए रवाना हुई। इसके पूर्व आरोपी को अपने जेल भेजे जाने का अंदेशा होने पर उसने अपना जरूरी दैनिक सामान एक झोला में भरकर मंगा लिया था। जेल दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान आरोपी स्वयं झोला उठाकर जेल के अंदर दाखिल होते दिखा।

ईडी के आवेदन पर आज कोर्ट में होगी सुनवाई

ईडी के वकील सौरभ पाण्डेय के अनुसार महादेव सट्टा एप के प्रमोटर से पूछताछ करने कोर्ट में प्रोटेक्शन वारंट के लिए आवेदन पेश किया गया है। उस मामले में कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी। अभियोजन पक्ष के वकील के अनुसार कोर्ट से प्रोटेक्शन वारंट हासिल करने के बाद सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी करने कोर्ट में आवेदन पेश किया जाएगा।

ट्रकों के पहिए पूरी तरह से थमे, दूसरे राज्यों से आए सब्जियों के ट्रक पर असर नहीं

बस्तर संभाग में बसें पूरी तरह ठप, रायपुर में पुलिस पहरे के बीच संचालन, निजी स्कूल बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया ड्राइवर ज्वाइंट कमेटी द्वारा बुलाए गए बंद का छत्तीसगढ़ में मिला-जुला असर रहा। बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले बैलाडीला, दंतेवाड़ा, गीदम और बचेली में बसों का संचालन पूरी तरह से बंद रहा है। बीजापुर में दोपहर 12 बजे तक बसें बंद रहीं। इसके बाद पुलिस जवानों की निगरानी में संचालन प्रारंभ हुआ। अन्य क्षेत्रों में 10 से 15 प्रतिशत तक बसें नहीं चलीं, जबकि इतनी ही संख्या में बसों का संचालन आधा से एक घंटे देर ▶▶|शेष पेज 7 पर

- गुरूर के पास तोड़े गए बसों के शीशे, अन्य जगह शांतिपूर्ण प्रदर्शन



सब्जियों पर फिलहाल असर नहीं

डुमरतराई थोक सब्जी मंडी अध्यक्ष श्रीनिवासन रेड्डी ने हरिभूमि से बातचीत में कहा, प्रदेश में बेंगलुरू, महाराष्ट्र और पं.बंगाल से सब्जियां आती हैं। यहां से आने वाली सब्जियों में टमाटर, पत्ता गोभी सहित अन्य सब्जियां शामिल हैं। यहां से आने वाली ट्रकों को नहीं ▶▶|शेष पेज 7 पर

सभी के अपने दावे

छग यातायात महासंघ (बस संघ)के अध्यक्ष सैयद अनवर अली ने बताया, गुरुर के पास बसों के शीशे तोड़ दिए गए। अधिक हानि से उन्होंने इनकार किया। उनके अनुसार, पुलिस बल के सहयोग से गाड़ियों का संचालन हुआ। केवल जगदलपुर संभाग में ही बसें पूरी तरह से बंद रहीं, जबकि अन्य स्थानों पर थोड़े विलंब के साथ संचालन हुआ।वहीं, बस परिवहन ड्राइवर संघ के प्रदेश महासिचव अतृम नंद ने कहा कि हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रहेगी। संघ द्वारा ड्राइवरों को समझाइश ▶▶|शेष पेज 7 पर



घेरने की तैयारी में विपक्ष

छग विस का शीतकालीन सत्र 14 से 17 दिसंबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसंबर से शुरू होकर 17 दिसंबर तक चलेगा। विधानसभा सचिवालय ने दिसंबर में आयोजित होने वाले सत्र की बैठकों को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। चार दिनों तक चलने वाले इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी। इस दौरान विभिन्न विधायी कार्यों के साथ राज्य सरकार द्वारा अनुपूरक ▶▶|शेष पेज 7 पर

अनुपूरक बजट पर भी रहेगी नजर

चार दिवसीय सत्र में अनुपूरक बजट पेश होने की संभावना को देखते हुए वित्तीय प्रावधानों और विभिन्न विभागों के लिए अतिरिक्त राशि के आवंटन पर भी सदस्यों की नजर रहेगी। विपक्ष बजट के प्रावधानों के साथ विकास कार्यों की प्रगति और ▶▶|शेष पेज 7 पर

गुरुवार को जारी किया गया संशोधित कैलेंडर

कर्मचारी चयन मंडल ने बदली तिथियां, आरक्षक भर्ती दिसंबर 2027 की जगह अप्रैल में, 11 प्रवेश परीक्षाएं भी नई तारीख में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल ने 2027 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए संशोधित कैलेंडर जारी किया है। संशोधित कैलेंडर के अनुसार आरक्षक भर्ती परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। पूर्व में

- नवीन तिथियों के अनुसार ही तय होगा आवेदन, प्रवेश पत्र सहित अन्य शेड्यूल



आरक्षित एक तिथि में शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। सबसे बड़ा बदलाव विभिन्न पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में किया गया है। सभी 11 प्रवेश परीक्षाओं की तिथियां बदल दी गई हैं। पूर्व में ये सभी 11 प्रवेश परीक्षाएं रविवार को आयोजित थी, लेकिन अब इनमें से 9 परीक्षाएं गुरुवार को आयोजित होंगी, ▶▶|शेष पेज 7 पर

अभ्यर्थी हित में निर्णय

एक ही दिन दो परीक्षाएं आयोजित होने की स्थिति में अभ्यर्थियों के लिए मुश्किलें हो जाती हैं। राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाएं रविवार को आयोजित होने के कारण चयन मंडल गुरुवार को अपनी परीक्षाएं लेगा।

- केदार पटेल, संयुक्त परीक्षा नियंत्रक, कर्मचारी चयन मंडल

9 माह पहले ही दिलानी होगी परीक्षा

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत समूह-4 में आने वाली आरक्षक भर्ती परीक्षा पहले दिसंबर 2027 में आयोजित की जानी थी। इसमें बदलाव किया गया है। यह परीक्षा अब मार्च-अप्रैल में होगी। कर्मचारी चयन मंडल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा परीक्षाएं 2027 के अंत के स्थान पर शीघ्र आयोजित कराने निर्देशित किया गया, इसलिए इसकी तिथि बदली गई।

महाराष्ट्र की राजधानी में मनचलों के हौसले बुलंद

मुंबई लोकल में छेड़छाड़, विरोध करने पर ट्रेन के नीचे धकेला, हाथ कटा

सुरक्षित माने जाने वाली मायानगरी में महिला सुरक्षा पर खड़े हुए गंभीर सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मुंबई की लोकल ट्रेन में एक युवती के साथ ऐसी घटना हुई, जिसने महिला सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, ट्रेन में एक व्यक्ति ने 20 साल की युवती के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की। युवती ने इसका विरोध किया और स्टेशन पर उतरकर उससे जवाब मांगा। इस पर आरोपी ने उसे चलती लोकल ट्रेन के नीचे धक्का दे दिया। ट्रेन की चपेट में आने से युवती का बायां हाथ कोहनी के पास से कट गया। उसके सिर में भी चोट आई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 4 नवंबर को महाराष्ट्र के नायगांव रेलवे स्टेशन पर हुई। मामला आज गुरुवार को सामने आया है। घायल युवती नायगांव ईस्ट में रहती है। वह गोरेगांव में अपनी बहन से मिलने गई थी। वहां से वह बोरीवली होते हुए लोकल ट्रेन से घर लौट रही थी।

ट्रेन में छेड़छाड़, स्टेशन पर आरोपी से भिड़ी युवती

पुलिस ने बताया कि, 4 नवंबर की शाम करीब 7:15 बजे लोकल ट्रेन में एक यात्री ने युवती के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की। पीड़िता ने इसका विरोध किया। जब ट्रेन नायगांव स्टेशन पहुंची तो वह प्लेटफॉर्म पर उतर गई। उसने आरोपी से छेड़छाड़ को लेकर जवाब मांगा। इसी बात पर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि युवती ने गुस्से में आरोपी पर अपनी चप्पल फेंक दी। इसके जवाब में आरोपी ने भी उस पर चप्पल फेंकी। इसके बाद उसने पीड़िता को जोर से धक्का दे दिया।



चलती ट्रेन के नीचे गिरी कट गया बायां हाथ

धक्का लगने से सोफिया रेलवे के दो डिब्बों के बीच की जगह से पटरी पर गिर गई। इसी दौरान लोकल ट्रेन चलने लगी। वह तुरंत प्लेटफॉर्म पर वापस नहीं चढ़ सकी। ट्रेन का पहिया उसके बाएं हाथ के ऊपर से गुजर गया। इससे उसका हाथ कोहनी के पास से कट गया। इस हादसे में सोफिया के सिर में भी चोट आई। उसे 16 टांके लगाने पड़े. फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, युवती की हालत को देखते हुए उसका इलाज जारी है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। उसकी पहचान के लिए रेलवे स्टेशन और आसपास की जगहों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। कई जगहों के कैमरों की जांच की गई। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची और उसे 9 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया।वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गणपत तुंबाडा ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इस मामले में भायंदर रेलवे पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

खबर संक्षेप

अभिषेक बनर्जी के घर के बाहर से हटाया शेड

कोलकाता। कोलकाता के पाटुआपाड़ा इलाके में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के घर के बाहर बना अस्थायी शेड कोलकाता नगर निगम ने हटा दिया है। इस शेड में उनके सुरक्षा कर्मियों के बैठने की व्यवस्था थी। कार्रवाई से पहले पंखे और लाइटें निकाल ली गई थीं। शेड हटाने में अभिषेक बनर्जी के समर्थकों ने भी मदद की। इससे पहले इसी जगह शेड को लेकर कोलकाता पुलिस और अभिषेक बनर्जी के बीच टकराव हुआ था। अब नगर निगम की कार्रवाई के बाद सुरक्षा कर्मियों के लिए बनाई गई अस्थायी व्यवस्था पूरी तरह खत्म हो गई है।



नेपाल : बस खाई में गिरी, 14 की मौत

काठमांडू। नेपाल के बागमती प्रांत में बृहस्पतिवार को एक छोटी बस के गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना मकवानपुर जिले में सुबह करीब पौने छह बजे हुई। मकवानपुर जिला पुलिस कार्यालय के सूचना अधिकारी के अनुसार यह बस काठमांडू से सरलाही जा रही थी तथा उसमें करीब 17 लोग सवार थे। सूचना अधिकारी के मुताबिक यह बस भीमफेदी ग्रामीण नगरपालिका में भीमफेदी-कुलेखानी-काठमांडू सड़क पर पहाड़ से लगभग 300 मीटर नीचे जा गिरी।

शैक्षणिक योग्यता पर सवाल, उपराष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा

जकार्ता। इंडोनेशिया के उपराष्ट्रपति जिब्रान राकाबुमिंग राका ने अदालतों के फैसलों में अपनी शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाए जाने और पद पर बने रहने की पात्रता को लेकर विवाद गहराने के बीच बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया। पूर्व राष्ट्रपति जोको विडोडो के पुत्र जिब्रान (39) ने राजधानी जकार्ता स्थित संसद भवन में देश के सर्वोच्च विधायी निकाय 'पीपुल्स कंसल्टेटिव असेंबली' के नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंपा।



दीपावली मिलन समारोह में मीडिया से बोले प्रधानमंत्री मोदी

भारत की सफलता की प्रेरक कहानियां दुनिया तक पहुंचाएं

इस समारोह में हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भी शिरकत की

» पीएम ने कहा कि कोई फिल्म भी दुनिया में किसी देश की छवि बदल सकती है। इसलिए भारतीय कंटेंट में देश की उपलब्धियों, गौरव और सकारात्मक पक्ष को जगह मिलनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज के दौर में किसी देश की पहचान सिर्फ उसकी आर्थिक ताकत या विकास से नहीं, बल्कि दुनिया के सामने उसकी कहानी किस तरह पेश की जाती है, इससे भी बनती है। भारत के पास युवाओं की प्रतिभा, नई उपलब्धियां और दुनिया को बताने के लिए कई सकारात्मक कहानियां हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मीडिया से अपील की कि वह अपनी संवाद की ताकत का इस्तेमाल दुनिया तक भारत की सफलता की कहानियां पहुंचाने में करे। उन्होंने नशे के खिलाफ देश की लड़ाई में भी मीडिया से सहयोग मांगा। पीएम मोदी ने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर आयोजित दीपावली मिलन समारोह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। यह आजादी की 100वीं वर्षगांठ का साल होगा। उन्होंने कहा कि मीडिया को भी इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए देश की क्षमता, उपलब्धियों और लोगों की सफलताओं को सामने लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई फिल्म भी दुनिया में किसी देश की छवि बदल सकती है। इस समारोह में हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भी शिरकत की।



नशे के खिलाफ लड़ाई में भी करें मदद

मंच पर पीएम मोदी के साथ राजनाथ, नवीन और शाह



रेल मंत्री वैष्णव के साथ डॉ. हिमांशु द्विवेदी

अब विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य असंभव नहीं

पीएम ने कहा कि जब किसी काम की समय-सीमा तय होती है तो प्राथमिकताएं, काम करने का तरीका और रफ्तार बदल जाती है। देश भी 2047 की समय-सीमा को ध्यान में रखकर काम कर रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत की मौजूदा उपलब्धियों को देखते हुए विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य असंभव नहीं है। प्रधानमंत्री ने मीडिया क्षेत्र में डेडलाइन का जिक्र करते हुए कहा कि यह बहुत जरूरी है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम बनाया हमने

उन्होंने भारत के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने 12 सालों में अपनी सोलर जनरेशन कैपेसिटी 50 गुना बढ़ाई है। भारत ने 12 सालों में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम तैयार किया है। पीएम मोदी ने इन उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा, जब हम इतना कुछ कर सकते हैं तो विकसित भारत का सपना भी पूरा कर सकते हैं।

एनडीए सरकार गरीबी दूर करने में सफल रही

कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि एनडीए सरकार देश से गरीबी दूर करने में सफल रही है। उन्होंने बताया कि 50 करोड़ लोगों को उनकी सरकार ने गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है। उन्होंने कहा, पहले गरीबी हटाओ के नारे लगते थे लेकिन असल में गरीबी को इस सरकार ने दूर किया है। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक पिछले 12 सालों में 50 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है। उन्होंने कहा कि आज देश हाई स्पीड रेल नेटवर्क मांगता है, पहले चार लेन की सड़क भी बड़ी उपलब्धि थी।

चंद्रशेखर, ओवैसी ने बनाया तीसरा मोर्चा, सभी 403 सीटों पर लड़ेंगे यूपी चुनाव

अगले साल होने हैं चुनाव, 40 फीसदी दलित-मुस्लिम वोटों पर है नजर



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी विधानसभा चुनाव 2027 से पहले प्रदेश की सियासत में नए गठबंधन का ऐलान हो गया है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने हाथ मिलाकर सामाजिक परिवर्तन मोर्चा (एसपीएम) बनाने की घोषणा की और ऐलान किया कि एसपीएम सभी 403 सीटों पर चुनाव लडेग़ा। इस गठबंधन के ऐलान के साथ ही यूपी की चुनावी राजनीति में नए समीकरण बनने की संभावना बढ़ गई है। दोनों नेताओं ने इसे भाजपा के खिलाफ मजबूत विकल्प बताया है। आजाद ने कहा कि उनका मकसद देश में सामाजिक बदलाव लाना है और वे भविष्य की राजनीति करेंगे। ओवैसी ने चंद्रशेखर आजाद को उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को रोकने के लिए सामाजिक परिवर्तन मोर्चा मजबूत विकल्प बनेगा। अब तक उनके समाज के लोगों को केवल वोटर के रूप में इस्तेमाल किया गया है। उनकी कोशिश इस मोर्चे को मजबूत बनाने की होगी।

8 विधायकों का पत्ता साफ

पंजाब चुनाव, आप की दूसरी लिस्ट आई



चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 31 सीटों पर कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया गया है। पार्टी ने नए चेहरों के साथ पुराने कार्यकर्ताओं को भी मौका दिया है। वहीं, 8 मौजूदा विधायकों की जगह दूसरे उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है। इस लिस्ट में दो मौजूदा सांसदों को भी विधानसभा चुनाव में उतारा गया है। इनमें संगरूर से सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर का नाम शामिल है। उन्हें बरनाला सीट से टिकट दिया गया है। आप ने इस लिस्ट में उन सीटों पर भी उम्मीदवार उतारे हैं, जहां पार्टी को 2022 के विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी के मुताबिक, दूसरी लिस्ट में ऐसी 21 सीटें शामिल हैं। इसके अलावा 8 मौजूदा विधायकों की जगह नए चेहरों को टिकट दिया गया है।

पासदारान-ए-हुर्रियत कश्मीर ने ली कुलगाम में सीआरपीएफ जवानों पर हमले की जिम्मेदारी

बुधवार को दिनदहाड़े सीआरपीएफ नाके पर हुआ था आतंकी हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ जवानों पर हमले की जिम्मेदारी पासदारान-ए-हुर्रियत कश्मीर ने ली है। इस संगठन की ओर से जारी कथित आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस संगठन ने आने वाले दिनों में और हमले करने की दी धमकी दी है। बता दें कि इस बयान में उसने कुलगाम में सीआरपीएफ जवानों पर हुए हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया है कि उसने भारतीय सुरक्षाबलों को निशाना बनाया है। संगठन ने अपने बयान में जम्मू-कश्मीर में शांति की स्थिति को लेकर आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया है। उसने दावा किया कि आने वाले दिनों में हिंदुत्ववादी सरकार और आरएसएस को निशाना बनाकर बड़े हमले किए जाएंगे।



लश्कर का शैडो संगठन है पासदारान!

पासदारान-ए-हुर्रियत कश्मीर लश्कर का प्रॉक्सी संगठन माना जाता है। यह जम्मू-कश्मीर में एक्टिव एक आतंकी संगठन है, जो कुलगाम जिले में हुए आतंकी हमले के बाद चर्चा में है। सुरक्षा एजेंसियों को संदेह है कि इस हमले के पीछे लश्कर का सदस्य,अब्दुल लतीफ जिम्मेदार है। दरअसल आतंकी संगठन अपने नाम बदलते रहते हैं। यह पाकिस्तान सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है, ताकि पाकिस्तान आतंकवाद में अपनी भूमिका से इनकार कर सके।

नार्वे की पत्रकार हेले लिंग का वीजा रद्द

पीएम मोदी से सवाल पूछने के बाद आई थीं चर्चा में



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री से सवाल पूछने के बाद के चर्चा में आई नार्वे की पत्रकार हेले लिंग ने दावा किया है कि भारत आने से पहले उनका वीजा रद्द कर दिया गया है। वह कांग्रेस द्वारा 13-14 नवंबर को हैदराबाद में आयोजित होने वाले 'भारत समिट' में हिस्सा लेने के लिए भारत आने वाली थीं। हेले लिंग ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'मैं आज दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत जाने वाली थी। लेकिन एयरपोर्ट निकलने के 10 मिनट पहले नॉर्वे में स्थित भारतीय दूतावास ने मुझे कॉल किया और उन्होंने कहा कि आज आप भारत नहीं जा पाएंगी।' मैं समझ नहीं पा रही हूं कि ऐसा क्यों हुआ, लेकिन मुझे लगता है कि यह राजनीति से प्रेरित है।

सोलापुर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

टेक ऑफ के दौरान रनवे से फिसला ट्रेनिंग विमान



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के सोलापुर एयरपोर्ट पर गुरुवार को बड़ा हादसा टल गया, जब टेक-ऑफ के दौरान एक ट्रेनिंग विमान रनवे से फिसल गया। यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट विमान को टेक-ऑफ कराने की कोशिश कर रहा था, जिससे विमान रनवे से बाहर हो गया। इस घटना में पायलट को कोई चोट नहीं आई है। विमान में कितने लोग सवार थे, अभी यह पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों में विमान आगे की ओर झुका हुआ दिखाई दे रहा है, जिसका अगला हिस्सा जमीन को छू रहा है। सोलापुर हवाई अड्डे के अधिकारियों ने अब तक इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट उड़ान भरने की कोशिश कर रही थी। इस दौरान, ट्रेनिंग विमान रनवे से भटक गया और रनवे की सतह से फिसल गया। उड़ान भरते समय विमान का नियंत्रण कैसे खो गया, इसके सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

सरकार को भरोसा, 15 से 18 वोटों के अंतर से होगा पारित

परिसीमन बिल पर फिर दांव, 'विशेष सत्र' का प्लान!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सरकार संसद का एक 'विशेष सत्र' बुलाने की योजना बना रही है, ताकि महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े परिसीमन संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराया जा सके। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए भरोसा जताया कि यह विधेयक 15 से 18 वोटों के अंतर से पारित हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि सरकार को भरोसा है कि उसके पास जरूरी संख्या बल है, लेकिन उन्होंने प्रस्तावित सत्र की तारीखों या इसकी अवधि के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है, जिसके लिए सरकार को 361 वोटों की आवश्यकता है। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में अभी तीन सीटें खाली हैं। इस प्रस्तावित संशोधन के तहत परिसीमन के माध्यम से लोकसभा की मौजूदा सदस्य संख्या 543 को बढ़ाकर अधिकतम 850 करने की योजना है। इससे संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का रास्ता साफ हो जाएगा। इससे पहले इसी तरह का संविधान संशोधन विधेयक 17 अप्रैल को बजट सत्र की एक विशेष बैठक के दौरान लोकसभा में जरूरी संख्या बल न जुटा पाने के कारण पारित नहीं हो सका था। संसद को कम समय के नोटिस पर बुलाने की संभावना अभी भी बनी हुई है, क्योंकि मानसून सत्र के लिए दोनों सदनों की बैठक 13 अगस्त को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी, लेकिन सत्रावसान अभी तक नहीं किया गया है। कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित किए जाने के 91 दिन बाद भी सत्रावसान नहीं किया गया है और इसने 2008 में 87 दिनों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। किसी चालू सत्र के दौरान ही बैठक को आगे बढ़ाने के लिए कम से कम दो दिन का नोटिस देना जरूरी है।



विशेष सत्र बुलाना आसान

संसद को कम समय के नोटिस पर बुलाने की संभावना अभी भी बनी हुई है, क्योंकि अभी तक औपचारिक रूप से सत्रावसान नहीं किया गया है। मानसून सत्र को 13 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। यह सत्र अब 91 दिनों से सत्रावसान के बिना चल रहा है। जिसने 2008 के 87 दिनों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। मौजूदा सत्र के भीतर ही किसी बैठक को बढ़ाने के लिए कम से कम दो दिन का नोटिस चाहिए होता है, जबकि एक नया सत्र बुलाने के लिए कम से कम 14 दिन का नोटिस देना पड़ता है।

मोदी मंत्रिपरिषद की बैठक 18 को

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 नवंबर को अपने पूरे मंत्रिपरिषद के साथ बैठक कर सकते हैं। इस दौरान उनसे शासन, सुधारों और कल्याण एवं विकास योजनाओं के संबंध में महिलाओं और युवाओं तक पहुंच बनाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा करने की उम्मीद है। यह बैठक उस जारी प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मंत्रियों को सरकार के सामने आने वाले मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करना है।

इधर, कांग्रेस बोली

शाह का 'बुलडोजर' सफल नहीं होगा

कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि परिसीमन विधेयक को संसद में 15 से 18 मतों के अंतर से पारित कराने का उनका दावा महज 'हवा-हवाई' है और वह 'डींग हांकने' के माहिर हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि शाह ने पहले भी परिसीमन विधेयक पारित कराने की कोशिश की थी, लेकिन लोकसभा में उन्हें करारी शिकस्त मिली।

हिमाचल में पर्यटक की मौत

पैराग्लाइडिंग के दौरान टूटा सेफ्टी हुक, लॉक



शिमला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग स्थल बीड़-बिलिंग में एक दर्दनाक हादसा हुआ. टेंडम पैराग्लाइडिंग के दौरान हवा में पैराग्लाइडर से नीचे गिरने के कारण 26 वर्षीय पर्यटक शुभम डोभियाल की मौत हो गई। वह उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा का रहने वाला था। हादसा 10 नवंबर 2026 को हुआ। शुरुआती जांच में पैराग्लाइडिंग पायलट की कथित लापरवाही सामने आई है। बताया जा रहा है कि उड़ान भरने के करीब छह मिनट बाद पैराग्लाइडर का सेफ्टी हुक और लॉक टूट गया। इसके बाद पर्यटक हवा से नीचे गिरकर लैंडिंग साइट के पास घने जंगल में जा गिरा. पायलट सुरक्षित लैंडिंग करने में सफल रहा।

रायपुर
शुक्रवार 13 नवंबर 2026
कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 25, अंक : 113
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 29.8
न्यून. 17.3

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

इधर



वैनगंगा एक्सप्रेस में बम की अफवाह, घंटेभर जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के कोरबा से यशवंतपुर जा रही वैनगंगा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के इंजन में बम होने की सूचना से गुरुवार दोपहर रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। गाड़ी संख्या 12252 के लोको पायलट आर. रविदास को एक व्यक्ति ने दोपहर 2.35 बजे लोको में बम होने की जानकारी दी। मिली जानकारी के मुताबिक बम की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल, स्थानीय पुलिस और बम निरोधक एवं जांच दस्ते की टीम सक्रिय हो गई। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोककर इंजन की सघन जांच की गई। हालांकि जांच के दौरान किसी प्रकार का बम, विस्फोटक सामग्री या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद ट्रेन को शाम 3.57 बजे सुरक्षित रवाना कर दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल से मिली जानकारी के अनुसार बम होने की सूचना देने ⏭शेष पेज 7 पर

सरकार ने इसे माना असंतोषजनक, कई अफसर पंजीकृत होने के बाद भी निष्क्रिय

छग के अफसर-कर्मी नहीं बने कर्मयोगी... 3 लाख ने नहीं ली ट्रेनिंग, शासन ने कहा-असंतोषजनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ सरकार अपने सवा चार लाख से अधिक अफसर कर्मियों को कामकाज के आधुनिक तरीकों के साथ दक्ष और कुशल बनाना चाहती है, इस काम के लिए आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से अनिवार्य प्रशिक्षण दिलाने की पहल की गई। खास बात ये है कि राज्य के मुख्य सचिव ने इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए, लेकिन तीन लाख के करीब अफसर कर्मियों ⏭शेष पेज 7 पर

अब 30 तक का समय

सामान्य प्रशासन विभाग ने इस कम प्रगति को अत्यंत न्यून और असंतोषजनक बताया है। पत्र के अनुसार, प्रशिक्षण पूरा नहीं होने के साथ विभागों के कई कार्मिक पोर्टल पर निष्क्रिय भी हैं। इससे राज्य की कुल रैंकिंग प्रभावित होने की आशंका जताई गई है। सरकार ने प्रशासनिक दक्षता, कार्य-संस्कृति में ⏭शेष पेज 7 पर



सभी एचओडी और कार्यालय प्रमुखों को ये निर्देश

विभागाध्यक्षों और कार्यालय प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से पाठ्यक्रम पूरा कराने तथा निष्क्रिय उपयोगकर्ताओं को तीन कार्यदिवस के भीतर लॉगिन कर सक्रिय कराने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशिक्षण की पूर्णता की स्थिति की समीक्षा कर प्रगति/पूर्णता की जानकारी 3 दिसंबर तक सामान्य प्रशासन विभाग को ई-मेल से भेजनी होगी। पत्र में यह भी निर्देश है कि ऑनलाइन प्रशिक्षण में तकनीकी कठिनाई आने पर संबंधित नोडल अधिकारी या तकनीकी सहायक से निराकरण कराया जाए और निर्देशों का सर्वोच्च प्राथमिकता से कड़ाईपूर्वक पालन सुनिश्चित किया जाए।

सब्जी, अनाज और खाने-पीने की चीजों ने बढ़ाई चिंता

महंगाई का झटका, 6.09 फीसदी पर पहुंची दर, पार हुई आरबीआई की 'लक्ष्मण रेखा'

आम आदमी को महंगाई का बड़ा झटका लगा है। दरअसल, देश की खुदरा महंगाई दर अक्टूबर के महीने में बढ़कर 6.09 फीसदी पर पहुंच गई है। यह भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से तय 6 फीसदी की ऊपरी सीमा से भी ज्यादा है। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह लगातार 12वां महीना है, जब खुदरा महंगाई दर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

दो साल में पहली बार आरबीआई के स्तर से ऊपर खुदरा महंगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



खाद्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 6.09 प्रतिशत पर पहुंच गई। दो साल में पहली बार यह भारतीय रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर गई है। इसके साथ ही दिसंबर में नीतिगत ब्याज दर में एक और बढ़ोतरी की आशंका बढ़ गई है। दूध, चीनी और प्याज जैसी वस्तुओं की कीमतों से इस पर दबाव बने रहने की आशंका है। कमजोर मानसून और जलाशयों में पानी का पर्याप्त भंडार नहीं होने से रबी फसल के उत्पादन को लेकर भी चिंता बढ़ी है। उन्होंने कहा, अगले कुछ महीनों तक महंगाई आरबीआई की छह प्रतिशत की ऊपरी सीमा से ऊपर ⏭शेष पेज 7 पर



टॉप 5 राज्यों का हाल
- तमिलनाडु-7.29 फीसदी
- तेलंगाना-7.26 फीसदी
- आंध्र प्रदेश-7.25 फीसदी
- मध्य प्रदेश-7.19 फीसदी
- ओडिशा-7.17 फीसदी

इनके दाम बढ़े
- प्याज -116.22 फीसदी
- लहसुन-60.74 फीसदी
- सिल्वर ज्वेलरी-52.39 फीसदी
- अदरक-48.32 फीसदी
- नींबू-47.30 फीसदी

इन चीजों के दाम घटे
- आलू -14.24 फीसदी
- फूलगोभी -10.57 फीसदी
- नारियल -5.60 फीसदी
- बैंगन -3.34 फीसदी
- पत्तागोभी -1.92 फीसदी

महंगाई पर आरबीआई की टॉलरेंस लिमिट टूटी

बता दें कि सरकार ने आरबीआई को खुदरा महंगाई दर को 4 फीसदी पर काबू रखने का काम सौंपा है। हालांकि, इसमें 2 फीसदी की घट-बढ़ की छूट होती है। इसका सीधा मतलब यह है कि अगर महंगाई 2 फीसदी से लेकर 6 फीसदी के दायरे में रहती है, तो चिंता की कोई बात नहीं होती।

लगातार 12वें महीने बढ़ी महंगाई

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई में लगातार 12वें महीने बढ़ोतरी दर्ज की गई है। महंगाई के आंकड़े ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अलग-अलग रहे। महंगाई का असर देश के ग्रामीण इलाकों में ज्यादा देखा जा रहा है। अक्टूबर में ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 6.63 फीसदी रही, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 5.41 फीसदी दर्ज की गई।

खाने-पीने की चीजें हुईं महंगी

अक्टूबर में फूड इन्फ्लेशन दर में भी तेजी आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, फूड इन्फ्लेशन बढ़कर 8.94 फीसदी पर पहुंच गई, जबकि सितंबर में यह 7.74 फीसदी थी यानी एक महीने में खाद्य महंगाई में 1.20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

सीएम साय ने कहा-

जनजातीय विपक्ष के लिए वोट बैंक, हमारे लिए भारत की आत्मा

- धरमजयगढ़ में बड़ा कार्यक्रम, नितिन नवीन आएंगे, पूरा मंत्रिमंडल, विधायक, सांसद सभी रहेंगे कार्यक्रम में



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया, जन जाति गौरव दिवस पर प्रदेश में सबसे बड़ा कार्यक्रम धरमजयगढ़ में किया जा रहा है। इसकी तैयारी चल रही है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, सभी विधायक और सांसद भी शामिल होंगे। इसके बाद 16 से 18 नवंबर तक प्रदेश के जिलों, विधानसभाओं और मंडलों में लगातार अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम श्री साय ने कहा, भाजपा के लिए जनजातीय समाज वोट बैंक नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र से यह समाज विकसित भारत का मजबूत आधार बन रहा है। श्री साय ने कहा, भगवान बिरसा ⏭शेष पेज 7 पर

कार्यक्रमों की रूपरेखा

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर देश के 239 जनजातीय जिलों और 568 अजजा विधानसभा क्षेत्रों (कुल 807 स्थानों) तक कार्यक्रम पहुंचाने का लक्ष्य है। पार्टी के कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए श्री साय ने कहा, 14 नवंबर को स्मारकों व मूर्तियों की सफाई एवं दीपोत्सव तथा 15 नवंबर को जिला स्तर पर प्रतिमा व हर मण्डल में चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। 16, 17 और 18 नवंबर को विधानसभा क्षेत्रों में 'युवा संवाद' और 'जनजातीय छात्रावास संपर्क अभियान' चलेगा, जिसमें कार्यकर्ता छात्रावासों में जाकर विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। पूरे सप्ताह स्वाभिमान सम्मेलन, शोभायात्रा, प्रदर्शनी, खेलकूद, मेले तथा पद्म सम्मानितों, 'मन की बात' के नायकों, संतों व शहीदों के परिजनों का अभिनंदन होगा। सरकार के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए श्री साय ने कहा कि भारत सरकार का जनजातीय कार्य मंत्रालय 1 से 15 नवंबर तक 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' मना रहा है।

विपक्ष के लिए जनजाति समाज वोट बैंक

मुख्यमंत्री श्री साय ने विपक्ष पर दशकों तक जनजातीय समाज को केवल वोट बैंक समझने का आरोप लगाते हुए कहा, विपक्ष 2024 में संविधान बदलेंगे और आरक्षण खत्म होगा का झूठ फैलाया, जबकि आरक्षण पूरी तरह सुरक्षित है और जम्मू-कश्मीर में पहली बार लागू हुआ। समान नागरिक संहिता से परम्पराएं खत्म होने का डर फैलाया, जबकि उत्तराखण्ड सहित कई राज्यों की अनुसूचित जनजातियों को इससे बाहर रखा गया है। श्री साय ने कहा, संथाल परगना सहित कई क्षेत्रों में घुसपैठ से जनजातीय जमीन और जनसंख्या संतुलन खतरे में है, पर विपक्ष वोट बैंक के कारण चुप है। प्रलोभन और भ्रम से जनजातीय आस्था व पहचान तोड़ने के प्रयासों पर विपक्ष ने आंखें मूंदे रखीं। विपक्ष के शासन में नक्सलवाद पनपा जिससे स्कूल, सड़क व अस्पताल नहीं बन सके; जबकि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 को जनजातीय जिलों को पूर्ण रूप से नक्सल मुक्त बनाया गया है।

खबर संक्षेप

पश्चिम सिक्किम में 4.9 तीव्रता का भूकंप



गंगटोक। सिक्किम-नेपाल क्षेत्र में बृहस्पतिवार तड़के 4.9 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके असर से पश्चिम सिक्किम और राज्य की राजधानी गंगटोक सहित इसके कुछ हिस्सों में हल्के झटके महसूस किए गए। अंतिम सूचना तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

झांसे में आकर एनआरआई ने 2.11 करोड़ गंवाए

कोच्चि। केरलम के कुन्नाथुनाडु के रहने वाले एनआरआई को फर्जी ऑनलाइन विदेशी मुद्रा कारोबार मंच के जरिये निवेश का लालच देकर कथित तौर पर दो करोड़ 11 लाख रुपए से अधिक की ठगी की गई। पुलिस ने बुधवार को एनआरआई के एक मित्र की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया।

16 को बदरीनाथ के साथ संपन्न होगी चार धाम यात्रा

नई दिल्ली। उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने के बाद अब बदरीनाथ की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भगवान बदरी विशाल के कपाट 16 नवंबर को रात 9 बजकर 37 मिनट पर बंद किए जाएंगे।

107 निलंबित, 1007 पर ब्रेक इन सर्विस की कार्रवाई पटवारियों पर शिकंजा

3931 पटवारियों को नोटिस 95 का तबादला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल को लेकर राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। हड़ताल पर गए पटवारियों के खिलाफ प्रदेशभर में प्रशासनिक कार्रवाई तेज कर दी गई है। अब तक 107 पटवारियों को निलंबित किया जा चुका है, जबकि 1007 पटवारियों पर ब्रेक इन सर्विस की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 3931 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। सरकार की कार्रवाई में अब तक 95 पटवारियों का स्थानांतरण किया गया है, जबकि 31 पटवारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश जारी हुए हैं। इस तरह निलंबन, ब्रेक इन सर्विस, नोटिस, विभागीय जांच और ट्रांसफर को मिलाकर सरकार ने हड़ताल में शामिल पटवारियों पर कई स्तरों पर कार्रवाई की है। धान खरीदी शुरू होने से पहले पटवारियों की हड़ताल को लेकर प्रदेश के कई जिलों में प्रशासनिक स्तर पर सख्ती बरती जा रही है।

बस्तर में सबसे ज्यादा निलंबन

जिलेवार कार्रवाई में बस्तर जिला सबसे आगे है, जहां 17 पटवारियों को निलंबित किया गया है। वहीं सूरजपुर और बलरामपुर में 14-14 पटवारियों पर निलंबन की कार्रवाई हुई है। रायपुर में 7, खैरागढ़ में 5 निलंबित किए गए। अन्य जिलों में भी हड़ताल में शामिल पटवारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। रायपुर में 229 पटवारियों को कार्य पर उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

राजस्व सेवाओं पर पड़ रहा असर

पटवारियों की हड़ताल से प्रदेश में राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित हो रहा है। नामांतरण, सीमांकन, भूमि संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन और अन्य राजस्व सेवाओं के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर सरकार कार्रवाई के जरिए हड़ताल खत्म कराने की कोशिश में जुटी है, वहीं दूसरी ओर पटवारियों की मांगों को लेकर गतिरोध बना हुआ है।

कबरा कान हाथी का कहर

24 घंटे में दो महिलाओं को कुचलकर मारा, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर/रामानुजनगर

कबरा कान हाथी का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 24 घंटे के भीतर हाथी ने दो महिलाओं को कुचलकर मार डाला, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बुधवार देर रात रामानुजनगर वन परिक्षेत्र के उमेश्वरपुर सर्किल अंतर्गत श्यामपुर में हाथी ने 45 वर्षीय महिला को कुचल दिया। इसके बाद गुरुवार को सरगुजा वन मंडल के उदयपुर क्षेत्र पहुंचा हाथी देर शाम झिरमिटी बस्ती में घुस गया, जहां 80 वर्षीय वृद्धा को कुचलकर मार डाला। ⏭शेष पेज 7 पर



श्यामपुर में महिला को कुचला

कबरा कान नामक लोनर हाथी पिछले कुछ महीनों से सूरजपुर और बलरामपुर जिले में आतंक का पर्याय बना हुआ है। हाल ही में उसने दीपावली की रात सूरजपुर जिले के भटगांव और प्रतापपुर क्षेत्र में दो लोगों को मार डाला था। इसके अगले दिन प्रेमनगर के कंदरई क्षेत्र में एक ग्रामीण की जान ले ली थी।

दिनभर बंद रहे स्कूल लोगों में दहशत

हाथी की मौजूदगी को देखते हुए उदयपुर क्षेत्र के जरहाडीह, झिरमिटी, जजगी, उदयपुर, डूमरडीह, बेलढाब, मिरगाडांड और खोड़री के स्कूल बंद रखे गए। हाथी दिनभर क्षेत्र में विचरण करता रहा और देर शाम जजगी होते हुए करमकठरा जंगल पहुंच गया। वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

लखनऊ में पूछताछ करेगी केंद्रीय एजेंसी

आजम पर कसता जा रहा शिकंजा ईडी को मिली चार दिन की रिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां को ईडी की विशेष अदालत ने चार दिन की रिमांड पर भेज दिया है। अदालत ने 16 नवंबर को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। गुरुवार को ईडी ने आजम खां से पूछताछ के लिए अदालत में अर्जी लगाकर पांच दिन की रिमांड मांगी थी। पीठासीन अधिकारी अवनीश कुमार के अवकाश पर होने से संबंद्ध कोर्ट में सुनवाई हुई।



डासना जेल में बंद हैं आजम

हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद 31 अक्तूबर को रामपुर जेल से रिहा होते ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आजम खान को गिरफ्तार कर लिया था।

हनीट्रैप विवाद: जेनसेन हुआंग ने दिया इस्तीफा, क्रेस को कमान

अपनी ही कंपनी से निकाले गए एनवीडिया के सीईओ

एजेंसी ⏭ हांगकांग

एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनसेन हुआंग ने गुरुवार को उनके विवाहेतर संबंध के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा होने के बाद इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने कोलेट क्रेस को अंतरिम सीईओ नियुक्त किया है। वह वर्तमान में कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य वित्तीय अधिकारी हैं। कथित चीनी जासूस के साथ प्रेम प्रसंग के बाद, हुआंग पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ गया था। बुधवार देर रात, मीडिया में आई खबरों में बताया गया कि हुआंग का एक और विवाहेतर संबंध था, जो एनवीडिया की एक ऐसी कर्मचारी के साथ था, जो उनके ⏭शेष पेज 7 पर

क्या है एनवीडिया

एनवीडिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को चलाने वाली चिप्स बनाने में सबसे आगे है। सीईओ जेनसेन हुआंग ने वाशिंगटन से गुहार लगाई है कि चीन को एनवीडिया चिप्स बेचने पर लगी पाबंदियों में ढील दी जाए। जनवरी में, उन्हें चीन को अपनी एच200 चिप्स बेचने के लिए ट्रंप की मंजूरी मिल गई थी। मेगास्पीड ने कहा कि उसने अमेरिकी वाणिज्य विभाग के 'ब्यूरो ऑफ इंडस्ट्री एंड सिक्योरिटी' (बीआईएस) के साथ सहयोग किया है। यह ब्यूरो तकनीक के निर्यात पर राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी प्रतिबंधों को लागू करने का काम देखता है।



एफबीआई कर रही जांच

रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि एफबीआई इस मामले की जांच कर रही है। पिछले साल मेगास्पीड पर आरोप लगे थे कि वह चीन में एनवीडिया की उन्नत कंप्यूटर चिप्स की अवैध रूप से आपूर्ति कर रही है, लेकिन दिसंबर में कंपनी ने कहा कि ऐसे निर्यात का कोई सबूत नहीं है।

एनवीडिया के शेयर 10% तक गिरे, फिर 5% पर संभले

दुनिया के शेयर बाजारों में गुरुवार को हलचल मच गई, जब एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेन्सन हुआंग ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद एनवीडिया के शेयरों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार खुलते ही कंपनी के शेयर करीब 13 फीसदी तक गिर गए। हालांकि, बाद में इनमें कुछ सुधार हुआ। खबर लिखे जाने तक शेयर 4 से 5 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने एशियन पैरा गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को निवास कार्यालय में एशियन पैरा गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन कर देश और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाले प्रदेश के दो प्रतिभाशाली पैरा खिलाड़ियों तोमन कुमार और अभिजीत सखूजा को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए पैरा तीरंदाजी में स्वर्ण पदक विजेता तोमन को 51 लाख और पैरा बैडमिंटन में कांस्य पदक विजेता अभिजीत को 31 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को शाल एवं बस्तर कला का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव उपस्थित थे।

स्वर्ण पदक विजेता तोमन को 51 लाख और कांस्य जीतने वाले अभिजीत को देंगे 31 लाख

खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पैरा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों को भविष्य की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों को आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग की योजनाओं के अंतर्गत 3 लाख रुपए तक की टीए-डीए सहायता भी प्रदान की जाती है।



प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन : साव

उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने का नया वातावरण बना है। प्रधानमंत्री के प्रेरक संदेश 'जितना खेलेंगे, उतना ही खिलेंगे' की भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार भी खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जीवन में चुनौतियां कितनी भी बड़ी क्यों न हों, यदि मन में दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो सफलता का कोई भी शिखर असंभव नहीं है। दोनों ने अपने साहस, कठिन परिश्रम और असाधारण खेल प्रतिभा से इसे सिद्ध कर दिखाया है। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियां केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संघर्ष से सफलता तक की ऐसी प्रेरक गाथाएं हैं, जो प्रदेश के हजारों युवाओं को अपने सपनों को साकार करने का हौसला देंगी। उन्होंने तोमन कुमार के साहस को नमन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले इस वीर जवान ने खेल के मैदान में भी अपनी अदम्य इच्छाशक्ति का परिचय दिया है। नक्सलियों के विस्फोट ने उनका एक पैर जरूर छीन लिया, लेकिन देश के लिए कुछ कर दिखाने का उनका जज्बा नहीं छीन सका।

खबर संक्षेप

एसिड अटैक पीड़िता को दो लाख की अंतरिम सहायता



बालोद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एसिड अटैक पीड़ितों को विधिक सहायता, क्षतिपूर्ति एवं पुनर्वास संबंधी सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से नालसा लीगल सर्विस टू विक्टिम ऑफ एसिड अटैक 2016 संचालित की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य एसिड अटैक जैसी गंभीर घटनाओं से प्रभावित पीड़ितों को न्याय दिलाने के साथ–साथ उनके उपचार, पुनर्वास एवं सम्मानजनक जीवन की पुनर्स्थापना में आवश्यक सहयोग प्रदान करना है। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में पीड़ितों को न्याय के साथ आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्रदान करने तथा उनके पुनर्वास की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद द्वारा एसिड अटैक की पीड़िता को पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत अंतरिम की न्यूनतम राशि दो लाख रुपये प्रदान की गई, साथ ही उनकी आगे हरसंभव सहायता की जाएगी।

डॉयल 112 वाहन के कर्मियों से जुआरियों ने की मारपीट

महासमुंद। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम के साथ जुआ खेल रहे लोगों के द्वारा मारपीट व शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में तुमगांव थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। तुमगांव पुलिस ने बताया कि 09 नवंबर को रात 9.17 बजे डीसीसी महासमुंद को इवेंट आईडी 985870 पर कॉलर संतोषी मोहन निवासी गुरु घासीदास वार्ड, तुमगांव द्वारा सूचना दी गई कि उसके देवर द्वारा लड़ाई-झगड़ा एवं गाली-गलौज किया जा रहा है। इस सूचना पर तुमगांव लायन-1 वाहन क्र सीजी 03ए 1305 को 9.19 बजे रवाना किया गया। वाहन में आरक्षक लकेसर रत्नाकर एवं चालक जनक यादव, तैनात थे। घटनास्थल की ओर जाते समय करीबन 9.35 बजे रास्ते में बाजार चौक, तुमगांव में लगभग 15 से 20 लोग जुआ खेल रहे थे। डायल-112 वाहन की सायरन की आवाज सुनकर उनमे से कुछ लोग वहां से भाग गए, जबकि 8 से 10 लोग सामने आकर गाड़ी को रोक दिए और कहने लगे कि यहां जुआ खेलते है, यहां पर क्यूं आये हो। इसी दौरान आरोपियों में से एक संतराम यादव द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए डायल 112 की चाबी को जबरन निकाल लिया गया और आरक्षक लकेसर रत्नाकर और चालक जनक यादव के साथ संतराम यादव, भोजराम यादव व उनके 8-10 साथियों द्वारा गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की गई।

तालाब में डूबने से युवक की मौत

कांकेर। छोटेबेठिया थानांतर्गत आवासपारा छोटेबेठिया निवासी 35 वर्षीय डोगेराम नरोटी पिता जुझाराम का शव उसके घर के पास स्थित नंदू मंडर के तालाब में मिला। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करते हुए शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। पुलिस इसके तालाब में डूबने का कारण पतासाजी करने में जुटी हुई है।

टाइगर रिजर्व के लालमट्टा जंगल में मिला हाथी शावक का सड़ा गला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चार दिन पूर्व फिसलने से मौत होने की संभावना

गुरू घासीदास टाइगर रिजर्व के रिहन्द परिक्षेत्र अंतर्गत लालमट्टा जंगल में हाथी शावक का सड़ा-गला शव मिलने से अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। सूचना पर अपराह्न 2 बजे एसडीओ मनोज साहू एवं प्रभारी रेंजर श्याम प्रताप सिंह घटनास्थल पर पहुंचे तथा पीएम के लिए पशु चिकित्सकों को सूचना दी। सुबह 10 बजे जंगल की सर्चिंग पर निकले बीटगार्ड संतोष कुमार दुबे ने मोहरसाय-कछवारी मार्ग से 20 मीटर दूर पहाड़ी नाले के किनारे हाथी शावक का सड़ा-गला शव देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना प्रभारी रेंजर सहित अन्य अधिकारियों को दी तथा अकेले घटनास्थल पर मौजूद रहे। सूचना पर अपराह्न 2 बजे एसडीओ एवं प्रभारी रेंजर पहुंचे। शावक के पीएम के लिए अपराह्न 3 बजे तक चिकित्सकों के नहीं पहुंचने के कारण पीएम में विलम्ब हुआ। विभाग द्वारा शावक दफनाने के लिए पूर्व में ही जेसीबी की व्यवस्था कर ली गई थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि 12 सदस्यीय दल के साथ भ्रमण के दौरान शावक फिसलकर गंभीर रूप से घायल हो गया होगा तथा उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर चारो तरफ पेड़ों की डाली टूटी होने के कारण दल के हाथियों द्वारा घायल शावक को उठाने के लिए काफी संघर्ष करने का अनुमान लगाया जा रहा है। विभाग द्वारा शावक की मौत के कारणों को जानने डाग स्क्वायड का भी सहारा लिया गया है लेकिन कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं हो सका। ग्रामीणों के अनुसार शावक की मौत होने के बाद हाथियों का दल प्रायः हर रात घटनास्थल पर पहुंचकर लम्बे समय तक मौजूद रह रहा है ।



नहीं होती हाथियों की मॉनिटरिंग

क्षेत्र में पिछले एक महीने से हाथियों के दो दल भ्रमण कर रहे हैं। हाथी दिन में टाइगर रिजर्व के जंगल में चले जाते हैं तथा शाम ढलते ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंचकर धान सहित अन्य फसलों को नुकसान करते हैं। प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद न तो टाइगर रिजर्व के वनकर्मी हाथियों की गतिविधि की सूचना देते न ही सामान्य जंगल के वनकर्मी ही हाथियों की निगरानी करते हैं। दोनों रेंज के अधिकारी हाथियों के दूसरे क्षेत्र में भ्रमण करने की बात कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेते हैं। हाथियों के भ्रमण की सूचना नहीं मिलने के कारण हमेंशा जनहानि होने का भय बना रहता है। वहीं हाथियों से हुई क्षति के आंकलन के लिए भी ग्रामीणों को वनकर्मियों का चक्कर लगाना पड़ता है। टाइगर रिजर्व एवं सामान्य वन के वनकर्मियों की मनमानी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। हाथियों द्वारा लगातार फसलों को तबाह करने एवं वन अमले द्वारा मदद नहीं करने से आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा तबाही रोकने के उद्देश्य से हाथियों को जहर मिला खाद्य सामग्री देने से इंकार नहीं किया जा सकता।

करंट से हुई थी हथिनी की मौत 5 गिरफ्तार

अम्बिकापुर। वन परिक्षेत्र उदयपुर अंतर्गत लक्ष्मणगढ़ के सुखरी भंडार जंगल में मंगलवार को मृत मिली हथिनी की मौत करंट की चपेट में आने से हुई थी। पीएम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि होने के बाद वन अधिकारियों ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। वन परिक्षेत्र उदयपुर के लक्ष्मणगढ़ बीट अंतर्गत सुखरी भंडार जंगल में हथिनी की सड़ी-गली लाश मिली थी डीएफओ लोकनाथ पटेल सहित अन्य वन अधिकारियों की उपस्थिति में तीन सदस्यीय चिकित्सकों ने मृत हथिनी का पीएम किया था। डीएफओं श्री पटेल घटना स्थल के निकट विद्युत लाइन एवं विद्युत पोल मौजूद नहीं होने साथ ही घटनास्थल पर कोई संदेहास्पद सामग्री नहीं मिलने का हवाला देकर हथिनी की स्वाभाविक मौत होने की संभावना व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने हथिनी के शरीर पर करंट से झुलसने अथवा किसी अन्य तरह के चोट के निशान भी मौजूद नहीं होने का हवाला दिया था। हालाकि करंट के संपर्क में आने से अक्सर हाथियों का सूंड झुलस जाता है। हालाकि हरिभूमि ने घटना स्थल के पास विद्युत तार खींचने के लिए लकड़ी के खूंटे गड़े होने एवं हथिनी की मौत होने के बाद शिकारियों द्वारा विद्युत तार उतारने की संभावना जताई थी।

भुईयां आईडी से अवैधानिक रूप से रकबा परिवर्तन, चार पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में खसरा अभिलेखों में अवैधानिक रूप से रकबा परिवर्तन के मामलों में 4 पटवारियों पर निलंबन की गाज गिरी है। इनमें तहसील पामगढ़ के तीन और चांपा तहसील के एक पटवारी शामिल है। अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़ एवं अनुविभागीय अधिकारी चांपा द्वारा निलंबन का आदेश जारी किया गया है।

- एसडीएम पामगढ और चांपा ने जारी किया आदेश

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पामगढ़ द्वारा पटवारी महादेव देवांगन, पटवारी हलका 14 ग्राम मुड़पार (ब), पटवारी मोहन साहू, पटवारी हलका 27 ग्राम भुईगांव तथा पटवारी अमृतलाल रात्रे, पटवारी हलका 23 ग्राम राहौद को निलंबित किया गया है। संबंधित पटवारियों के खसरा नंबरों की लॉग रिपोर्ट के अवलोकन से सक्षम अधिकारी के आदेश बिना भुइयां आईडी से अवैधानिक रूप से रकबा परिवर्तित किया जाना पाया गया है, जो कि पटवारी के अधिकारिताविहीन कार्य को प्रदर्शित करता है। इस संबंध में जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब पटवारियों द्वारा आज पर्यंत प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसी प्रकार, अनुविभागीय अधिकारी (रा) चांपा द्वारा पटवारी केशव सिंह मरावी पटवारी हलका 16, ग्राम सरवानी, तहसील सारागांव को निलंबित किया गया है। उनके द्वारा ग्राम सरवानी के खसरा नंबर 450/1 एवं 450/2 के रकबे में परिवर्तन किए जाने के संबंध में तहसीलदार सारागांव द्वारा लॉग प्रविष्टियों के साथ प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। तहसीलदार सारागांव एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चांपा द्वारा भुइयां आईडी पर जांच करने पर उपर्युक्त खसरे के संबंध में किसी प्रकार का अनुमोदन नहीं पाया गया। इस संबंध में जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब को समाधानकारक नहीं पाया गया। उक्त चारों पटवारियों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

वित्तीय अनियमितता पर आत्मानंद स्कूल के प्रभारी प्राचार्य निलंबित

जांजगीर-चांपा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह के प्रभारी प्राचार्य एवं व्याख्याता को वित्तीय अनियमितता के मामले में लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने 11 नवंबर को निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित दो सदस्यीय जांच दल की रिपोर्ट में विद्यार्थियों से प्राप्त सहयोग राशि का एकल हस्ताक्षर से आहरण तथा शासकीय राशि के दुरुपयोग से संबंधित तथ्य सामने आए थे। जांच प्रतिवेदन संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर द्वारा 4 नवंबर को लोक शिक्षण संचालनालय को भेजा गया था। रिपोर्ट के परीक्षण के बाद विभाग ने निलंबन की कार्रवाई की। जारी आदेश में संबंधित कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

महिला चिकित्सक को वेतन नहीं मिलने का मामला

हाईकोर्ट में उपस्थित होकर बीएमओ ने मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डयूटी ज्वाइन करने के बावजूद वेतन नहीं मिलने के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। पहली सुनवाई में कोर्ट ने महिला चिकित्सक के कार्यभार ग्रहण करने की पुष्टि कर वेतन जारी करने का निर्देश दिया था। साथ ही आदेश का पालन नहीं होने पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव और बीएमओ को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की चेतावनी दी थी। दूसरी सुनवाई में बीएमओ चारामा डॉ. ओमप्रकाश शंखवार कोर्ट में उपस्थित हुए और गलत जानकारी दिए जाने के मामले में बिना शर्त माफी मांगी।



कोर्ट ने राज्य शासन का जवाब रिकार्ड पर लेते हुए याचिकाकर्ता को रिज्वाइंडर पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। याचिका की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 22 दिसंबर 2026 की तिथि तय कर दी है। महिला चिकित्सक डॉ. स्वाति देवांगन ने अपनी ही नौकरी और वेतन के अधिकारों के लिए कानूनी लड़ाई का रास्ता चुना। डॉ. देवांगन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर यह गंभीर मुद्दा उठाया था कि उन्होंने समय पर अपनी डयूटी ज्वाइन कर ली है। इसके बावजूद उन्हें उनका वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। 30 अक्टूबर 2026 को जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच में इस मामले की पहली सुनवाई हुई, तब राज्य शासन की ओर से चौंकाने वाला तर्क दिया गया। शासन के वकीलों ने बीएमओ से मिली शुरुआती जानकारी के आधार पर कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता ने अभी तक अपनी डयूटी ज्वाइन ही नहीं की है और इसी वजह से उनका वेतन रोका गया है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की गंभीरता को समझा बीएमओ को सख्त निर्देश दिए कि वे तत्काल ज्वाइनिंग का सत्यापन करें। कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया था कि कार्यभार ग्रहण करने की पुष्टि होने पर हर हाल में वेतन जारी किया जाए। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी थी कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो स्वास्थ्य विभाग के सचिव और संबंधित बीएमओ को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा। इस पर बीएमओ चरामा डॉ. ओमप्रकाश शंखवार स्वयं कोर्ट में उपस्थित हुए और उन्होंने कोर्ट के समक्ष स्वीकार किया कि 29 अक्टूबर को प्रशासनिक संवाद में हुई कुछ चूक के कारण सही और सटीक जानकारी शासन के वकीलों तक समय पर नहीं पहुंच पाई थी। अपनी इस भूल के लिए उन्होंने कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी।

रिट याचिका अधिकार वर्षों तक निष्क्रिय व अचानक नींद से जागने वालों के लिए नहीं

हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण और कड़ा फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि भले ही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत रिट याचिका दायर करने के लिए कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित न हो, लेकिन इसका यह अर्थ कतई नहीं है कि कोई नागरिक या उसका उत्तराधिकारी दशकों तक सोता रहे और अपनी सुविधानुसार जब चाहे तब अदालत का दरवाजा खटखटाए। कोर्ट ने तीन दशक पुराने मामले में बिना किसी ठोस और संतोषजनक स्पष्टीकरण के अत्यधिक देरी का हवाला देते हुए याचिका को शुरुआती दौर में ही खारिज कर दिया है। यह पूरा कानूनी विवाद राजेंद्र कुमार महंमद बनाम साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड व अन्य से जुड़ा हुआ है। याचिकाकर्ता ने खुद को स्व. रामलाल महंमद का बेटा बताते हुए हाईकोर्ट में यह रिट याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने बताया कि उनके पिता साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में कार्यरत थे ।

मातर देखने गए एक युवक की सड़क हादसे में मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



मातर कार्यक्रम देखने गए बाइक सवार युवक की भानपुरी मोड़ के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं साथी युवक घायल हो गया।



अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अंकित बघेल पिता भागवतदास उम्र 25 वर्ष ठाकुरपारा बालोद निवासी अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पोटियाडीह में किराए के मकान में रहकर पिकअप चलाने का काम करता था। बुधवार को अंकित अपने दोस्त दीपांशु की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एवी 8924 में मातर देखने ग्राम भानपुरी गया था। युवक के साथ कुछ साथी भी गए थे। रात्रि में अंकित साथी दीपांशु के साथ मोटरसाइकिल से कहीं जाने के लिए निकला। इसी दौरान ग्राम भानपुरी मोड़ के पास उसकी बाइक का एक्सीडेंट हो गया। घटना में बाइक सवार अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दीपांशु के कान के पास चोट आई है। घायलों को उपचार के लिए निजी एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान अंकित की मौत हो गई, वहीं घायल दीपांशु को वार्ड में भर्ती किया गया है। चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

मुंह में पटाखा फट जाने से गंभीर मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बच्चों को पटाखा देकर सावधानी नहीं बरता उस समय एक परिवार को भारी पड़ गया जब घर के आंगन में पटाखा फोड़ने के दौरान मासूम ने पॉप लहसुन पटाखा का मुंह में डाल चबा लिया। मुंह में पटाखा फट जाने से मासूम के होंठ और मुंह को जोड़ने वाली नस कट गया। लगातार खून निकलने से गंभीर हुए मासूम की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम बनेया नवापारा निवासी इंद्रजीत आ. रघुनाथ मांझी (26 वर्ष) का डेढ़ वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार मांझी दीपावली के दूसरे दिन घर के आंगन में खेल रहा था जबकि परिवार के अन्य बच्चे आंगन में पॉप लहसुन पटाखा फोड़ रहे थे। खेलने के दौरान ही आदित्य पॉप लहसुन पटाखा को मुंह में डालकर चबा लिया। मासूम के चबाते ही पटाखा उसके मुंह में फट गया जिससे होंठ और मुंह को जोड़ने वाला नस कट गया जिससे लगातार खून निकलने लगा। घटना को देख परिजन तत्काल मासूम को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। ईलाज के बाद मुंह से खून निकलना बंद हुआ तो परिजन मासूम को लेकर घर आ गए। रात में फिर से खून निकलने पर परिजन अस्पताल लेकर गए लेकिन मुंह से खून निकलना बंद नहीं हुआ तो 11 नवम्बर को शहर के मिशन अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बीती रात उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई।



बैगा बाहुल्य ग्राम पंचायत बेंदा में 70 से अधिक आवास अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

सरकार एक ओर गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर कबीरधाम जिले की बैगा बाहुल्य ग्राम पंचायत बेंदा में प्रधानमंत्री आवास योजना की जमीनी हकीकत सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर रही है। पंचायत क्षेत्र में 70 से अधिक आवास अधूरे पड़े हैं।

स्थिति यह है कि कई हितग्राहियों के नाम पर आवास स्वीकृत होने और निर्माण शुरू होने के बावजूद उनके परिवार आज भी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। कुछ मकान पांच साल से अधिक समय से अधूरे पड़े हैं, लेकिन निर्माण पूरा कराने की दिशा में अपेक्षित पहल नजर नहीं आ रही है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बेंदा के आश्रित गांव दुलदुला में 25 से अधिक, तुरैयाबहरा में लगभग 25 तथा बेंदा में 20 से अधिक आवास अधूरे बताए जा रहे हैं। कहीं मकान की छत नहीं बनी है, तो कहीं प्लिंथ निर्माण के बाद काम बंद कर दिया गया है।

कई आवासों में प्लास्टर तक नहीं हुआ है। इससे गरीब परिवारों को पक्के मकान का लाभ मिलने के बजाय अधूरे निर्माण के बीच परेशानी उठानी पड़ रही है। अधूरे आवासों से प्रभावित हितग्राहियों में फूलझरिन, बखरू, सरजू, गिरानी बैगा, माहू सिंह, सुन्नी और भगवंतिन सहित अन्य के नाम सामने आए हैं। इन परिवारों को आज भी अपने पक्के मकान का इंतजार है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा पंचायत क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर प्रत्येक आवास की वास्तविक स्थिति का सत्यापन कराने की जरूरत है।



संतु बैगा के आवास पर कब्जे का आरोप

दुलदुला गांव में संतु बैगा के आवास को लेकर भी गंभीर आरोप सामने आए हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच साहिना परवीन और निक्की खान ने किराए के नाम पर उनके आवास को अपने कब्जे में रखा है। परिवार के अनुसार, मकान किराए पर देने की बात कही गई थी, लेकिन करीब पांच साल बीतने के बाद भी उन्हें एक रुपये का किराया नहीं मिला है। पीड़ित परिवार ने मकान वापस दिलाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। हालांकि, इस मामले में संबंधित पक्षों का जवाब और प्रशासनिक जांच सामने आना बाकी है।



काली खेती का डरावना ट्रेलर रिलीज जैकी-शरद की दमदार एक्टिंग

नई दिल्ली। जब खेती जाग उठेगी, तब क्या होगा? फिल्म 'काली खेती' का डर अब खेतों से निकलकर असल जिंदगी तक पहुंच गया है। फिल्म का रोमांचक ट्रेलर दर्शकों को आने वाले खौफ की एक झलक दिखाता है। जैकी श्रॉफ और शरद केलकर की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म का ट्रेलर एक ऐसी डरावनी दुनिया की झलक पेश करता है, जहां खेती अब केवल फसल उगाने की जगह नहीं रह गई है, बल्कि एक बेहद खौफनाक जगह बन चुकी है। फिल्म की डरावनी पृष्ठभूमि में हर तरफ रहस्य और भय का माहौल नजर आता है, जहां हर राज अपने साथ डर लेकर आता है। यह डरावनी फिल्मों में आमतौर पर दिखाई जाने वाली कहानियों से आगे बढ़ता है।

लाइफ Style



समरीन

क्रिकेटर अर्शदीप से हुई सगाई

पंजाबी अभिनेत्री समरीन कौर ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट से अपने फैंस को हैरान कर दिया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने बताया है कि क्रिकेटर से उनकी सगाई हो गई है। तस्वीरों से साथ अभिनेत्री ने एक प्यारी पोस्ट लिखी है।

नई दिल्ली। अभिनेत्री ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें वह अपनी सगाई की अंगूठी दिखा रही हैं। वह अर्शदीप के साथ गले मिल रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'जिंदगी हमें जो कुछ भी दे सकती थी, उनमें से सबसे अच्छी बात यह है कि जीवन भर साथ रहने के लिए उसने हमें एक-दूसरे से मिलाया।' अर्शदीप और समरीन पिछले कुछ समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। अब इन दोनों ने जीवनभर साथ रहने का फैसला किया है और सगाई कर ली है। समरीन कौर सिनेमा जगत की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। वह धीरे-धीरे अपनी पहचान बना रही हैं। वह कई पंजाबी म्यूजिक वीडियोज और फिल्म प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं। खासतौर पर यंग ऑडियंस के बीच काफी पॉपुलर हो रही हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। यहां वह अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की झलक फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। समरीन कौर का जन्म 1999 में जम्मू-कश्मीर में हुआ था। उनकी मां प्रोफेसर हैं और पिता भी शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हैं, इसलिए बचपन से ही उनके जीवन में अनुशासन और पढ़ाई अहम हिस्सा रहे। समरीन ने पुणे के सिम्बायोसिस से बी.कॉम (ऑनर्स) किया और बाद में चंडीगढ़ से एमबीए की पढ़ाई पूरी की। साल 2018 में अभिनेत्री की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया। वह फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में स्टेट फाइनलिस्ट बनीं।



हॉलीवुड मसाला



रसेल को 10.5 साल की सजा

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश एक्टर-कॉमेडियन रसेल ब्रांड से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। रसेल एक महिला के साथ रेप और तीन अन्य महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी पाए गए हैं। लंदन की एक अदालत ने उन्हें सोमवार को सजा सुनाई है। उन्हें 10.5 साल की जेल हुई है। जिस मामले मे उन्हें सजा हुई, वो 20 साल पुराना मामला है। जज जोएल बेनाथन ने रसेल ब्रांड से कहा कि उन्होंने महिलाओं के प्रति 'लापरवाह और अहंकारी रवैया' दिखाया।



मातृभूमि के साथ आएगी इम्तियाज की 'ओ साथी रे'

मुंबई। सलमान खान की 'मातृभूमि' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' 4 दिसंबर को रिलीज होगी, जिनका बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। अब इसी वक्त इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी आ रही है। 2026 के आखिरी महीने यानी दिसंबर में कई बड़ी फिल्में आने वाली हैं। जिनका फिलहाल इंतजार हो रहा है। यूं तो दिसंबर सलमान खान और शाहरुख खान के फैन्स के लिए बेहद खास है। जी हां, 4 दिसंबर को सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' आ रही है। वहीं, उस फिल्म का श्रद्धा कपूर की 'ईठा' से क्लैश होगा। साथ ही अब इस डेट पर इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी शेड्यूल हो गई है। पर यहां जो पेंच है, वो यह है कि फिल्म सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। दरअसल, यह एक रोमांटिक ड्रामा सीरीज है, जिसे इम्तियाज अली ने बनाया और लिखा है। और वही इसके शो रनर भी हैं।



एक्टिंग छोड़ हर चीज में टांग अड़ा रहे एक्टर्स

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता करण जौहर ने बॉलीवुड में बढ़ती 'भेड़चाल' को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने सवाल उठाया है कि अभिनेता अपनी एक्टिंग पर ध्यान देने के बजाय, फिल्म निर्माण के हर पहलू में शामिल होने के लिए इतने उत्सुक क्यों रहते हैं। एक इंटरव्यू में, उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसे कई एक्टर्स मिले हैं जो कास्टिंग, बजट और प्रचार अभियानों में भी अपनी राय देना चाहते हैं। वे अपने निभाए जा रहे किरदारों के बजाय बॉक्स-ऑफिस के ट्रेंड्स को लेकर ज्यादा चिंतित रहते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे फिल्म इंडस्ट्री के काम करने के तरीके को लेकर चिंतित हैं, तो करण ने कहा कि उन्हें कलाकारों के बीच 'भेड़चाल' (सबकी देखा-देखी चलने की प्रवृत्ति) को लेकर ज्यादा चिंता है। उन्होंने कहा कि कई कलाकार अब अपनी अंतरात्मा की नहीं सुनते, जैसा कि वे पहले किया करते थे। इसके बजाय, वे बस वही करते हैं जो उन्हें लगता है कि बॉक्स ऑफिस पर सफल होगा।

डीसी स्टूडियोज के सीईओ और चेयरपर्सन ने दिया इस्तीफा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर डीसी स्टूडियोज में बड़ा बदलाव हुआ है। जेम्स गन और पीटर सफ्रान ने स्टूडियो के चेयरपर्सन और सीईओ का पद छोड़ दिया है। उनकी जगह मार्वल स्टूडियोज के पुराने साथी लेंगें। मार्वल स्टूडियो के जेरेमी लेचम को नई जिम्मेदारी मिली है। बीते दिनों डीसी स्टूडियोज से रिजाइन करने के बाद जेम्स गन और पीटर सफ्रान ने वैरायटी को बयान दिया। उन्होंने कहा, 'चार साल पहले, हमने डीसी को एक क्रिएटिव सोच के तहत एकजुट करने का बीड़ा उठाया था. उस समय हमने 'सुपरमैन' को डीसी के दिल में वापस लाने में मदद की। इसके साथ ही 'पीसमेकर', 'क्रीचर कमांडोज', 'लैंटर्न्स' और 'क्लेफेस' के जरिए फिल्मों और टेलीविजन में नए दरवाजे खोले और नई कहानियां दर्शकों तक पहुंचाईं। हमें उस पूरी टीम पर बेहद गर्व है, जिसने हमारे इस लक्ष्य को हकीकत में बदला। इसमें वो सभी कलाकार, क्रू मेंबर्स और अधिकारी शामिल हैं, जिनके साथ हमें काम करने का मौका मिला। जेरेमी के साथ मार्वल में काम करने के समय से ही हमारा अच्छा क्रिएटिव रिश्ता रहा है।'



टीवी मसाला



कृष्णा के आशियाने को देखती रह गईं

नई दिल्ली। टीवी और कॉमेडी की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले कृष्णा अभिषेक अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। पर्दे पर उनका अंदाज जितना मस्तीभरा और रंगीन है, उनके घर की झलक भी कुछ वैसी ही नजर आती है। हाल ही में अभिनेत्री और टीवी पर्सनैलिटी अर्चना पूरन सिंह ने अपने यूट्यूब चैनल पर कृष्णा अभिषेक के घर का पूरा टूर कराया। सामने आए इस वीडियो में कृष्णा की पत्नी और अभिनेत्री कश्मीरा शाह के साथ उनके परिवार की निजी दुनिया देखने को मिली। घर की सजावट देखकर साफ पता चलता है कि इस कपल ने इसे किसी दिखावे के बजाय अपनी पसंद, आराम और परिवार की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया है।

बेटी का नाम घसीटने पर नाराज हुए जय

नई दिल्ली। बिग बॉस 20 जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, ये गेम और भी पेचीदा होता जा रहा है। कई कंटेस्टेंट के बीच जहां जबरदस्त झगड़ा देखने को मिल रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ काफी लोग ऐसे हैं, जिनके निशाने पर माही विज हैं। बीते दिनों हुए नॉमिनेशन और कैप्टेन्सी दोनों ही टास्क में माही विज कई घरवालों के निशाने पर आईं। यहां तक कि जिस तरह से कैप्टेनसी टास्क में माही विज की 7 साल की बेटी तारा भानुशाली का नाम घसीटा गया, उसे लेकर अब एक्ट्रेस के एक्स हसबैंड जय भानुशाली का गुस्सा फूटा है और उन्होंने एक बड़ी कसम ले ली है। माही विज जो रोबोट बनकर चेयर पर बैठी थीं, उन्हें कैप्टेन्सी टास्क में कुर्सी से उठाने के लिए जिस तरह से यंग डीएसए, उदिति सिंह और कनिका मान ने बेटी का नाम लेकर बुली किया, उसको लेकर जय भानुशाली ने नाराजगी व्यक्त की है।

ये प्रेम मोल लिया का 'बुलाए छठी मां' गाना रिलीज

नई दिल्ली। बॉलीवुड फिल्मों में भी छठ पूजा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले फिल्म 'दवन' और अब फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में छठी मां की पूजा का महत्व दिखाया जाएगा। वहीं, मेकर्स ने छठ पूजा के पहले आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना रिलीज किया गया, जिसका नाम है 'बुलाए छठी मां'। गाने में आयुष्मान और शरवरी



अपने पूरे परिवार के साथ छठ पूजा करते दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म के जरिए कई सालों बाद सूरज बड़जात्या ने हिमेश रेशमिया के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का निर्देशन सूरज आर. बड़जात्या ने किया है और इसे राजश्री प्रोडक्शंस ने महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। ये फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसे राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स द्वारा एक बड़े पर्दे की फैमिली एंटरटेनर के तौर पर पेश किया जा रहा है।



चिंतन

खाद पर सब्सिडी जारी रखना उचित कदम

किसान पहले ही महंगे डीजल, बीज, कीटनाशकों और मजदूरी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतें बढ़ने के बावजूद केंद्र सरकार ने सब्सिडी का बोझ खुद उठाकर किसानों को राहत देने का फैसला किया है। रबी सीजन 2026-27 के लिए 62,370 करोड़ रुपये की सब्सिडी और डीएपी की 50 किलो की बोरी का मूल्य 1,350 रुपये पर बरकरार रखना स्वागतयोग्य कदम है। सवाल यह है कि जब खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और फसल का उचित मूल्य हासिल करना भी किसानों के लिए चुनौती बना हुआ है, तब खाद पर मिलने वाली राहत को कैसे कम किया जा सकता है? पश्चिम एशिया में जारी संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला तथा उर्वरकों के कारोबार को प्रभावित किया है। कच्चे माल की महंगाई का असर खाद की कीमतों पर पड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में पिछले रबी सीजन के मुकाबले सब्सिडी में 24,418 करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार की किसान हितैषी नीति को दर्शाती है। लेकिन यह भी समझना होगा कि उर्वरक सब्सिडी केवल सरकारी खजाने से दी जाने वाली आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। खाद महंगी होने का असर अंततः उत्पादन लागत और खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ सकता है। इसके बावजूद खाद वितरण की जमीनी व्यवस्था पर सवाल बने हुए हैं। कई बार किसानों को सीजन के दौरान खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है। कहीं किल्लत तो कहीं कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायतें सामने आती हैं। ऐसे में सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सब्सिडी का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचे। खाद की उपलब्धता, वितरण और बिक्री की नियमित निगरानी हो तथा कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आखिर जिस राहत के लिए सरकार हजारों करोड़ रुपये खर्च कर रही है, उसका लाभ बिचौलियों या जमाखोरों की जेब में क्यों जाए? कैबिनेट का प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की ऋण गारंटी निधि को पांच साल बढ़ाने का फैसला भी छोटे कारोबारियों के लिए अहम है। पांच हजार करोड़ रुपये के कोष से अगले पांच वर्षों में 12.6 लाख करोड़ रुपये के ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। ऋण गारंटी शुल्क एक प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत करना भी सकारात्मक पहल है। सितंबर 2026 तक योजना के तहत 60.36 करोड़ से अधिक ऋण मंजूर किए जा चुके हैं, जिनकी राशि 43.34 लाख करोड़ रुपये है। यह छोटे कारोबारियों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का बड़ा प्रयास है। यह देखना भी जरूरी है कि कितने छोटे उद्यम स्थापित हुए, कितनों ने रोजगार पैदा किया और कितने कारोबार कर्ज के बोझ से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर बन पाए। कुल मिलाकर, खाद पर सब्सिडी जारी रखने और मुद्रा योजना की ऋण गारंटी को विस्तार देने का फैसला अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण आधारों को मजबूती देने वाला है। किसान को खेती की बढ़ती लागत से राहत मिलेगी तो छोटे कारोबारियों को नए अवसर मिलेंगे। वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में सरकार का आर्थिक बोझ खुद उठाना दूरदर्शी कदम है। जरूरत इस बात की है कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। साथ ही, घरेलू उत्पादन, स्वरोजगार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देकर ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिसमें किसान व उद्यमी आत्मनिर्भर बन सकें।



सियासत

प्रो.(डॉ) मनोज दयाल

जिस अमेरिकी राष्ट्रपति ने पूरी दुनिया को अपनी शर्तों पर चलाने का सपना देखा था, आज वही अपने ही देश में राजनीतिक अस्तित्व बचाने की चुनौती से जूझ रहा है। चुनावी झटकों ने रिपब्लिकन पार्टी में असंतोष बढ़ा दिया है और 2026 के मध्यावधि चुनाव के बाद तीसरी बार महाभियोग की आशंका भी गहराने लगी है। पार्टी में बगावत और जनता की नाराजगी ने डोनाल्ड ट्रंप को दोहरी मुश्किल में डाल दिया है। ऐसे में उन्हें भारत के साथ व्यापार समझौते में राजनीतिक संजीवनी नजर आ रही है। सवाल है कि क्या भारत के साथ डील ट्रंप की डूबती नैया को सहारा दे पाएगी? क्या अमेरिका से बेहतर व्यापारिक शर्तें हासिल करने और एच-1बी वीजा पर राहत पाने का यह भारत के लिए सुनहरा अवसर है?

क्या ट्रंप पर चलेगा महाभियोग

सांप छुछुंदर वाली स्थिति ..! दोहरी आफत में फंसे अमेरिकी राष्ट्रपति..! कुर्सी पर खतरे के बादल ..!, पार्टी में बगावत.. ! पर भारत से उम्मीद की डोर..! ये तो होना ही था ..! अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने पर महाभियोग कि भी संभावना बनती दिख रही है । जिस व्यक्ति ने पूरी दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने का सपना देखा था, वही आज अपनी ही कुर्सी बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। विश्व के गलियारों में अब एक ही सवाल गूंज रहा है -क्या जग जीत की चाह रखने वाले ट्रंप पर महाभियोग चलेगा? यह सवाल हवा में नहीं उठा है। इसके पीछे ठोस राजनीतिक कारण हैं। अमेरिका में हुए हाल के चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को करारी शिकस्त मिली है। न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव से लेकर वर्जीनिया और न्यूजर्सी के गवर्नर चुनाव तक, डेमोक्रेट्स ने ट्रंप के उम्मीदवारों को धूल चटा दी है। यह सिर्फ हार नहीं, यह ट्रंप के खिलाफ जनमत संग्रह था। डेमोक्रेट्स के भारतीय मूल के अमेरिकी निथ्या रमन,राजीव पुरी,सब हैदर एवं ज्योति सिंह ने इस मध्यावधि चुनाव मे अभूतपूर्व जीत हासिल कर अपना परचम लहराया है। अमेरिकी जनता ने साफ कह दिया है टैरिफ वॉर, महंगाई और अहंकार की राजनीति अब नहीं चलेगी।



क्या आज ट्रंप पर दोहरी आफत है? क्या कुर्सी जाने का खतरा बरकरार है? क्या पार्टी में फूट की कगार पर भी है? वास्तव में ट्रंप पर इस समय दोहरी आफत है। पहली आफत है- कुर्सी जाने का खतरा। दूसरी आफत है अपनी ही पार्टी में फूट। अमेरिकी संविधान में महाभियोग का प्रावधान है। अगर राष्ट्रपति पर गंभीर अपराध, सत्ता के दुरुपयोग या संविधान के उल्लंघन का आरोप सिद्ध हो जाए, तो प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) महाभियोग चला सकती है और सीनेट उन्हें पद से हटा सकती है। ट्रंप पर यह खतरा पहले भी मंडराया है। वे अमेरिका के इकलौते राष्ट्रपति हैं, जिन पर दो बार महाभियोग चल चुका है। पहली बार 2019 में यूक्रेन मामले में और दूसरी बार 2021 में कैपिटल हिल हिंसा के मामले में। दोनों बार वे सीनेट में बच गए थे, पर अब स्थिति अलग है। अब डेमोक्रेट्स के पास प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने का मौका है। 2026 के मध्यावधि चुनाव में अगर डेमोक्रेट्स ने हाउस पर कब्जा कर लिया, तो ट्रंप पर तीसरी बार महाभियोग चलना लगभग तय माना जा रहा है। आरोपों की सूची लंबी है - टैरिफ के नाम पर कांग्रेस की अनुमति के बिना आर्थिक आपातकाल लगाना, न्याय विभाग का राजनीतिक इस्तेमाल, विदेशी सरकारों पर दबाव बनाना, और अपने व्यापारिक हितों के लिए पद का दुरुपयोग करना। दूसरी आफत पार्टी के अंदर है। रिपब्लिकन पार्टी अब दो धड़ों में बंट गई है। एक धड़ा है ट्रंप के कट्टर समर्थक, जिन्हें 'मागा' कहा जाता है। दूसरा धड़ा है पारंपरिक रिपब्लिकन, जो अब ट्रंप की शैली से थक चुके हैं। कई रिपब्लिकन सांसद खुलेआम कह रहे हैं कि ट्रंप की वजह से पार्टी चुनाव हार रही है। वे ट्रंप से दूरी बना रहे हैं। कुछ ने तो यह भी कहना शुरू कर दिया है कि ट्रंप को अब राष्ट्रपति पद से हटकर पार्टी को नए नेतृत्व को सौंप देना चाहिए। यह फूट ट्रंप के लिए सबसे खतरनाक है। जब अपना घर ही टूटने लगे, तो बाहर की लड़ाई कैसे लड़ी जाएगी? ट्रंप इस फूट को रोकने के लिए अपने विरोधियों को धमका रहे हैं, उन्हें पार्टी से निकालने की धमकी दे रहे हैं, पर इससे फूट और बढ़ रही है। अस्तित्व की रक्षा में क्या अमेरिका भारत से व्यापार समझौता कर सकता है? इसी अस्तित्व रक्षा के संकट में ट्रंप को भारत याद आ रहा है। राजनीति का एक पुराना नियम है जब घर में संकट हो, तो बाहर एक बड़ी जीत दिखाओ। ट्रंप भी यही करना चाहते हैं। अस्तित्व की रक्षा में ट्रंप भारत से व्यापार समझौते को प्राथमिकता देना आरंभ कर चुके हैं। पहले वे भारत पर दबाव बना रहे थे। 50% टैरिफ की धमकी दे रहे थे। पर अब वे नरम पड़ रहे हैं। क्यों? क्योंकि उन्हें एक बड़ी कूटनीतिक जीत चाहिए, जिसे वे अमेरिकी जनता और अपनी पार्टी के बागियों को दिखा सकें। भारत के साथ एक सार्थक व्यापार समझौता अब पहले से कहीं ज्यादा संभव दिख रहा है। दोनों देशों के बीच बातचीत के कई दौर हो चुके हैं। भारत ने अमेरिका को कई क्षेत्रों में रियायत देने का संकेत दिया है, तो अमेरिका ने भी टैरिफ घटाने की बात कही है। अगर यह समझौता हो जाता है, तो ट्रंप कह सकेंगे - देखो, मैंने दुनिया के सबसे बड़े बाजार को अमेरिका के लिए खोल दिया। इससे अमेरिकी किसानों, टेक कंपनियों और निर्माताओं को फायदा होगा। यह समझौता ट्रंप के लिए सिर्फ व्यापार नहीं, यह उनकी राजनीतिक संजीवनी है। वे इसे महाभियोग के खतरे से बचने के लिए एक ढाल की तरह इस्तेमाल करना चाहते हैं। क्या एच-1बी में भारत को और लाभ मिल सकता है? इस समझौते का सबसे बड़ा लाभ भारतीय पेशेवरों को मिल सकता है। एच-1बी वीजा का मुद्दा भारतीयों के लिए हमेशा से भावनात्मक रहा है। पिछले वर्षों में ट्रंप ने एच-1बी को सख्त किया था। फीस बढ़ा दी, नियम कड़े कर दिए। लेकिन अब अमेरिकी टेक कंपनियां ट्रंप पर दबाव डाल रही हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन - सब कह रहे हैं कि हमें भारतीय टैलेंट चाहिए। एआई की दौड़ में अमेरिका चीन से पीछे नहीं रहना चाहता, और इसके लिए उसे भारतीय इंजीनियर चाहिए। ऐसे में माना जा रहा है कि व्यापार समझौते के साथ एच-1बी में भारत को और लाभ मिल सकता है। वीजा कोटा बढ़ सकता है, फीस में राहत मिल सकती है, ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया आसान हो सकती है। इससे भारतीय पेशेवरों को कुछ हद तक राहत मिलेगी। यह राहत पूरी नहीं होगी, पर कम से कम एक स्थिरता आएगी, जो पिछले कुछ वर्षों में गायब हो गई थी। क्या अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलेगा? कानूनी रूप से यह संभव है, पर राजनीतिक रूप से कठिन है। निष्कर्षः में एस कहा जा सकता है कि भारत की भूमिका निर्णायक है। जग जीत की चाह रखने वाले ट्रंप आज अपने ही घर में घिरे हैं। उनकी कुर्सी पर संकट है, पार्टी में फूट है, जनता में नाराजगी है। ऐसे में भारत उनके लिए एक अवसर भी है और एक परीक्षा भी।भारत को इस मौके का लाभ उठाना चाहिए, पर सावधानी के साथ। भारत को व्यापार समझौता करना चाहिए, पर अपने किसानों की कीमत पर नहीं। भारत को एच-1बी में लाभ लेना चाहिए, पर अपनी संप्रभुता से समझौता किए बिना। ट्रंप का भविष्य अब काफी हद तक भारत से जुड़ गया है। अगर भारत से डील हो गई, तो ट्रंप को महाभियोग से बचने का एक मजबूत हथियार मिल जाएगा। अगर डील टूट गई, तो ट्रंप की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।इतिहास गवाह है कि जब भी अमेरिकी राष्ट्रपति घर में कमजोर हुआ है, उसने विदेश में

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जवाबदेही

प्रो. वंदना अरोड़ा



विरोध का अधिकार, लेकिन संवैधानिक मर्यादा के साथ

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि इसमें नागरिकों को सरकार से सवाल पूछने, नीतियों की आलोचना करने और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार है। विरोध लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी जीवंतता का प्रमाण है। हालांकि, उतना ही महत्वपूर्ण यह समझना भी है कि विरोध का तरीका क्या हो और उसका उद्देश्य क्या होना चाहिए। किसी व्यवस्था में भ्रष्टाचार, अनियमितता या प्रशासनिक लापरवाही सामने आने पर आवाज उठाना आवश्यक है, लेकिन क्या हर समस्या का समाधान सड़कों पर आंदोलन, राजनीतिक दबाव और किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग तक ही सीमित होना चाहिए? क्या कानून और संविधान के दायरे में रहकर उठाई गई आवाज अधिक प्रभावी और स्थायी बदलाव का माध्यम नहीं बन सकती? आज आवश्यकता इस बात की है कि विरोध की संस्कृति को केवल भीड़, नारों और राजनीतिक टकराव तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे तथ्यों, कानूनी अधिकारों और संवैधानिक प्रक्रियाओं से जोड़ा जाए। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होने का अधिकार प्रदान करता है। इसका अर्थ है कि नागरिक सरकार की नीतियों की आलोचना कर सकते हैं, जनप्रतिनिधियों से जवाब मांग सकते हैं और प्रशासनिक निर्णयों के प्रति असहमति व्यक्त कर सकते हैं। हालांकि, ये अधिकार उचित कानूनी प्रतिबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित संवैधानिक सीमाओं के अधीन हैं। किसी व्यवस्था की गलती का विरोध करते समय कानून को कमजोर करना नहीं, बल्कि कानून का सहारा लेकर उस गलती को उजागर करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर, यदि शिक्षा व्यवस्था में अनियमितता हुई है, परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आई है या किसी विभाग में भ्रष्टाचार के प्रमाण मिलते हैं, तो सबसे पहले तथ्यों और साक्ष्यों को व्यवस्थित रूप से सामने लाया जाना चाहिए। संबंधित विभाग में शिकायत, सूचना का अधिकार (आरटीआई), सतर्कता विभाग, सक्षम जांच एजेंसी और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। यदि इन प्रक्रियाओं के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, तो शांतिपूर्ण धरना, प्रदर्शन और जनजागरण भी लोकतांत्रिक विरोध के वैध माध्यम हैं। महत्वपूर्ण यह है कि जनआवाज के साथ कानूनी प्रक्रिया भी आगे बढ़े, ताकि विरोध केवल नारों तक सीमित न रहकर जवाबदेही और परिणाम तक पहुंचे। किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग करना अपने आप में गलत नहीं है। यदि किसी गंभीर प्रशासनिक विफलता के लिए संबंधित मंत्री की जिम्मेदारी बनती है, तो राजनीतिक और नैतिक जवाबदेही तय करने की मांग पूरी तरह लोकतांत्रिक है। लेकिन यह प्रश्न विचारणीय है कि क्या केवल इस्तीफे से समस्या का स्थायी समाधान हो जाता है? यदि शिक्षा विभाग में अनियमितताएं हैं, तो केवल मंत्री बदलने से क्या पूरी व्यवस्था सुधर जाएंगी? यदि परीक्षा प्रणाली में खामियां हैं, तो क्या नए मंत्री के आने से भविष्य में ऐसी गड़बड़ियां रुकने की गारंटी मिल जाएगी? वास्तविक बदलाव के लिए जरूरी है कि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो, दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए और व्यवस्था में मौजूद खामियों को दूर किया जाए। अन्यथा एक व्यक्ति पद छोड़ देगा और दूसरा पद संभाल लेगा, लेकिन मूल समस्या जस की तस बनी रह सकती है। इसलिए किसी भी विरोध का उद्देश्य केवल इस्तीफा हासिल करना नहीं, बल्कि जवाबदेही सुनिश्चित करना और व्यवस्था में ठोस सुधार लाना होना चाहिए। जेन जेड यानी नई पीढ़ी में अपने अधिकारों के प्रति बढ़ती जागरूकता और सवाल पूछने का साहस लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। युवाओं की सबसे बड़ी ताकत केवल उनकी संख्या नहीं, बल्कि उनकी जानकारी, तार्किक सोच, तथ्यों की समझ और संगठित नागरिक भागीदारी है। यदि युवा किसी सरकारी नीति या निर्णय से असहमत हैं, तो वे तथ्यों के आधार पर अपनी बात रख सकते हैं, संबंधित अधिकारियों से जवाब मांग सकते हैं, जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दे सकते हैं और उपलब्ध कानूनी उपायों का सहारा ले सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी किया जा सकता है। आखिरकार, लोकतंत्र की मजबूती इस बात से तय नहीं होती कि कितनी बार सड़कें जाम हुईं या कितने नारे लगाए गए। उसकी वास्तविक मजबूती इस बात में है कि नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों, सरकार जवाबदेह हो, कानून निष्पक्ष रूप से लागू हो और संस्थाएं गलतियों को सुधारने के लिए प्रभावी ढंग से काम करें। विरोध हमारा अधिकार है, लेकिन संवैधानिक मर्यादा जिम्मेदारी। बदलाव की मांग करें, लेकिन तथ्यों के साथ, तर्क के साथ और कानून के दायरे में रहकर।

(लेखिका पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में लॉ डिपार्टमेंट की चेयरपर्सन हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित

दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित

प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहाः महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा हैः आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाईः महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहाः ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोलाः हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहाः तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहाः मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहाः क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

भारत में भी खत्म हो सांसदों की पेंशन

श्रीलंका ने 17 फरवरी 2026 को सांसदों की पेंशन समाप्त कर एक ऐसा फैसला लिया जिसने भारत में भी राजनीतिक पदों से जुड़े आजीवन आर्थिक लाभों पर बहस छेड़ दी है। श्रीलंका की संसद में पेंशन खत्म करने वाले विधेयक के पक्ष में 154 और विरोध में केवल दो वोट पड़े। नया कानून 1977 से लागू सांसद पेंशन कानून को समाप्त करता है और इसका असर उन पूर्व सांसदों पर भी पड़ा जो पहले से पेंशन प्राप्त कर रहे थे। श्रीलंका के इस फैसले के बाद भारत में उद्योगपति हर्ष गोयनका ने एक्स पर सवाल उठाया कि क्या भारत में भी राजनीतिक विशेषाधिकारों पर पुनर्विचार का समय आ गया है। उनका तर्क है कि सार्वजनिक पद जिम्मेदारी है, आजीवन अधिकार नहीं।

- मंयक पांडे, अंबिकापुर

ट्रेंड

डेडलाइन जरूरी



भूकंप हो या बाढ़, जब लोग जान बचाकर भाग रहे होते हैं, तब रिपोर्टर अपनी जान जोखिम में डालकर खबर की कवरेज करते हैं। न्यूज की दुनिया में डेडलाइन सबसे जरूरी होती है। उसी तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी होती है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

हमेशा तैयार रहें रक्षा बल



हमारे रक्षा बलों को ऐसी क्षमताएं और तरीके विकसित करने चाहिए, जिससे दुश्मन को प्रतिक्रिया देने या संभलने का समय न मिले। साथ ही, हमें दुश्मन की किसी भी अप्रत्याशित कार्रवाई के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। -राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

अखिलेश पूर्व सीएम ही रहेंगे



अखिलेश यादव यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री है और इंशाल्लाह पूर्व ही रहेंगे। गोली लगने का दर्द आज भी चंद्रशेखर आजाद की कमर में रहता है। कांच के महलों में रहने वालों को पत्थर नहीं फेंकने चाहिए। वे नहीं समझ सकते कि चंद्रशेखर का परिवार किन मुश्किलों से गुजरा है, क्योंकि वे विरासत की राजनीति करते हैं। -असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम प्रमुख

धर्म के नाम पर वोट न दें



मैं चुनावी राजनीति से दूर रहता हूं, लेकिन सरकार को सिर्फ वोटों से डर लगता है। अगर आप सरकार के काम से खुश हैं, तो उसे वोट दें; वरना किसी दूसरी पार्टी को वोट दें। जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्रवाद के आधार पर वोट न दें। लेकिन वोट देते समय किसानों हितों के बारे में जरूरी सोचें।

-राकेश टिकैत, किसान नेता

करंट अफेयर

न्यूयार्क की परेड में सुनीता ने 'ग्रैंड मार्शल' की भूमिका निभाई



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता 'सुनी' विलियम्स ने न्यूयॉर्क सिटी में 107वें पूर्व सैनिक दिवस की परेड में 'ग्रैंड मार्शल' की भूमिका निभाई। अमेरिकी नौसेना की पूर्व सैनिक (वेटरन) विलियम्स के साथ इस वार्षिक परेड में हजारों अमेरिकी पूर्व सैनिक, वर्तमान सैन्य कर्मी, मार्चिंग बैंड, देशभक्त संगठन, सैन्य वाहन और अन्य प्रतिभागी शामिल हुए। यह परेड उन लोगों के सम्मान में आयोजित की जाती है, जिन्होंने वर्षों तक देश की सेवा की है। इस अवसर पर उपस्थित न्यूयॉर्क के भारतीय मूल के मेयर जोहरान ममदानी सहित अन्य लोगों को संबोधित करते हुए विलियम्स ने कहा कि 107वें पूर्व सैनिक दिवस की परेड में शामिल होना उनके लिए ''बेहद सम्मान की बात'' है। उन्होंने कहा, ''जब मैं सेना में शामिल हुई थी तो मैंने एक पल के लिए भी नहीं सोचा था कि मैं कभी पूर्व सैनिक बनूंगी... उस समय आप युवा होते हैं और सोचते हैं कि अपना जीवन कैसे बिताएंगे।

ऑफ बीट

क्या होते हैं बायोमार्कर? कैसे होता है इनसे सेहत का आकलन



मान लीजिए कि पांच सदस्यों वाला एक परिवार फ्लू के वायरस के संपर्क में आता है, लेकिन उनमें से केवल दो लोग बीमार पड़ते हैं। एक व्यक्ति जीवनभर धूम्रपान करता है और 100 साल तक जीवित रहता है, जबकि अपने करियर के चरम पर पहुंचा एक पेशेवर खिलाड़ी अचानक दिल का दौरा पड़ने से मर जाता है। इसी तरह, कोई दवा कुछ मरीजों पर अच्छा असर दिखाती है, लेकिन कुछ मरीजों में गंभीर दुष्प्रभाव होने के कारण नैदानिक परीक्षण में विफल हो जाती है। क्या इनमें से किसी भी घटना का पहले से अनुमान लगाया जा सकता था? इसका सीधा जवाब है- अभी तक तो नहीं। हालांकि 'बायोमार्कर' की मदद से भविष्य में ऐसा संभव हो सकता है। बायोमार्कर शरीर में मौजूद ऐसी कोई भी चीज है, जिसे मापा जा सकता है और जिससे डॉक्टरों को किसी व्यक्ति की मौजूदा या भविष्य की सेहत के बारे में जानकारी मिलती है। बायोमार्कर कई तरह के होते हैं और आधुनिक चिकित्सा में इनकी अहम भूमिका है। इनसे यह समझने में मदद मिलती है कि मानव शरीर के अंदर क्या हो रहा है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

फेस्टिवल

शिखर चंद जैन

दुनिया भर में रंग-बिरंगा चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेशन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि हर साल 14 नवंबर को हमारे देश में चिल्ड्रेंस-डे मनाया जाता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि अपने देश भारत के अलावा भी दुनिया के कई देशों में चिल्ड्रेंस-डे मनाया जाता है? अलग-अलग देशों में चिल्ड्रेंस-डे की तारीख और इसे मनाने के ढंग बहुत अलग और अनोखे होते हैं। इनके बारे में जानकर तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा।



डिया डेल निनो मेक्सिको

मेक्सिको में बाल दिवस की शुरुआत सन 1925 में हुई थी। यहां इसे 30 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन बच्चे स्कूल तो जाते हैं, लेकिन वहां रेग्युलर क्लास नहीं चलती है। सारा दिन खेलने, पिनाटा (मिट्टी और कागज की लुगदी के खिलौने) बनाने-तोड़ने, संगीत का आनंद लेने और कई मजेदार एक्टिविटीज करने में बीतता है। स्कूल के बाद बच्चे अपनी फैमिली के साथ संग्रहालयों, सिनेमाघरों और चिड़ियाघरों जैसी जगहों पर जाते हैं, जहां उस दिन बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश होता है। कुछ रेडियो और टेलीविजन चैनल्स, बच्चों को अपने चिल्ड्रेंस शो में छुट्टियों के बारे में बात करने के लिए बुलाते हैं। *



लिउयी गुओजी एर्तोंग जिए चीन

चीन में बाल दिवस सन 1949 से मनाया जा रहा है। यहां इसे 1 जून को मनाया जाता है। कुछ स्कूलों में इसे बच्चों को समर्पित विशेष प्रदर्शनों के साथ मनाया जाता है। कई पर्यटन स्थलों पर इस दिन बच्चों के लिए प्रवेश पर छूट होती है या पूरी तरह से निःशुल्क होती है। हालांकि चीन में इस छुट्टी के लिए कोई निर्धारित परंपरा नहीं है, लेकिन कई परिवार बच्चों के साथ समय बिताते हैं और अपना पसंदीदा भोजन करते हैं। *



ते रा ओ नगा तामारिकी न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड में हर साल मार्च के पहले रविवार को बाल दिवस मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में मजेदार सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें खेल, ट्रैवलिंग कार्निवल, तरह-तरह के भोजन, पारंपरिक हाका नृत्य और भी बहुत कुछ शामिल होता है। *



चाचा नेहरू का जन्मदिन भारत

हमारे देश में 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वे बच्चों के बीच चाचा नेहरू के नाम से लोकप्रिय थे। इससे पहले सन 1964 तक बाल दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता था, क्योंकि सन 1954 में संयुक्त राष्ट्र ने 20 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की थी। लेकिन 1964 में जवाहर लाल नेहरू के निधन के बाद अपने देश में बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाने लगा। इस दिन बच्चों के लिए स्कूलों में मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्हें तरह-तरह के खेल खिलाए जाते हैं और गिफ्ट भी दिए जाते हैं। *



यूरिनी नाल दक्षिण कोरिया

दक्षिण कोरिया में 5 मई को मनाए जाने वाले बाल दिवस समारोहों में परेड, तमाशा, पार्टियां, पिकनिक और ताइक्वांडो खेल के प्रदर्शन किए जाते हैं। बच्चे पारंपरिक कपड़े पहनते हैं और परिवार के साथ संग्रहालयों, पार्कों में घूमने जाते हैं। कई जगहों पर इस दिन बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश की सुविधा होती है। बच्चे इस अवसर पर दक्षिण कोरियाई शिल्प बनाते हैं, जैसे कि हाथ में पकड़ने वाला सोगो ड्रम, कमल का लालटेन (सैम ता), गुक पंखा आदि। बच्चे इस दिन तरह-तरह के व्यंजनों का भी लुत्फ उठाते हैं। *



कोडोमो नो हि जापान

जापान में बाल दिवस 5 मई को मनाया जाता है। सन 1948 से मनाए जा रहे इस पर्व को वहां यह राष्ट्रीय अवकाश होता है। यहां 'कोडोमो नो हि' यानी बाल दिवस को दो त्योहारों- टैंगो नो सेक्कु (लड़कों का दिन) और हिनामात्सुरी (लड़कियों का दिन) के रूप में मनाते हैं। कोइनोबोरी नामक रंगीन झंडे इस उत्सव के विशेष प्रतीक होते हैं और घरों के बाहर खंभों पर ये लटकाए जाते हैं। जापानी में, 'कोइ' का मतलब कार्प होता है। यह एक प्रकार की मछली है, जो शक्ति और दृढ़ता का प्रतीक मानी जाती है। नोबोरी का मतलब है, ऊपर उठना। इस दिन काबूतो नामक पारंपरिक समुराई, गोगात्सु-निंग्यो कवच और जापानी तलवार से सुसज्जित जापानी योद्धा गुड़िया को अपने घरों में प्रदर्शित करते हैं। *

प्रेरणा

छोटी उम्र-बड़े कारनामे

बड़े कारनामे करने के लिए बड़ी उम्र का होना जरूरी नहीं है। हम तुम्हें दो ऐसे बच्चों के बारे में बता रहे है, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में छोटी उम्र में भी बड़े कारनामे कर दिखाए।



साहस-समझदारी की मिसाल साक्षी

दिल्ली में रहने वाली 10वीं की छात्रा साक्षी ऐसी बहादुर लड़की है, जिसने समझदारी और साहस से एक बच्ची की जिंदगी बदल दी। वह नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के इनिशिएटिव सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन के तहत दिल्ली और पुणे में संचालित बाल मित्र मंडल की सदस्य रही है।



समझदारी से रोका बाल विवाहः कुछ समय पहले की घटना है। साक्षी के पड़ोस में रहने वाली नेहा पढ़ाई में बहुत अच्छी थी। एक दिन साक्षी को पता चला कि नेहा के माता-पिता उसकी शादी करने वाले हैं। साक्षी जानती थी कि नेहा अभी सिर्फ 16 साल की है। इतनी कम उम्र में शादी करना एक सामाजिक बुराई और कानूनन अपराध है। साक्षी ने अपने कुछ दोस्तों के साथ तुरंत नेहा के घर जाकर उसके माता-पिता को समझाने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने उसकी बात नहीं मानी। साक्षी ने हार नहीं मानी। अगले ही दिन वह पुलिस के पास पहुंची। उसके साथ महिला मंडल की सदस्य महिलाएं भी थीं। सभी ने मिलकर पुलिस को विश्वास दिलाया कि नेहा की शादी हो रही है। पुलिस नेहा के घर पहुंची। आखिरकार नेहा के माता-पिता ने सच स्वीकार कर लिया। पुलिस ने तुरंत नेहा का बाल विवाह रुकवा दिया। बच्चो, साक्षी की तरह ही हर बच्चे को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। *

-सरस्वती रमेश



लिटिल एआई एक्सपर्ट रणवीर सिंह सचदेवा

दिल्ली का रहने वाला 8 वर्षीय रणवीर सिंह सचदेवा, कोडर, एआई एक्सपर्ट और राइटर भी है। फरवरी 2026 में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026' में उसने दुनिया भर के टेक दिग्गजों के बीच सबसे कम उम्र के कीनोट स्पीकर के रूप में सबको चौंका दिया।

बड़े टेक लीडर्स हुए प्रभावितः समिट में रणवीर ने प्राचीन भारतीय दर्शन और सनातन मूल्यों को आधुनिक एआई तकनीक व एथिक्स से जोड़ने पर बेहद प्रभावशाली विचार रखे। इस समिट के दौरान रणवीर ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सीईओ सैम अल्टमैन जैसे दुनिया के सबसे बड़े टेक लीडर्स से मुलाकात की और उनके साथ इन्क्लूसिव एआई से जुड़ा अपना विजन साझा किया। मात्र 6 वर्ष की उम्र में रणवीर ने 'आर यू बॉर्न विद एआई' नाम की पुस्तक लिख दी थी। यह पुस्तक जिम्मेदार एआई और युवा पीढ़ी की भूमिका पर आधारित है।



बना लिया अपना चैटबोटः इतनी सी उम्र में रणवीर के पास गूगल का 'रिस्पॉन्सिबल एआई सर्टिफिकेशन' है। उसने खुद का एक एआई-संचालित चैटबॉट भी विकसित किया है, जो एपीआई के जरिए एप्स के साथ काम कर सकता है। रणवीर केवल 6 वर्ष की आयु में ही टेक्नोलॉजी और इनोवेशन (एआई) पर दुनिया के सबसे कम उम्र का टेड-एक्स स्पीकर बन गया था। उसे अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा यूथ एंबेसडर भी नियुक्त किया गया था। *

-अंजू जैन

कविता / डॉ. करुणा पांडेय

बच्चो, काम देश के आओ

बच्चे करते बड़ी शरारत
होती खूब लड़ाई।
उनकी प्यारी हरकत देख
मां मन में मुस्काई।।
होगी अगर शरारत कोई
डांट लगेगी तुमको।
चुन्नी मुन्नी टिन्नी झुमकी
रिंकू पिंकी अब मत रो।।
चलो उठो अब करो पढ़ाई
देखो टीचर आई।
पुस्तक हाथ में आते ही
नींद बच्चों को आई।।
मेहनत करो खूब तुम अब
जग में नाम कमाओ।
हम सबका आशीष बच्चो
काम देश के आओ।।



टाइड इंडिया

हंसगुल्ले

पापाः दीपू बेटा, आपने माउस देखा है क्या, मिल नहीं रहा है?
दीपूः हां जी मेरे साथ आइए। (रूम के कॉर्नर में छोटा सा होल दिखाते हुए) यहीं कल रात मैंने एक छोटा सा माउस देखा था पापा।

-गौरी, दुर्ग

चिंटूः ऐसा कौन सा सिटी है जहां कोई भी नहीं रहता है?
मिंटूः ऐसा तो कोई सिटी नहीं होगा, तुम ही बताओ।
चिंटूः (मुस्कुराते हुए): वह सिटी है- इलेक्ट्रिकसिटी।

-कोकिला, डोंगरगढ़

जीके क्विज-231

1. हाल ही में ऑरेंज ओकलीफ को किस राज्य की राजकीय तितली चुना गया है?
2. संयुक्त अरब अमीरात ने हाल ही में किस भारतीय पायलट को 'जायद II-फर्स्ट क्लास' से सम्मानित किया?
3. हाल में किस ब्रिटिश लेखक को साहित्य का बुकर पुरस्कार देने की घोषणा की गई है?
4. भारत का पहला पूर्णतः जैविक केंद्रशासित प्रदेश कौन-सा है?
5. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
6. कौन-सा विटामिन रक्त का थक्का जमाने में सहायक होता है?
7. बीरबल किस मुगल शासक के नवरत्नों में से एक थे?
8. किस स्वाधीनता सेनानी को 'लोकमान्य' की उपाधि दी गई थी?
9. किस ग्रह को 'रेड प्लैनेट' के नाम से भी जाना जाता है?
10. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किस धातु को कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-231 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-230 का उत्तर : 1. हैरी ब्रूक, 2. शिवराज सिंह चौहान, 3. आशुतोष दीक्षित, 4. फुटबॉल, 5. बछेंद्री पाल, 6. रबींद्रनाथ टैगोर, 7. ओडिशा, 8. गुरु नानक देव, 9. 23.5 डिग्री, 10. कार्बन डाइऑक्साइड

जीके क्विज-230 का सही उत्तर देने वालेः कबीर-हिसार, जयलाल-मेल से, प्रिया-बिलासपुर, कुणाल-हिसार, सुमन-महासमुंद, आर्यन-बलौदा बाजार, दित्या-भोपाल, सिमरन-जांजगीर, अंकित-महेंद्रगढ़, प्रियांशु-दुर्ग, उमेश-धमतरी

बच्चो, इंसानियत और साहस की पहचान, मुश्किल वक्त में ही होती है। किसी जरूरतमंद को सहारा देना हो या किसी अनजान की जान बचाने के लिए आगे आना हो, ऐसे नेक काम ही संवेदनशीलता और साहस की मिसाल कायम करते हैं। बाल दिवस के अवसर पर पढ़ो नेकी और साहस की सीख देती ऐसी ही दो प्रेरक कहानियां।

साहस की मिसाल



कहानी-1

रवि प्रकाश

गर्मी का मौसम था। दोपहर की चिलचिलाती धूप में सड़क लगभग सुनसान थी। रिया स्कूल की छुट्टी के बाद कंधे पर बस्ता लटकाए, थके कदमों से घर की ओर लौट रही थी।

अचानक एक मोड़ पर जोरदार आवाज हुई, 'चर्रर्र... धड़ाम!' एक तेज रफ्तार बाइक फिसल गई थी। बाइक सवार सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकराकर गिर पड़ा था। रिया के कदम वहीं ठिठक गए और उसका दिल जोर-जोर से धड़कने लगा। देखते-देखते दुर्घटना वाली जगह पर भीड़ जमा हो गई। पर मदद का हाथ बढ़ाने के बजाय कुछ लोग मोबाइल फोन निकालकर वीडियो बनाने लगे।



टाइड इंडिया

'पुलिस का चक्कर होगा, कौन गवाही देता फिरेगा?' वहां खड़े लोग आपस में बात कर रहे थे।

उसकी हालत देखकर रिया घबराकर सोचने लगी, 'अरे, इसका तो बहुत खून बह रहा है, अगर जल्द ट्रीटमेंट नहीं मिला तो...।'

तभी उसे अपनी शिक्षिका की कही बात याद आई, 'असली बहादुर वह नहीं जो लड़ना जानता है, बल्कि वह है, जो सही समय पर सही फैसला लेना जानता है।'

उनकी बात से प्रेरणा लेकर रिया ने अपनी घबराहट को झटका देकर मन से दूर किया और भीड़ को चीरते हुए आगे बढ़ गई। वह सभी से रिक्वेस्ट करते हुए बोली, 'प्लीज! आप लोग वीडियो बनाना बंद कीजिए। इन्हें जल्द से जल्द अस्पताल ले जाकर ट्रीटमेंट कराना ज्यादा जरूरी है। क्या आप में से कोई मेरी मदद करेगा?' उसकी आवाज में एक ऐसी दृढ़ता थी कि भीड़ में खड़े दो लोग तुरंत आगे आ गए। रिया ने एक ऑटो रुकवाया और खुद उसमें बैठकर घायल व्यक्ति को अस्पताल लेकर चल पड़ी। रास्ते भर वह उस घायल व्यक्ति का हाथ थामे धीरज देती रही, 'आप ठीक हो जाएंगे... बस थोड़ी देर में हॉस्पिटल पहुंच जाएंगे।'

अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने घायल को तुरंत आपातकक्ष (इमरजेंसी वार्ड) में एडमिट कर लिया। कुछ देर बाद जब रिया के पिता और उस व्यक्ति के घर वाले पहुंचे, तो डॉक्टर बाहर आए। उन्होंने रिया के सिर पर हाथ रखा और बोले, 'बेटा, आज तुम्हारी वजह से एक व्यक्ति की जान बच गई। अगर तुम पुलिस और पूछताछ के डर से पीछे हट जातीं, तो आज बहुत देर हो जाती। बेटा, तुमने आज साहस की असली मिसाल पेश की है।' पास में खड़ी घायल व्यक्ति की मां रोते हुए रिया से लिपट गईं।

रिया को एहसास हुआ, केवल अपने देश की सीमा पर दुश्मन देश के सैनिकों से लड़ना ही वीरता नहीं होती। किसी की जान बचाने के लिए खड़े हो जाना भी बड़े साहस का काम हो सकता है। *

मुस्कान का उपहार



कहानी-2

विकास शर्मा

नवंबर की सुहानी धूप में स्कूल का मैदान चमक रहा था। हर साल की तरह इस बार भी बाल दिवस समारोह का आयोजन होने वाला था। इसमें बच्चों को स्कूल की तरफ से नई कॉपियां, रंगीन पेंसिलें और चॉकलेट दी जाने वाली थीं। सभी बच्चे सुबह से ही बहुत चहक रहे थे, लेकिन कक्षा पांच में पढ़ने वाली अनुराधा और उसके बेस्ट फ्रेंड कबीर के दिमाग में आज कुछ और ही बात चल रही थी। असल में, कबीर के घर के ठीक पीछे एक बहुत ही गरीब बुजुर्ग रहते थे, जिन्हें सब 'मंगतराम बाबा' कहकर बुलाते थे। बाबा अकेले ही एक छोटी-सी टूटी-फूटी झोपड़ी में रहते थे। ठंड की आहट अब धीरे-धीरे शुरू हो चुकी थी और बाबा के पास कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए ओढ़ने के नाम पर एक पुरानी और फटी हुई चादर के सिवाय कुछ नहीं था। पिछले दो-तीन दिनों से कबीर जब भी बाबा को खांसते हुए देखता, उसका मन बहुत उदास हो जाता था।



टाइड इंडिया

स्कूल आते वक्त रास्ते में कबीर ने अनुराधा से कहा, 'सुन, अनु! बाल दिवस तो हम हर साल जोर-शोर से मनाते हैं। लेकिन अगर हम एंज्वॉय करें और हमारी नजरों के सामने कोई ठंड से ठिठुरता रहे, तो ऐसे सेलिब्रेशन का क्या मतलब होगा? क्यों न इस बार बाल दिवस पर हम किसी ऐसे इंसान के लिए कुछ करें, जिसे सचमुच हमारी मदद की जरूरत है?'

अनुराधा ने तुरंत हामी भरी और दोनों ने मिलकर प्लानिंग शुरू कर दी। उनके पास ज्यादा पैसे तो नहीं थे, फिर भी उन्होंने पिछले कई महीनों से अपने गुल्लक में बचाकर रखे सिक्के निकाले। इसके बाद उन्होंने स्कूल की आर्ट टीचर से भी मदद मांगी। उन्होंने बच्चों की इस नेकी भरी सोच को देखकर तुरंत हामी भर दी। उन्होंने पुराने कपड़ों और ऊन की कतरनों की मदद से एक बहुत ही प्यारा, सुंदर और गर्म शॉल तैयार किया। बाल दिवस के दिन जब स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहे थे। कबीर और अनुराधा ने मंगतराम बाबा को भी स्कूल में बुलाया था। वे दर्शक दीर्घा में बैठे थे। सभी बच्चों को एक-एक करके तोहफे बांटे जा रहे थे। तभी अनुराधा और कबीर ने मंच पर जाकर हेडमास्टर सर से अनुमति मांगी। उन्होंने मंगतराम बाबा को पूरे आदर के साथ मंच पर बुलाया। बाबा अपनी लाठी टेकते हुए मंच के पास आ गए। अनुराधा और कबीर ने आगे बढ़कर वह सुंदर ऊनी शॉल बाबा के कंधों पर डाल दी। बाबा की आंखें यह सब देखकर नम हो गईं। सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। हेडमास्टर सर ने पूरी सभा के सामने दोनों बच्चों की इस संवेदनशील सोच और प्रयास की खूब सराहना की। घर लौटते वक्त अनुराधा, कबीर बहुत खुश थे। उन्होंने एक जरूरतमंद को मुस्कान का उपहार जो दिया था। *

अंतर बताओ

बच्चो, यहां फील्ड में एंज्वॉय कर रहे बच्चों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.फ्रिक-स्क्रैटर पतली रस्सी हंस रही है। 2. उसका एक पैर जांघिल से अधिक ऊपर उठा हुआ है। 3.बीच में खड़े लड़के का एक हाथ नीचे है। 4. उसकी टी-शर्ट पर पिटवॉल बना हुआ है। 5.दाईं तरफ वाले लड़के के पैर चेहरा हुई है। 6.उसके बैग में बैठा पेंगुइन नहीं है।

तुम्हारे लिए नई किताब / नवेंदु

मनोरंजक-शिक्षाप्रद कविताएं



बच्चो, इस बार हम एक ऐसी रचनाकार सृष्टि पांडेय की किताब के बारे में बता रहे हैं, जो जब नौ साल की थीं, तभी कविताएं लिखने लगी थीं।

सृष्टि के पहले कविता संग्रह का नाम था, 'चुनमुन के गीत', जो 2017 में प्रकाशित हुआ था, तब वह 15 वर्ष की थीं। हाल में उनका दूसरा कविता संग्रह 'राजू भैया बड़े खिलैया' आया है। किताब की पहली कविता धमा-चौकड़ी करने वाले राजू भैया के बारे में है, जिन्हें समझाया गया है कि खेल-कूद के साथ पढ़ाई भी जरूरी है। 'छप्पक-छप्पक छैया' कविता में नन्ही छुटकी को अपनी कागज की नाव डूबने की चिंता तो है ही, साथ ही बारिश में अपनी गइया के भीगने की चिंता भी है, जो बच्चों में पशु-पक्षी के प्रति दया के भाव जगाती है। कविता 'फूलों की रानी' में इस बात की जिज्ञासा है कि तितलियां कैसे इतनी रंग-बिरंगी होती हैं? 'आओ छुक-छुक रेल चलाएं', 'खरगोश', 'हाथी की डकार', 'सुनो चंदा मामा' और 'गौरैया' जैसी कविताएं खूब मनोरंजन करती हैं। 'अनोखा जन्मदिवस' कविता तुम्हें नए ढंग से जन्म दिन मनाने का आइडिया देगी।

कविता 'आलसी बिल्ला' सीख देती है कि आलस एक बुरी आदत है। पूरी किताब रंगीन और आकर्षक चित्रों से सजी हुई है। *

किताबः राजू भैया बड़े खिलैया, **रचनाकारः** सृष्टि पांडेय, **मूल्यः** 140 रुपए, **प्रकाशकः** बुनियादी साहित्य प्रकाशन, लखनऊ

भारत एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस' को संबोधित किया प्रधानमंत्री ने

विकसित भारत के निर्माण में किसान सशक्तीकरण की अहम भूमिका : मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कृषि विकास, आधुनिक एवं स्मार्ट खेती और किसानों का सशक्तीकरण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कृषि केवल भारत की अर्थव्यवस्था का आधार नहीं है, बल्कि यह देश की संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा भी है। किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र की मजबूती के बिना विकसित भारत की कल्पना पूरी नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'किसान तक भारत एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में कृषि और त्योहारों का गहरा संबंध रहा है। देश के अधिकांश त्योहार किसी न किसी रूप में खेती, फसल, प्रकृति और किसानों के जीवन से जुड़े हुए हैं। ऐसे समय में इस सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जब देशभर में त्योहारों का उत्साह है। यह भारतीय समाज में कृषि की सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता को भी दर्शाता है।

कृषि विकास दर चार प्रतिशत से अधिक



प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में देश की कृषि विकास दर चार प्रतिशत से अधिक रही है। आजादी के बाद यह पहला ऐसा दशक है, जब देश के कृषि क्षेत्र ने लगातार इतनी मजबूत विकास दर हासिल की है। उन्होंने इस उपलब्धि को कृषि क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों और किसानों की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को अपनाना आवश्यक है। खेती को अधिक उत्पादक, लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना होगा। स्मार्ट फार्मिंग और कृषि क्षेत्र में आधुनिक समाधानों का इस्तेमाल भविष्य की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन कृषि क्षेत्र में सकारात्मक पहल है। उन्होंने इसे किसानों, वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के बीच संवाद तथा अनुभवों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बताया।

विभिन्न राज्यों से करीब 2,000 किसान शामिल

दो दिवसीय इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 2,000 किसान हिस्सा ले रहे हैं। इनके अलावा नीति निर्माता, राजनयिक, कृषि उद्योग से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधि और कृषि वैज्ञानिक भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य कृषि क्षेत्र की चुनौतियों, संभावनाओं और भविष्य की जरूरतों पर व्यापक विचार-विमर्श करना है। सम्मेलन में लगभग 20 प्रगतिशील किसान और पद्मश्री सम्मान से सम्मानित हस्तियां अपने अनुभव साझा करेंगी। ये किसान खेती में किए गए नवाचारों, आधुनिक कृषि पद्धतियों, विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष और अपनी सफलता की कहानियों के माध्यम से अन्य किसानों को प्रेरित करेंगे।

सम्मेलन में इन विषयों पर चर्चा

सम्मेलन में कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं, किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल तथा कृषि को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने जैसे विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट है कि कृषि को केवल परंपरागत व्यवसाय के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार से जुड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित करना होगा। किसानों की भागीदारी, उनकी क्षमताओं का विकास और कृषि क्षेत्र में नए प्रयोग ही विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार करेंगे।

यह जानकारी रक्षा मंत्री ने गुरुवार को नई दिल्ली में वायुसेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी है

दुश्मन को संभलने का मौका नहीं मिलना चाहिए : राजनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किए गए दो दिवसीय वायुसेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित किया। जिसमें अपने संबोधन में उन्होंने मौजूदा दौर में तेजी के साथ होती तकनीकी प्रगति तथा युद्ध की लगातार बदलती प्रकृति के मुताबिक सेना, वायुसेना और नौसेना से अपनी आक्रामक और रक्षात्मक दोनों क्षमताओं को 360 डिग्री मजबूत बनाने का आह्वान किया है। राजनाथ ने कहा कि रक्षा बलों को ऐसी तैयारी विकसित करनी पड़ेगी जिससे दुश्मन को प्रतिक्रिया देने या संभलने का मौका न मिले। इसके अलावा हमें ये भी सुनिश्चित करना पड़ेगा कि हम कभी भी दुश्मन की किसी भी अप्रत्याशित कार्रवाई के खिलाफ अचरज में न पड़ जाएं। हालांकि यहां ये भी स्पष्ट करना जरूरी है कि चौंकाने वाला तत्व पारंपरिक, इलेक्ट्रॉनिक दोनों प्रकार से सामने आ सकता है। 2026 में वायुसेना के इस सम्मेलन का विषय 'सशक्तीकरण का वर्षः विकेंद्रीकरण के माध्यम से दक्षता को अधिकतम बनाना है'। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। उन्होंने साफ किया कि आगामी वक्त में युद्ध में जीत केवल विमानों की संख्या से नहीं मिलेगी। इसका निर्धारण तकनीकी सुधार, तेजी के साथ की गई प्रतिक्रिया और सटीक तैयारियों पर निर्भर करेगी।

साइबर, अंतरिक्ष युद्ध के लिए बनाएं सिद्धांत

रक्षा मंत्री के मुताबिक, समकालीन संघर्ष का तेजी से विस्तार हो रहा है। जिसमें ये पारंपरिक से इतर गैर-पारंपरिक क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं और इनमें मिसाइलें, ड्रोन तथा अत्याधुनिक हथियार प्रणालियां अहम भूमिका निभा रही हैं। रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास युद्ध की मिसाल देते हुए उन्होंने कहा कि ड्रोन, वायु रक्षा प्रणालियों का इस्तेमाल बढ़ा है। वायुसेना के कमांडरों से आग्रह करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि वो कामिकाजी ड्रोन, निगरानी व ड्रोन रोधी अभियानों जैसी उभरती हुई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए हमेशा तैयार रहें। साथ ही हवाई बल को इलेक्ट्रॉनिक, साइबर और अंतरिक्ष युद्ध जैसे उभरते हुए क्षेत्रों के लिए भी एक समर्पित सिद्धांत और ढांचा विकसित करने की आवश्यकता है।

गाजा के अस्पताल पर अटैक, छह लोगों की मौत

काहिरा। दक्षिणी गाजा के नासिर अस्पताल को निशाना बनाकर इजराइल की ओर किए गए हवाई हमले में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 12 अन्य घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल की सेना के अनुसार, यह हमला बृहस्पतिवार तड़के किया गया। सेना ने बिना कोई साक्ष्य प्रस्तुत किए कहा कि उसने चरमपंथी समूह 'हमास के एक आतंकवादी' और अन्य चरमपंथियों को निशाना बनाते हुए यह हमला किया।

लाइबेरिया के ध्वज वाला कच्चे तेल का टैंकर था ये जहाज, प्रोजेक्टाइल से किया गया हमला

व्यापारिक जहाज पर हुए हमले में 19 भारतीय सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध के मध्य एक बार फिर से भारतीय सवार एक व्यापारिक जहाज को हमले के जरिए निशाना बनाया गया है। इस बार मामला संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मीना साकर तट के पास लाइबेरिया के ध्वज वाले कच्चे तेल के एक टैंकर 'एमटी डोमिनिका प्रॉस्पेरिटी' पर प्रक्षेप्य (विस्फोटक से भरे प्रोजेक्टाइल) से किए गए हमले से जुड़ा हुआ है। जिसके बाद यूएई के तटरक्षकबल द्वारा तेजी के साथ की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप जहाज पर सवार 19 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जहाज में कुल सवारों की संख्या 22 थी, सभी सुरक्षित हैं। यह जानकारी केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से दी है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि देश के सभी नाविक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हमले में किसी को भी कोई चोट नहीं आई है।

जहाजों पर हमलों के विरोध में भारत

भारत ने कई मौकों पर इस युद्ध के बीच शांति स्थापित करने के लिए सभी पक्षों से जल्द से जल्द बातचीत और कूटनीति के मार्ग पर लौटने की अपील की है। साथ ही यह भी कहा कि इलाके में मौजूद बुनियादी नागरिक ढांचे, समुद्री नाविकों को किसी भी प्रकार से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण जलक्षेत्रों में अनिवार्य रूप से व्यापारिक जहाजों की निर्बाध आवाजाही को बरकरार रखा जाना चाहिए। नई दिल्ली ने लाइबेरिया के साथ मिलकर मामले पर हालिया वक्त में मित्र देशों के समूह का भी गठन किया है।

दक्षिण चीन सागर में आवाजाही के लिए आचार संहिता बने : भारत

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले व्यापार के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण जलमार्ग माने जाने वाले दक्षिण चीन सागर में आवाजाही को लेकर बीते काफी वक्त से चीन और आसियान समूह के सभी 11 सदस्य देशों के बीच आचार संहिता (कोड ऑफ कंडक्ट) बनाने को लेकर बातचीत चल रही है। अभी इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। लेकिन इन सबके बीच गुरुवार को मामले पर भारत ने अपना रुख साफ किया है। जिसमें विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने एक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि दक्षिण चीन सागर के इलाके को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे वक्त से संवाद जारी है। लेकिन यह प्रक्रिया अभी किस चरण में पहुंची है। उसे लेकर सटीकता के साथ कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इस विषय पर भारत का रुख यही है कि हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण चीन सागर दुनिया का एक बेहद महत्वपूर्ण जलमार्ग है।

छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)
प्रथम तल, उद्योग भवन, रिंग रोड नम्बर-1, तेलीबांधा, रायपुर-492006 (छत्तीसगढ़)
फोन नम्बर 0771-6621000
Website: www.csidc.in Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

स्टेशनरी प्रदाय हेतु वार्षिक दर निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 01/ सा./ स्टे./ 2025-26 रायपुर, दिनांक 12/11/2026

कार्यालयीन उपयोग की स्टेशनरी प्रदाय हेतु निर्धारित मापदण्ड, गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति के लिए निर्माताओं / प्रदायकर्ताओं से वार्षिक दर निर्धारण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। स्टेशनरी सामग्री की सूची एवं निविदा फार्म तथा शर्तों की जानकारी कार्य दिवस में संस्था के लेटर पेड़ पर आवेदन कर दिनांक 02/12/2026 तक कार्यालय अवधि में दोपहर 02.00 बजे तक रू. 1,000/- + जीएसटी जमा कर, स्टेशनरी कक्ष, प्रथम तल से प्राप्त की जा सकती है । निविदाएं दिनांक 03/12/2026 को दोपहर 03.00 बजे तक स्वीकार की जाएगी तथा प्राप्त निविदाएं दिनांक 03/12/2026 को दोपहर 03.30 बजे खोली जाएगी। किसी भी निविदा को पूर्णतः/ अंशतः स्वीकार/ अस्वीकार या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक को होगा ।

S-49771/1 महाप्रबंधक

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक/निविदा विज्ञप्ति/2026-27/11818 कोरबा दिनांक 10-11-2026

// निविदा सूचना //

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा की ओर से वर्ष 2026-2027 में केवल पंजीकृत निर्माता कंपनियों / उनके अधिकृत विक्रेताओं से जिनके पास जी.एस.टी. नंबर / जी.एम.पी. सर्टिफिकेट हो के द्वारा उपयोग में आने वाले उपकरण / डिस्पोजेबल / सर्जिकल एवं केमिकल सामग्रियों आदि के क्रय हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र (निविदा शर्तें) अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से अपने लेटर पेड पर आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रूपये-एक हजार (2000/-) मात्र नगद भुगतान कर दिनांकः 25.11.2026 तक दोपहर 03 बजे तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त किया जा सकता है।

टीपः- अधिकृत विक्रेता को संबंधित निर्माता फर्म का मूल अधिकार पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथिः 25.11.2026 समय दोपहर 3.00 बजे तक।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 11.12.2026 समय दोपहर 3.00 बजे तक।

निविदा खोलने की तिथिः 11.12.2026 समय सायं 04.00 बजे।

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है। जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना फलक में चस्पा कर दी जायेगी।

स्थानः- कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा (छ.ग.)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कोरबा (छ.ग.)

G-262704477/4

OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT CHANDRAPUR, DIST- SAKTI (C.G.)

E-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
Notice Inviting Tender (1ST Call)

NIT No. 2509 PWD/2026 Chandrapur Dated- 12.11.2026-2026

Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat Chandrapur Municipal Council invites Online Tenders for and on behalf of Municipal council Chandrapur for S.O.R. percentage rate & ITEM RATES (S.O.R. C.G. PWD Building Sor 20.04.2026, PHE Ammendment Sor 01.06.2020 & Electrical Sor 10.04.2026 tender in FORM- 'A' from eligible class contractors of PWD Chhattisgarh e-Procurement System (https://eproc.cgstate.gov.in)

1. Bid Start Date : 12.11.2026 at 17.30 pm
2. Bid Due Date : 03.12.2026 at 17.30 pm
3. Physical Submission date : 07.12.2026 at 17.30 pm
4. Bid Open Date : 08.12.2026 at 11.00 am

System Tender No.	Name of Work/ Description of Work	Estimate Cost (in Lac)	Earnest Money Deposit	TENDER FORM FEES	Time allowed for Completion
203833	Construction of Samwell Near Majar Pani Tanki at Ward No. 13	48.46	36500.00	1500.00	Nine months including the rainy season.
203834	Construction of R.C.C. Drain from Nanki Yadav House to Nala at Ward No. 01	12.47	9500.00	750.00	Three Months

Chief Municipal Officer
Nagar Panchayat Chandrapur, Distt.- Sakti (C.G.)

कार्यालय, कृषि उपज मण्डी समिति पण्डरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
Email - mandi-pandrya.cg@gov.in

क्रमांक/मण्डी/निर्माण/2026-27/ पण्डरिया, दिनांक- 12.11.2026

:: मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::

कार्यालय, कृषि उपज मण्डी समिति पण्डरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा निम्नानुसार कार्य के सम्मुख दर्शित लागत अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने हेतु छ.ग. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहर बंद निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा तीन लिफाफा पद्धति अनुसार प्रपत्र "अ" (प्रतिशत आधार) में छ.ग. लोनिवि भवन कार्य एवं रोड कार्य हेतु दिनांक 10.06.2026 एवं 15.06.2026 से प्रभावशील दर अनुसूची एवं इस निविदा जारी दिनांक- से 29.12.2026 तक कार्यालयीन समय सायंकाल 5.30 बजे तक इस कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इस कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों/प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक- 30.12.2026 को दोपहर 1.00 बजे सचिव कृषि उपज मण्डी समिति पण्डरिया द्वारा खोली जावेगी। कार्य विवरण निम्नानुसार है :-

क्रं	कार्य का नाम एवं निर्माण स्थल	निर्माण स्थल	एस.ओ.आर. लागत (लाख रु.)	बयाने की राशि (एफडीआर में)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्यावधि (वर्षाऋतु सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	ग्राम पंचायत पड़कीकला के आश्रित ग्राम बेलमुड़ा के साहूपारा में कबीरकुटी के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	बेलमुड़ा	8.26	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
2	ग्राम पंचायत बदना के आश्रित ग्राम अमलीटोला में गौठान के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	अमलीटोला	8.26	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
3	ग्राम पंचायत तेलियापानी लेदरा के आश्रित ग्राम माराडबरा में चैतराम बैगा के घर से प्राथमिक शाला भवन तक की सीसी रोड निर्माण कार्य लंबाई 200 मी.	माराडबरा	7.87	6,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
4	ग्राम मोहतराकला के महामाया मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	मोहतराकला	8.26	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
5	ग्राम पौनी के प्राथमिक शाला भवन से ललित साहू के घर तक 210 मी. सीसी रोड निर्माण कार्य	पौनी	8.26	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
6	ग्राम पुसेरा में सांस्कृतिक मंच के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	पुसेरा	8.26	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
7	ग्राम बाघरायटोला के मुख्य मार्ग से तुलसीदास मंदिर होते हुए 200 मी. सीसी रोड निर्माण कार्य	बाघरायटोला	7.87	6,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
8	ग्राम पंचायत अमनिया के आश्रित ग्राम भाकुर में उपस्वास्थ्य केन्द्र से मंजीराम दुकान की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य लंबाई 220 मी.	भाकुर	8.65	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
9	ग्राम पंचायत लोखान के आश्रित ग्राम पटौहा से संत रविदास मंदिर परिसर के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य	पटौहा	2.59	2,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
10	ग्राम बिरकोना में सुखनंदन के घर से तालाब की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य 220 मी.	बिरकोना	8.65	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
11	ग्राम सुरजपुराकला में पुरान साहू के घर से शिवमंदिर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य 220 मी.	सुरजपुराकला	8.65	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
12	ग्राम अमलडीहा में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य	अमलडीहा	2.59	2,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
13	ग्राम माकरी के जैतखाम से स्वतंत्र मिश्रा के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 100 मी.	माकरी	3.93	3,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
14	ग्राम महली में रामनारायण के घर से पेखन वैष्णव के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य लंबाई 200 मी.	महली	7.87	6,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
15	ग्राम खम्हरिया में मेन रोड से पुरूषोत्तम की घर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य 220 मी.	खम्हरिया	8.65	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
16	ग्राम अमलीमालगी में मेन रोड से दीनबन्धु के घर तक 150 मी. सीसी रोड निर्माण कार्य	अमलीमालगी	5.90	5,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
17	ग्राम पंचायत रोहरा के आश्रित ग्राम विशेषरा में हीरा मिरे के घर से स्कूल की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य 220 मी.	विशेषरा	8.65	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
18	ग्राम पंचायत भुवालपुर के आश्रित ग्राम महका में मेन रोड से स्कूल रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य 120 मी.	महका	4.72	4,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
19	ग्राम कारीमाटी में पुन्नी निषाद के घर से चौक से सीसी रोड निर्माण कार्य 220 मी.	कारीमाटी	8.65	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
20	ग्राम खैलटुकरी में ठाकुरदेव मंदिर से कन्हैया साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 200 मी.	खैलटुकरी	8.65	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
21	ग्राम पोलमी के भंगीटोला के दैहान से घुरूउ मरावी के घर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य 220 मी.	पोलमी	8.65	7,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
22	ग्राम कापादाँह में जैतखाम के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य	कापादाँह	2.59	2,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00
23	ग्राम- पंचायत निगापुर के आश्रित ग्राम नवागाँव (खगेश) में गौठान के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य	नवागाँव (खगेश)	2.59	2,000.00	"द" एवं उच्च	06 माह	1000.00

शर्तें:- 1. निविदा प्राप्त करने के लिये वैध एकल पंजीयन (लाइसेंस), जीएसटी पंजीयन, पेन कार्ड, विगत 03 वर्षों के आयकर चुकता प्रमाण पत्र एवं वैध बैंक साल्वेन्सी (अनुमानित लागत का 15% के मूल्य का या 15% से अधिक) की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं नोटरी द्वारा प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करने पर निविदा प्रपत्र दिनांक 22.12.2026 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है, निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं होगा। 2. ब्याने की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर./टी.डी.आर.या डाक विभाग द्वारा जारी एन.एस.सी. के रूप में सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति पण्डरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) को देय ही, स्वीकार्य होगी। 3. कार्यों से संबंधित समस्त जानकारी एवं अन्य शर्तें दिनांक 22.12.2026 तक कार्यालयीन समय में देखी/प्राप्त की जा सकती है जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है। 4. इस आमंत्रित निविदा अनुसार उपरोक्त कार्यों के लिए निविदा दर प्रस्तुतीकरण के संदर्भ में लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन का परिपत्र क्रमांक- 625/3675/टी/11/19/निविदा रायपुर दिनांक- 05.03.2011 द्वारा प्रावधानित नियम लागू/प्रभावशील है। 5. उपरोक्त कार्य हेतु यदि निविदाकार द्वारा लागू दर/दर अनुसूची में 10 प्रतिशत से अधिक/कम दर कोटेट किया जाता है तो निविदा हेतु स्पेशल शर्तें लागू होगी, तदानुसार अंतर की राशि सचिव कृषि उपज मण्डी पण्डरिया के नाम एफ.डी.आर के रूप में अनुबंध निष्पादन के पूर्व जमा करना होगा। शर्तें की प्रति निविदाओं के साथ प्रदान की जाएगी। 6. प्राप्त निविदाओं में से किसी भी निविदा प्रपत्र/समस्त निविदा प्रपत्रो को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार भारसाधक समिति कृषि उपज मण्डी समिति पण्डरिया को होगा। 7. निविदाकार का मण्डी समिति पण्डरिया या मण्डी बोर्ड में कोई भी रिश्तेदार नहीं होना चाहिए। 8. यह विज्ञप्ति बिना किसी कारण बताये किसी भी समय निरस्त की जा सकेगी।

(रवि श्रीवास) सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति पंडरिया
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

(लाल सिंह जमरे)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति पंडरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

S-49767/1

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता, बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 203458 निविदा सूचना क्र. 20/ व.ले.लि. / 2026-27 दि. 10.11.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 02.12.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

कार्य का नाम - सुकमा जिले के विकासखण्ड सुकमा में तुंगल बांध पर पर्यावरण-पर्यटन प्रचार केन्द्र का निर्माण कार्य ।

अनुमानित लागत - रू. 86.45 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)
(एस.ओ. आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17.11.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, सुकमा
कृते अधीक्षण अभियंता
बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर

G-262704471/2

homefirst We'll take you home

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से कॉलम (ii) में वर्णित ऋणधारक(ओं) और सह-ऋणधारक(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम (iii) में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार देय राशि और ब्याज की वसूली के लिए ले लिया गया है, और चूंकि देय राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री द्वारा देय राशि की वसूली का प्रस्ताव करता है और इसे ' 'जैसा है जहां है' ',' 'जैसा है वैसा ही' ' और ' 'जो कुछ भी है' ' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि वर्णित है। इसके अंतर्गत, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को कॉलम (i) के अनुसार ऋणधारक (ओं) और सह-ऋणधारक(ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी ' 'ऑनलाइन' ' आयोजित की जाएगी।

क्र सं.	ऋणधारक(ओं) एवं सह-ऋणधारक(ओं) के नाम	संपत्ति का पता	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना राशि	कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	नीलामी की तिथि और समय	ईएमडी और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि और समय	अधिकृत अधिकारी का नंबर
1.	गौंड सतेन्द्र कुमार, गौंड आशमा देवी	मकान -व्यापवर्तित संपत्ति भूमि का प्लॉट नंबर एलआईजी -71, खसरा नंबर 1328/20 के अंतर्गत, क्षेत्रफल 0.0050 हेक्टेयर या 54.00 वर्ग मीटर। संपत्ति स्थिति मौजा-परसदा, प.ह.नं. 13, आर.आई.सी.-कुम्हारी, तहसील भिलाई-3, व जिला दुर्ग (छ.ग.), कुम्हारी, छत्तीसगढ़ - 490042। चौहद्दी: पूर्व - एलआईजी-102, पश्चिम - सड़क, उत्तर - एलआईजी-72, दक्षिण में एलआईजी-70।	06-05-2026	16,15,838	07-07-2026	13,05,000	1,30,500	28-11-2026 (11am-6pm)	26-11-2026 (upto 5pm)	8197388148
2.	सुरेन्द्र कुमार, सोनम देवी	प्लैट - पुराना ख.नं. 271/19, ख.नं. 271/75 प.ह.नं. 28, पुराना प.ह.नं. 100), स्थिति- मौजा अछोली, हरि ठाकुर वार्ड, वार्ड नंबर 08, प.ह.नं. 100/28, आर.आई.सी. रायपुर 21-रावांभाठा, तहसील धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492003। चौहद्दी: उत्तर - ठाकुर का प्लॉट, दक्षिण - सड़क, पूर्व - शर्मिला देवी का प्लॉट, पश्चिम - ठाकुर का प्लॉट।	03-02-2025	15,18,795	25-09-2026	13,42,000	1,34,200	28-11-2026 (11am-6pm)	26-11-2026 (upto 5pm)	9822890334

ई-नीलामी सेवा प्रदाता:	ई-ऑक्शन वेबसाइट/जानकारी और अन्य शर्तों के लिए:	ईएमडी / अन्य राशि जमा करने हेतु खाता नंबर	शाखा आईएफएससी कोड:	लाभार्थी का नाम
कंपनी का नाम: ई- प्रोक्यूरमेंट टेक्नालॉजीस लिमि. (ऑक्शन टाईगर) हेल्पलाइन नंबर : 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा - 8000023297 ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net	http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net	911020005835824- होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लिमिटेड बैंगलौर केटी	UTIB0000009	अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड

बोली वृद्धि राशि 10,000/- रुपये है। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.aucti

जैकेट के शेष

रायपुर के आसमां ....
जारी पुराने आदेश को बदला गया है।

रायपुर के बड़े यात्री बाजार और क्षेत्रीय संपर्क के बीच अंतर : रायपुर का बड़ा यात्री बाजार और बिलासपुर-जगदलपुर की अपेक्षाकृत सीमित आवाजाही राज्य में हवाई संपर्क के विस्तार की असमानता को सामने लाती है। क्षेत्रीय एयरपोर्टों पर यात्रियों की संख्या बढ़ाना और नियमित उड़ानों को टिकाऊ बनाना चुनौती बनी हुई है। पांच आरसीएस एयरपोर्टों पर एटीएफ वैट शून्य करने से विमान ईंधन पर कर का बोझ घटेगा। इससे क्षेत्रीय उड़ानों की लागत कम करने में मदद मिल सकती है। लेकिन इस राहत से यात्रियों की संख्या कितनी बढ़ेगी और विमान कंपनियों के परिचालन पर कितना असर पड़ेगा, यह आने वाले समय में उड़ानों तथा यात्री आंकड़ों से ही स्पष्ट होगा।

रायपुर और क्षेत्रीय ....
संख्या बिलासपुर और जगदलपुर के संयुक्त आंकड़े से लगभग 23 गुना अधिक रही। यह अंतर राज्य के मुख्य हवाई केंद्र और क्षेत्रीय हवाई संपर्क के बीच यात्री बाजार के आकार में बड़ा अंतर दिखाता है। यहां यात्रियों की संख्या से आशय आने और जाने वाले यात्रियों के कुल आवागमन से है। इसलिए रायपुर में दर्ज यात्रियों को केवल दूसरे शहरों से छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों के रूप में नहीं देखा जा सकता।

धान पर बड़ा ....
डिजिटल सर्वे नहीं होने पर गिरदावरी से सत्यापन - जिन क्षेत्रों में बोए गए रकबे की पुष्टि के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे का डेटा उपलब्ध नहीं है, वहां जिला कलेक्टर की अनुमति से गिरदावरी के आधार पर सत्यापित रकबे पर सहायता दी जा सकेगी। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि पात्रता से अधिक भुगतान होने की स्थिति में संबंधित किसान से राशि वसूल की जा सकेगी।

महादेव सट्टे का ....
भेजने का फैसला सुनाया। इस पूरे प्रकरण में मनी लांड्रिंग एंगल की जांच कर रही ईडी ने भी कोर्ट में एक अर्जी दाखिल की थी। एजेंसी ने महादेव सट्टा एप प्रमोटर के खिलाफ पहले जारी गैर-जमानती वारंट पर कार्रवाई की मांग की थी। बचाव पक्ष के वकील के अनुसार कोर्ट ने ईडी की इस अर्जी को खारिज कर दिया। ईडी के वकील सौरभ पाण्डेय के अनुसार एजेंसी मनी लांड्रिंग मामले में चंद्राकर की गिरफ्तारी के लिए ईडी की पीएमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल करेगी।

सीबीआई मुख्यालय में हो रही थी पूछताछ : सौरभ चंद्राकर को ओमान से भारत प्रत्यर्पित करने के बाद चार नवंबर को रायपुर सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया था। सीबीआई कोर्ट ने आरोपी से पूछताछ करने आठ दिन की पुलिस रिमांड स्वीकृत की थी। अभियोजन तथा परिवादी पक्ष के आवेदन पर कोर्ट ने आरोपी से सीबीआई हेड क्वार्टर दिल्ली में पूछताछ करने अनुमति प्रदान की थी।

बस्तर संभाग में ....
से हुआ। इन सबके उलट राजधानी रायपुर में हड़ताल का अधिक असर नहीं दिखा। यहां से चलने वाली बसें अपेक्षाकृत विलंब से प्रारंभ हुईं। सुबह बसें रोके जाने के बाद पुलिस बल भाठागांव बस स्टैंड में तैनात की गई। इसके बाद संचालन होता रहा। बसों के अलावा ट्रकों का संचालन पूरी तरह से बंद रहा। छत्तीसगढ़ से एक भी ट्रक नहीं चला। हालांकि दूसरे राज्यों से आने वाले ट्रकों को नहीं रोका गया। कई रूट पर बसों का परिचालन बंद होने से दिवाली पर घर लौटने वाले यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि ड्राइवर संगठन लंबे समय से ड्राइवर आयोग के गठन, सख्त सुरक्षा कानून, बीमा और स्वास्थ्य योजनाओं को लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर ही वाहन चालकों ने देशव्यापी 'स्टीयरिंग छोड़ो' अभियान चलाया। ड्राइवर संघ का कहना है कि उनकी हड़ताल अनिश्चितकालीन है। ऐसे में शुक्रवार को भी यात्री बसों का संचालन प्रभावित रहेगा तथा ट्रकों के पहिए थमे रहेंगे।

स्वतः बंद रहे निजी विद्यालय : दीपावली अवकाश के बाद गुरुवार से शासकीय विद्यालय प्रारंभ हो गए, लेकिन निजी स्कूलों में ताले जड़े रहे। निजी स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गुप्ता के अनुसार, हड़ताल के अलावा त्योहार का अगला दिन होने के कारण विद्यालयों ने बंद रखने का निर्णय लिया था। दीपावली पर्व के अगले दिन विद्यालय आने वाले स्टॉफ और बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत कम होती है। इस कारण यह फैसला किया गया। संघ के अनुसार, प्रदेश के 99 प्रतिशत प्राइवेट स्कूल बंद रहे। निजी स्कूल बसों के ड्राइवरों ने शुक्रवार को काम पर आने की मंजूरी दी है। ऐसे में शुक्रवार से विद्यालय निर्धारित समय पर संचालित होंगे।

सब्जियों पर फिलहाल ....
रोका गया। गुरुवार को भी 12 से 15 ट्रक सब्जियां सब्जी मंडी में आईं। स्थानीय स्तर पर भी सब्जियां आ रही हैं, इसलिए फिलहाल सब्जियों पर ड्राइवर हड़ताल का कोई असर नहीं दिख रहा है।

सभी के अपने ....
देकर और उनके हितों के बारे में बताकर बसें रुकवाई जा रही हैं। अहिरवारा ब्लॉक ट्रक संघ के अध्यक्ष हुलाश साहू के अनुसार, ट्रक ड्राइवर पूरी तरह से हड़ताल पर हैं।

छग विस का ....
बजट भी पेश किए जाने की संभावना है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। सत्र के दौरान सत्ता पक्ष जहां अपनी सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को सदन में रखेगा, वहीं विपक्षी कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है।

कानून-व्यवस्था और रोजगार पर रहेगा जोर : सत्र में कानून-व्यवस्था, युवाओं को रोजगार, विकास कार्यों की स्थिति और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठ सकते हैं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर कांग्रेस लगातार सरकार पर सवाल उठाती रही है। वहीं बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर भी विपक्ष सरकार से जवाब मांग सकता है। इसके अलावा जनजातीय गौरव दिवस को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच जारी राजनीतिक बयानबाजी का असर भी विधानसभा की कार्यवाही पर दिखाई दे सकता है। कांग्रेस इस मुद्दे पर प्रदेशव्यापी अभियान चलाने की बात कह चुकी है। ऐसे में आदिवासी हितों और उनसे जुड़े विषयों पर सदन में बहस होने की संभावना है।

अनुपूरक बजट पर ....
सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सवाल उठा सकता है।

कर्मचारी चयन मंडल ....
जबकि 2 प्रवेश परीक्षाएं रविवार को ही आयोजित होंगी, लेकिन उनकी तिथि बदल दी गई हैं। कर्मचारी चयन मंडल (पूर्व नाम व्यापम-व्यावसायिक परीक्षा मंडल) के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाएं सामान्यतः रविवार को आयोजित होती हैं। इस कारण 15 जून तक आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं को रविवार के स्थान पर गुरुवार को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

ऐसी है नवीन तिथियां

परीक्षा का नाम	तिथि
समूह 2	10 जनवरी
समूह 1	14 मार्च
समूह 4	4 अप्रैल
समूह 3	18 अप्रैल
पीपीटी	6 मई
प्रीबीएड	6 मई
पीईटी	13 मई
प्रीएमएससी नर्सिंग	13 मई
पीपीएचटी	27 मई
पोस्ट बेसिक नर्सिंग	27 मई
प्रीडीएलएड	3 जून
प्रीएमसीए	10 जून
प्रीबीएससी नर्सिंग	10 जून
पीएटी/पीव्हीपीटी	20 जून
समूह 2	11 जुलाई
समूह 5	25 जुलाई
समूह 6	29 अगस्त
समूह 3	19 सितंबर
शिक्षक पात्रता परीक्षा	26 सितंबर
राज्य पात्रता परीक्षा	3 अक्टूबर
समूह 2	17 अक्टूबर
समूह 7	21 नवंबर
आरक्षित	28 नवंबर
समूह 6	12 दिसंबर
आरक्षित	19 दिसंबर

पेज एक के शेष

छग के अफसर-कर्मी नहीं ...
ने इसे दरकिनार कर दिया है। राज्य के आई गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकृत करीब 4.20 लाख कर्मचारियों में से अब तक केवल 1,24,661 ने निर्धारित अनिवार्य पाठ्यक्रम पूरा किया है, यानी लगभग 2.96 लाख कर्मचारी प्रशिक्षण पूरा नहीं कर पाए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के 5 नवंबर 2026 के पत्र में यह स्थिति सामने आई है।

अब 30 तक का...
सुधार तथा क्षमता निर्माण के लिए आई गॉट पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों को पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। नवंबर 2026 के लिए चयनित 'समय प्रबंधन' पाठ्यक्रम को सभी राजपत्रित और अराजपत्रित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए 30 नवंबर तक अनिवार्य रूप से पूरा करने कहा गया है।

वैनगंगा एक्सप्रेस में बम...
वाले व्यक्ति की पहचान आमिर दास (48 वर्ष), निवासी गौणपुरा, साईं शनि मंदिर के पास, थाना सीपत, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। बताया गया कि उसके पास कोई पहचान पत्र, यात्रा टिकट और मोबाइल नंबर भी नहीं मिला।

महंगाई का झटका...
रह सकती है। वहीं, आर्थिक वृद्धि दर भी मजबूत बने रहने की संभावना है। ऐसे में दिसंबर में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की एक और बढ़ोतरी लगभग तय दिखती है। इसके बाद 2027 में ब्याज दरों को लेकर फैसला कच्चे तेल की कीमतों के रुख पर निर्भर करेगा। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में 5.54 प्रतिशत थी। खाद्य मुद्रास्फीति भी सितंबर के 7.74 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में 8.94 प्रतिशत हो गई। उपभोग की ज्यादातर श्रेणियों में महंगाई का दबाव देखा गया। खाद्य वस्तुओं और सेवाओं सहित 12 श्रेणियों में से 11 में महंगाई दर बढ़ी। रेस्तरां और आवास सेवाओं में खुदरा महंगाई 10.06 प्रतिशत, खाद्य एवं पेय पदार्थों में 8.51 प्रतिशत और व्यक्तिगत देखभाल तथा विविध वस्तुओं एवं सेवाओं में 10.14 प्रतिशत रही। अक्टूबर में सबसे अधिक मुद्रास्फीति वाली पांच वस्तुओं में प्याज (116.22 प्रतिशत), लहसुन (60.74 प्रतिशत), चांदी के आभूषण (52.39 प्रतिशत), अदरक (48.32 प्रतिशत) और नींबू (47.30 प्रतिशत) शामिल रहे। खुदरा मुद्रास्फीति दो साल में पहली बार आरबीआई की छह प्रतिशत की ऊपरी संतोषजनक स्तर से ऊपर गई है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक दो से चार दिसंबर को होनी है। आरबीआई ने अक्टूबर में करीब चार साल बाद पहली बार रेपो दर 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत की थी। उसने महंगाई में बढ़ोतरी, रुपये की कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच आगे भी दरें बढ़ाने का संकेत दिया था। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के महासचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रंजीत मेहता ने कहा कि खाद्य महंगाई में वृद्धि के साथ आवास और स्वास्थ्य संबंधी श्रेणियों में कीमतों का दबाव अपेक्षाकृत सीमित रहा है।

जनजातीय विपक्ष के ...
मुण्डा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में 11 से 18 नवंबर 2026 तक मनाए जा रहे 'जनजातीय गौरव सप्ताह' के अंतर्गत कई कार्यक्रम होंगे। श्री साय ने बताया, मोदी सरकार ने 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया, जनजातीय कार्य मंत्रालय का बजट 2014-15 के 4,497.96 करोड़ रुपए से 231 प्रतिशत बढ़कर 2025-26 में 14,926 करोड़ रुपए हो गया है। इसके अतिरिक्त 40 से अधिक मंत्रालय डीएपीएसटी के तहत अपना बजट अंश जनजातीय क्षेत्रों पर खर्च कर रहे हैं।

24 घंटे में दो महिलाओं को ...
इसके बाद उसने धान की रखवाली कर रही एक अन्य महिला पर हमला कर दिया, जिससे उसका पैर टूट गया। लगातार हो रहे हमलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीमें हाथी की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं और लोगों को घरों में रहने तथा हाथी के पास नहीं जाने की सलाह दे रही हैं।

भागते समय वृद्धा को कुचला, महिला का पैर टूटा : सूरजपुर जिले से निकलकर कबरा कान हाथी गुरुवार को उदयपुर वन परिक्षेत्र पहुंच गया। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग ने आसपास के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया। सरगुजा और सूरजपुर वन विभाग की संयुक्त टीम हाथी की निगरानी कर रही थी। ड्रोन कैमरे से भी उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसके बावजूद हाथी को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही थी, जिससे वन विभाग को परेशानी हो रही थी। गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे हाथी झिरमिटी बस्ती पहुंचा और एक घर के अहाते को तोड़ते हुए आगे बढ़ने लगा। इसी दौरान अपनी जान बचाने के लिए घर से बाहर निकली 80 वर्षीय चिकनी बाई को हाथी ने कुचल दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद हाथी मिशन स्कूल के पास पहुंचा, जहां धान की रखवाली कर रही 35 वर्षीय वर्षा ठाकुर पति देवधारी ठाकुर पर हमला कर दिया। हमले में उसका पैर टूट गया। **ट्रैंकुलाइज कर रेडियो कॉलर पहनाने की अनुमति** : लगातार हो रहे हमलों और जनहानि को देखते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने कबरा कान हाथी को ट्रैंकुलाइज कर सैटेलाइट रेडियो कॉलर लगाने की अनुमति दे दी है। इसके लिए सूरजपुर और बलरामपुर के डीएफओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है। आदेश में हाथी को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 का वन्यप्राणी बताते हुए मानव जीवन की सुरक्षा और मानव-हाथी द्वंद्व रोकने के लिए यह कदम उठाने की बात कही गई है।

अपनी ही कंपनी से ...
अधीन काम करती है। निदेशक मंडल ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने हार्वे सी. जोन्स को अपना पहला चेयरमैन नियुक्त किया है। जोन्स एक उद्यमी और उद्यम निवेशक हैं। दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक, एनवीडिया के शेयरों में गुरुवार को बाजार खुलने से पहले के लेनदेन के दौरान 10 प्रतिशत की भारी गिरावट आई। एनवीडिया का बोर्ड इस खुलासे के बाद हुआंग के भविष्य पर चर्चा करने के लिए इकट्ठा हुआ था कि उनका 'मेगास्पीड' की उस पूर्व कार्यकारी के साथ प्रेम प्रसंग था जिस पर चीनी सरकार की एजेंट होने का शक है। एक अखबार ने बुधवार को खबर दी कि हुआंग का एनवीडिया की एक ऐसे कार्यकारी के साथ भी रिश्ता था, जो उनके अधीन काम करती थी। मामले के सामने आने के बाद अपने पहले बयान में, सिंगापुर स्थित मेगास्पीड इंटरनेशनल ने गुरुवार को कहा कि वह अमेरिकी निर्यात नियंत्रण कानूनों का पालन करने की अपनी जिम्मेदारी को बेहद गंभीरता से लेता है। मेगास्पीड की पूर्व कार्यकारी के साथ हुआंग के अफेयर के बारे में जानकारी स्पष्ट नहीं है।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

महंगाई पर जयराम रमेश का मोदी सरकार पर हमला

'सब चंगा सी' से अब 'सब महंगी सी' तक पहुंचा देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस ने देश में बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महासचिव जयराम रमेश ने आवश्यक वस्तुओं से लेकर रोजमर्रा के घरेलू उत्पादों तक की बढ़ती कीमतों का हवाला देते हुए आरोप लगाया है कि महंगाई का सबसे अधिक बोझ गरीब और मध्यम वर्ग को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि जब सरकार चीनी और दालों के पर्याप्त उत्पादन तथा पुराने स्टॉक की उपलब्धता का दावा कर रही है, तो आम उपभोक्ताओं को कीमतों में राहत क्यों नहीं मिल रही है?

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि महंगाई के खिलाफ वादे करके सत्ता में आई मोदी सरकार के कार्यकाल में आम आदमी की रसोई और घरेलू बजट पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। दूध, चावल, आटा, दाल, खाद्य तेल, प्याज, आलू, टमाटर, चीनी और घी जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से आम परिवारों का खर्च प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अमूल और मदर डेयरी की ओर से दूध की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि दूध जैसी बुनियादी जरूरत भी परिवारों के मासिक बजट पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है।

महंगाई के मुद्दे को और धार देते हुए कांग्रेस नेता ने हिंदुस्तान यूनिलीवर के उत्पादों की कीमतों में हालिया वृद्धि का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद से बड़े एफएमसीजी ब्रांडों ने डिटर्जेंट और होम केयर उत्पादों के दाम 11 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं। इससे आम उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

पूर्व तट रेलवे
ई-निविदा सूचना सं.: SBP-TADK-26-01
दिनांक: 09.11.2026
सामग्रियों का विवरण : पूर्व तट रेलवे के DRM सम्बलपुर के अधिकारीयों के साथ संलग्न करने हेतु ठेका शुरू होने की तिथि से तीन (03) वर्षों की समयावधि के लिए TADK के बदले में 16 संख्यक परिचारकों की सेवाएं किराये पर लेने के लिए दर अनुबंध एवं एजेंसियों को सूचीबद्ध करना, पे मैट्रिक्स के लेवल-1 के न्यूनतम स्तर के बराबर पारिश्रमिक के साथ लागु महंगाई भत्ता (DA) देव होगा।
निविदा मूल्य : ₹ 2,15,38,828.80, EMD : ₹ 2,57,700/-
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 30.11.2026 को 1500 बजे ।
ई-निविदा हस्तांतरणीय नहीं है और इसे निविदाकार के पूर्व अधिकृत कार्मिक द्वारा DSC के पास जमा किया जाना चाहिए, जो पहले से ही वेबसाइट में पंजीकृत है।
किसी भी कारण दर्शाए बिना किसी अथवा सभी निविदा को निरस्त करने का अधिकार रेलवे के पास संरक्षित है।
संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/ सम्बलपुर
PR-555/R/26-27

भारत से फिलीपींस को जल्द मिलेगी सुपरसोनिक ब्रह्मोस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारत से फिलीपींस को जल्द ही सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की दूसरी खेप (60 मिसाइलों के साथ 5 ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम शामिल होंगे) सौंपी जाएगी। दोनों देशों के बीच इस मामले को लेकर चल रही बातचीत अपने लगभग अंतिम चरण में जा पहुंची है। लेकिन अब इसकी गूंज आगामी 16 से 18 नवंबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मनीला यात्रा के दौरान फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड के साथ होने वाली एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक में भी सुनाई देगी। यह जानकारी गुरुवार को पीएम की यात्रा के पूर्व में आयोजित किए गए विशेष संवाददाता सम्मेलन में हरिभूमि द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने दी है। टंडन ने कहा कि भारत ने फिलीपींस के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। जिसके तहत वर्ष 2022 में हमने मनीला को ब्रह्मोस मिसाइल देने के लिए एक समझौता भी किया है।

// आम सूचना //
ग्रामः कोसमर्रा खसरा न.: 449/2 कुल रकबा 0.27 हेक्टेयर प.ह.न.: 00017 तहसीलः भखारा रा.नि.म.: भटेली जिलाः धमतरी (छ.ग.) स्थित भूमि को क्रय करने के संबंध में।
सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता शंकर कुमार साहा पिता शिशिर कुमार साहा पता धमतरी (छ.ग.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा कोसमर्रा प.ह.न. 00017 रा.नि.म. भटेली तहसील भखारा जिला धमतरी पुराना धमतरी रोड मुख्य मार्ग से लोहारपथरा ग्राम की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित भूमि जिसका खसरा न. 449/2 का रकबा 0.2700 हेक्टर को क्रय करने का सौदा एवं इकरारनामा कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है केवल बैनामा पजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय, अर्धशासकीय, गैरशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 10 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं इस संबंध में आम सूचना का खंडन दावा उजर, आपत्ति किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। आम सूचना के खंडन, उजर, दावा आपत्ति हेतु पक्षकार को स्वयं या अपने नियुक्त अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में वैध दस्तावेज उपरोक्त समयावधि के अंदर प्रस्तुत करना अनिवार्य है उपरोक्त समय समाप्ति पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति, उजर, दावा, खंडन आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा उक्त भूमि से संबंधित किसी भी तरह की कानूनी या अन्य कोई भी कार्यवाही मेरे पक्षकार के उपर उपरोक्त समय पश्चात मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।
सिमरन खेमानी (अधिवक्ता)
गली नंबर 02, रविग्राम तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9301494442

कार्यालय नगरपालिका परिषद् डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Email-cmodongargarh@rediffmail.com
क्रमांक/793/अधो./लो.क.वि./न.पा.प./2026-27 डोंगरगढ़, दिनांकः 12/11/2026
संशोधित मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना
नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ द्वारा अधोसंरचना मद 2026-27 अंतर्गत स्वीकृत कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग (भवन एसओआर 10.06.2026 व सडक एसओआर 15.06.2026) तथा निविदा तिथि तक संशोधित दर अनुसूची से निविदाएं प्रतिशत दर पर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 02 लिफाफा पद्धति से सील बंद लिफाफे में स्पीडपोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा तिथियों का विवरण निम्नानुसार है :-
01. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 16/11/2026 दोपहर 3.00 बजे तक
02. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 17/11/2026 शाम 04.00 बजे से

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)	निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	अधोसंरचना मद 2026-27 अंतर्गत सी.सी. रोड निर्माण कार्य - 12, आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य 01, बाउन्ड्रीवॉल एवं सौंदर्यीकरण कार्य - 06 एवं बी.टी. रोड कार्य-1, शेड निर्माण कार्य- 02 तथा अन्य कार्य-1 (कुल 23 पृथक-पृथक कार्य)	95.41	16/11 /2026

टीपः- 1. निविदा की नियम व शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय तथा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/ एवं cmodongargarh@rediffmail.com से प्राप्त की जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट के माध्यम से डाउनलोड करके प्राप्त की जा सकती है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् डोंगरगढ़

कार्यालय नगर पालिका परिषद भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
क्र./707/जल वि./न.पा.प./2026 भाटापारा दिनांक 12.11.2026
// द्वितीय निविदा (मेन्यूवल) आमंत्रण सूचना //
नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा (परिषद / मरम्मत संधारण मद) वर्ष 2026-27 की निविदा जल विभाग अंतर्गत निविदा प्रपत्र "बी" में मरम्मत संधारण कार्य हेतु मरम्मतकर्ता फर्मों / एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से 03 लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों को लिफाफा (अ) में एफडीआर / डीडी, दस्तावेज, लिफाफा (ब) में दर युक्त टेण्डर फार्म जिसको लिफाफा (स) में भरकर पंजीकृत डाक के माध्यम से स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित किया जाता है।
।। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 30.11.2026 ।।
।। निविदा कार्यक्रम ।।
1. निविदा प्रपत्र जमा करने का दिनांक - 30.11.2026 समय 3:00 बजे तक।
2. निविदा खोलने का दिनांक - 30.11.2026 समय 4:00 बजे तक।
टीप- 1. निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें जल विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. टेण्डर फार्म www.uad.cg.gov.in के वेबसाईट में डाउनलोड किया जा सकता है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
नागपुर मंडल में विभिन्न मरम्मत और रखरखाव कार्यों के लिए ई-निविदा सूचनाएं
1. निविदा संख्या: EL-G-E-OT-26-27-23R1 दिनांक: 06.11.2026
कार्य का नाम: नागपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर दो (02) वर्षों की अवधि हेतु स्थापित विभिन्न निर्माताओं के 100 KVA से 500 KVA क्षमता वाले डीजल जनरेटर सेटों की वार्षिक ओवरहॉलिंग एवं सर्विसिंग अनुबंध, जिसमें छोटे स्पेयर पार्ट्स का प्रतिस्थापन तथा AMF पैनल की मरम्मत सम्मिलित है।
निविदा मूल्य: ₹ 20,49,233/-
बिड सुरक्षा राशि: ₹ 41,000/-
2. निविदा संख्या: EL-G-E-OT-26-27-28
कार्य का नाम: गोंदिया कोचिंग डिपो व इतवारी (NITR) कोचिंग डिपो, नागपुर मंडल में दो (02) वर्षों की अवधि के लिए AC कोचों के रूफ माउंटेड पैकेज यूनिट्स (RMPUs) का समग्र वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध, जिसमें ट्रेनों के एस्कॉर्टिंग संचालन, अनुरक्षण तथा दोष निवारण (ट्रबल शूटिंग) कार्य शामिल हैं।
निविदा मूल्य: ₹ 1,48,46,390/-
बिड सुरक्षा राशि: ₹ 2,96,900/-
निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि: दिनांक 17.11.2026 से 01.12.2026 के 15:00 बजे तक। निविदाएं खोलना: दिनांक 01.12.2026 को 15:00 बजे।
अधिक जानकारी हेतु वरिष्ठ डीईई (RS&G) / नागपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें / डाउनलोड करें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
D360S/48-180
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
क्रमांक/लो.क.वि./जोन-5/2026/1844 **निविदा सूचना** भिलाई, दिनांक

भारत का रूस से तेल आयात अक्टूबर में रिकॉर्ड 640 करोड़ यूरो पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत ने अक्टूबर में रूस से रिकॉर्ड 640 करोड़ यूरो के ईंधन की खरीद की है। कच्चे तेल के आयात में तेज वृद्धि इसकी प्रमुख वजह रही। इससे पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद रूस का जीवाश्म ईंधन निर्यात से राजस्व दिसंबर, 2022 के बाद के सबसे ऊंचे मासिक स्तर पर पहुंच गया। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) के मासिक विश्लेषण के अनुसार, ''भारत अक्टूबर, 2026 में रूस के जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा। उसने कुल 640 करोड़ यूरो के रूसी हाइड्रोकार्बन का आयात किया, जो जनवरी, 2022 से उपलब्ध आंकड़ों में उसका सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

कच्चे तेल के आयात में तेज वृद्धि इसकी प्रमुख वजह

निर्यात से राजस्व छह प्रतिशत बढ़ा

अनुमान है कि इनमें से 38.9 करोड़ यूरो के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से तैयार किए गए थे। इस बीच, समुद्र के रास्ते कच्चे तेल के निर्यात से होने वाली कमाई 23 प्रतिशत बढ़कर प्रतिदिन 35.2 करोड़ यूरो हो गई। सीआरईए के जनवरी, 2022 में आंकड़े जुटाना शुरू करने के बाद यह सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। पाइपलाइन के जरिये कच्चे तेल के निर्यात से राजस्व में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई।

यूराल्स का भाव 13 प्रतिशत बढ़ा

रूस के यूराल्स कच्चे तेल का औसत भाव 13 प्रतिशत बढ़कर 101.7 डॉलर प्रति बैरल हो गया। यह अक्टूबर, 2021 के बाद का सबसे ऊंचा मासिक औसत है और एक फरवरी, 2026 से लागू यूरोपीय संघ तथा ब्रिटेन की 44.1 डॉलर प्रति बैरल की मूल्य सीमा का ढोगुने से भी अधिक है।

एनवीडिया का शेयर 14 प्रतिशत लुढ़का

न्यूयॉर्क। एनवीडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेनसेन हुआंग के इस्तीफे की घोषणा के बाद दिग्गज चिप विनिर्माता के शेयर में बृहस्पतिवार को 14 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस वजह से अमेरिकी शेयर बाजार भी नीचे आ गया। मानक सूचकांक एसएंडपी 500 शुरुआती कारोबार में 0.7 प्रतिशत गिर गया। इसी तरह, नैस्डैक कंपोजिट एआई कंपनियों के शेयरों में कमजोरी के कारण 1.5 प्रतिशत लुढ़क गया।

भारतीय कंपनियों के लिए ओपनएआई की नई सुविधा

नई दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ओपनएआई ने बृहस्पतिवार को भारत में अपने एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के लिए एआई अनुरोधों का स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण शुरू करने की घोषणा की। इससे पात्र कंपनियां और डेवलपर उसके जीपीटी-6 लूना मॉडल पर आधारित चुनिंदा कार्यों का प्रसंस्करण देश के भीतर ही कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य कंपनियों की डेटा को देश के भीतर ही रखने संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद करना है। एआई कंपनी ने बयान में कहा कि इस सुविधा के तहत संबंधित अनुरोधों का प्रसंस्करण और जवाब तैयार करने के लिए मॉडल की गणना, दोनों भारत में ही होंगी। इसके अलावा, सुविधा के दायरे में आने वाले ग्राहकों की सामग्री भी देश में ही संग्रहीत की जाएगी। ओपनएआई में भारत के लिए उद्यम कारोबार के प्रमुख नितिन बावनकुले ने कहा कि कुछ भारतीय कंपनियां महत्वपूर्ण कार्यों के लिए एआई का इस्तेमाल पूरी तरह शुरू नहीं कर पाई हैं, क्योंकि उनके लिए जरूरी है।





Appointment आवश्यकता

टीचर

Requirement- A reputed school at Santoshi Nagar Raipur invites applications from qualified, experienced, candidates fluent in English for Vice Principal: Post Graduate + B.Ed / Bold personality with strong administrative skills, capable of managing school operations independently. HR Admin: MBA in HR / relevant discipline. Maths & S.St Teachers: Post Graduate / Graduate in relevant subjects with B.Ed. Email : rpsraipur123@gmail.com WhatsApp: 9425214413. (आरे-389)

घरेलु स्टाफ

आवश्यकता है- घरेलू स्टाफ वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घर की साफ़-सफाई एवं सभी घरेलू कार्यों हेतु अनुभवी स्टाफ (संस्कारवान पुरुषों/लड़कों) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000. (आरे-117)

गार्ड/ऑपरेटर/मार्केटिंग

अतिशीघ्र आवश्यकता है- 1.सुरक्षा गार्ड 28 वेतन 17000 2.कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 20000 3. मार्केटिंग ऑफिसर 4.वेतन 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालयः प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइलः- 7746000016, 7747000016. (आरे-815)

ड्रायवर

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर चाहिए। न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य। वेतन ₹15,000 मासिक। कार्य समयः सुबह 9 से रात 9 बजे। संपर्क: 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (छ.ग.)। मो.- 9826708233. (आरे-0101)

आवश्यकता है- अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है! वेतन योग्यतानुसार, संपर्क करें:- 7389434811, कॉल करके मिलने का समय दोपहर 1 बजे के बाद! (आरे-AM)



आवश्यकता है- स्कूल वैन, बस एवं कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है। वेतनः अनुभव एवं योग्यता के अनुसार। सी.पी.एस. (CPS), टाटीबंध, रायपुर इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें: 9752148000. (आरे-Delta)

ड्रायवर/गार्ड/आया

आवश्यकता है- वेदा इंटरनेशनल स्कूल, सुन्दर नगर, रायपुर शीघ्र आवश्यकता- बस चालक/ मैजिक चालक- 05 पद, सुरक्षागार्ड- 02 पद, महिला परिचालक/आया मदर -5-5 पद, (नोट- अनुभवी को प्राथमिकता) संपर्क करे- मो. नं. 7805015500, 7389358588. (आरे-ghosh)

आवश्यकता है- संतोषी नगर रायपुर ,स्कूल हेतु आवश्यकता है: ड्राइवरः ₹500 प्रति दिन आया बाईः ₹300 और ₹250 प्रति दिन इलेक्ट्रीशियन, फुल टाइम सिक्योरिटी गार्ड आवेदन हेतु तुरंत संपर्क करें या व्हाट्सएप करें:- 9329621221, 9425214413, 7828253335. (आरे-390)



इंजीनियर/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- दुर्ग/राजनादगांव में सड़क निर्माण कार्य हेतु सिविल इंजीनियर बी.ई / डिप्लोमा (युवक/ युवतिया) व सुपरवाईजर की आवश्यकता है । 5 साल कि अनुभवी को प्राथमिकता । 7000343771, 7067560499, 8718035098. (आरे-349)

कुक

आवश्यकता है- साउथ इंडियन (केरल) परिवार हेतु घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए महिला चाहिए। आयु 30–55 वर्ष। कार्य समयः सुबह 8 से शाम 6 बजे तक। वेतनः ₹10,000 प्रतिमाह। स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। संपर्क: 9826708233. (आरे-0102)

ऑपरेटर/मैनेजर

आवश्यकता है- स्नाइडर इलेक्ट्रीक मल्टीनेशनल कम्पनी के चैनल पार्टनर को एकाउंटेंट, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स मैनेजर (Electrical Switchgear product) के लिए आवश्यकता है स्वयं का वाहन। बायोडाटा पर 9303023570 भेजे। (आरे-42280)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - विजया फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) संपर्क - 9438611245. (आरे-106)



आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-विवाद पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावे की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्थानीय किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



श्री सीमेंट तीन संयंत्रों पर करेगी 7000 करोड़ निवेश

विशाखापत्तनम। सीमेंट उत्पादक श्री सीमेंट लिमिटेड आंध्र प्रदेश में तीन विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 7,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। श्री सीमेंट के उपाध्यक्ष सुमंत गौतम ने यहां आयोजित सीआईआई साझेदारी सम्मेलन से इतर कहा कि बांगुर परिवार के प्रवर्तित इस समूह की कडप्पा, अनकापल्ली और गुंटूर जिलों में सीमेंट संयंत्र स्थापित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने राज्य सरकार की तरफ से निवेशकों को दिए जा रहे प्रोत्साहनों और राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल को देखते हुए यह फैसला किया है।

एयरटेल का तीन माह बाद 299 रुपए वाला प्लान आया वापस

मुंबई। एयरटेल ने अपना पुराना 299 रुपए वाला प्रीपेड रिचार्ज प्लान फिर से शुरू कर दिया है। एयरटेल ने करीब तीन महीने पहले इस प्लान को बंद कर दिया था। इसके बाद ग्राहकों के पास 28 दिन की वैलिडिटी वाला रोजाना डेटा प्लान लेने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने का विकल्प बचा था। अब कंपनी ने 299 रुपए का प्लान वापस तो ला दिया है, लेकिन इसमें एक बदलाव किया गया है। पहले रोज 1.5 जीबी डेटा मिलता था, अब सिर्फ 1 जीबी डेटा मिलेगा। यह बदलाव ऐसे समय में हुआ है जब एयरटेल के मोबाइल ग्राहकों की संख्या बढ़ने की रफ्तार धीमी हुई है और कंपनी का नेटवर्क छोड़ने वाले ग्राहकों का अनुपात भी बढ़ा है। ऐसे में 299 रुपए का प्लान वापस लाने के फैसले को कस्टमर्स को रोकने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। एयरटेल के वापस लाए गए 299 रुपए वाले प्रीपेड प्लान में 28 दिन की वैलिडिटी मिलती है। इसमें हर दिन 1 जीबी हाई-स्पीड डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और रोजाना 100 एसएमएस मिलते हैं। इस तरह पूरे 28 दिन में ग्राहक को कुल 28 जीबी डेटा मिलेगा। पहले इसी कीमत पर रोज 1.5 जीबी डेटा मिलता था। यानी पुराने प्लान के मुकाबले अब हर दिन 500 एमबी डेटा कम मिलेगा।

सोना टूटकर 1,43,00 रुपए प्रति दस ग्राम

सोना 2,200 रुपए और टूटा, चांदी रही स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट का सिलसिला लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा। कमजोर घरेलू बाजार के बीच बृहस्पतिवार को सोना 2,200 रुपये टूटकर 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार के बंद भाव 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम से 2,200 रुपये टूटकर 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। हालांकि, चांदी की कीमत 1,87,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। कारोबारियों ने कहा कि कमजोर मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट के कारण सोने की कीमतों पर दबाव बना रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि वैश्विक बाजार में हाजिर सोने का भाव एक प्रतिशत यानी 39.93 डॉलर गिरकर 3,950 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गया। इसकी प्रमुख वजह अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा। चांदी की कीमत भी 1.17 प्रतिशत गिरकर 51.06 डॉलर प्रति औंस रह गई।

डॉलर सूचकांक में गिरावट

मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि यदि डॉलर सूचकांक 103 के मजबूत प्रतिरोध स्तर को निर्णायक रूप से पार कर जाता है, तो यह बढ़कर 104.50 तक पहुंच सकता है। इससे कीमती धातुओं की कीमतों पर और दबाव बढ़ सकता है। बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर सूचकांक गिरावट के साथ 102.88 पर कारोबार कर रहा था।

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार में तेजी

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन भी रही तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की गई। विदेशी निवेशकों की लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सेंसेक्स और निफ्टी मामूली तेजी के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 31.61 अंक प्रतिशत चढ़कर 81,911.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 82,325.61 अंक के ऊपरी स्तर तक गया और 81,576.15 अंक के निचले स्तर तक आया।

- विदेशी निवेशकों की लिवाली से मिला समर्थन

एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 44.30 अंक की बढ़त के साथ 25,299.35 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और इटर्नल के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति, पावर ग्रिड और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर गिरावट में रहे। **ब्रेंट क्रूड गिरकर 92.50 डॉलर प्रति बैरल पर** : शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 12,563.33 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.44 प्रतिशत गिरकर 92.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।



खबर संक्षेप



फिट हुए पंत, न्यूजीलैंड के लिए भरेंगे उड़ान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और कप्तान शुभमन गिल के लिए राहत की खबर है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस क्लीयरेंस मिल गया है। वह जल्द ही न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पंत ने 10 और 11 नवंबर को फिटनेस और सिमुलेशन (अभ्यास आधारित परीक्षण) से जुड़े 2 परीक्षण दिए थे। इसके बाद गुरुवार 12 नवंबर को उन्हें सीओई से खेलने की मंजूरी मिल गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आगाज 19 नवंबर से होगा। पहला मुकाबला वेलिंगटन में खेला जाएगा। वहीं, सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में 27 नवंबर से शुरू होगा।

ओम, रथिका, सान्या सिंगापुर क्लासिक के दूसरे दौर में

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी ओम सेमवाल, रथिका सीलन और सान्या वत्स ने अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए सिंगापुर क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी संदेश पलानीवेल रविकुमार हालांकि इस 15,000 अमेरिकी डॉलर के



पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में हार गए। पुरुष वर्ग में विश्व के 149वें नंबर के खिलाड़ी सेमवाल ने 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिंगापुर के आरोन लियांग को 15-13, 6-11, 13-15, 11-9, 11-8 से हराया। महिला वर्ग में रथिका ने सिंगापुर की जयना लिम को 11-7, 12-10, 11-9 से जबकि सान्या ने मिस्र की क्लारा ड्वेरी को 10-12, 11-6, 11-8, 11-5 से हराया।

आज से आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में आज 13 से 21 नवंबर तक खेली जाने वाली आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में 32 देशों के पुरुष और महिला खिलाड़ी खिताब के लिए मुकाबला करेंगे और प्रतियोगिता में कुल 40,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि दांव पर होगी। भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ के महासचिव सुनील बजाज ने संवाददाताओं को बताया कि प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ ही अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, चीन, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, पाकिस्तान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और सऊदी अरब समेत 32 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच चौथा एक दिवसीय मैच आज

वनडे कप्तानी में डेब्यू पर छाप छोड़ना चाहेंगे श्रेयस, भारत की निगाह श्रृंखला जीतने पर

एजेंसी ▶▶ माउंट मोनगानुई

नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में कमान संभालने वाले श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इस प्रारूप में कप्तानी के अपने पदार्पण पर विशेष छाप छोड़ना चाहेंगे जिसमें भारतीय टीम की निगाह श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी।

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे है और टीम में कुछ बदलाव के बावजूद वह जीत का प्रबल दावेदार है। तीसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद अब न्यूजीलैंड के पास केवल श्रृंखला बराबर करने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। अब सीरीज का चौथा मैच 13 नवंबर को बे ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा।



इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजरें

न्यूजीलैंड के लिए यंग ने पिछले 10 मैचों में 212 रन बनाए हैं। वहीं, केली के बल्ले से पिछले 4 मैचों में 52.25 की औसत से 209 रन निकले हैं। भारत के लिए रोहित ने पिछले 10 मैचों में 55.78 की औसत से 502 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली के बल्ले से पिछले 9 मैच में 393 रन निकले हैं। डफी ने पिछले 7 मैचों में 11 विकेट चटकाए हैं। बरार ने पिछले 9 मैच में 15 विकेट लिए हैं।

विराट और राहुल का अच्छा प्रदर्शन

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने यहां पर इकलौती पारी में 112 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने इस मैदान पर 3 पारियों में 37.33 की औसत से 112 रन बनाए हैं। युजवेंद्र चहल ने इस मैदान पर 3 पारियों में 21.42 की औसत से 7 विकेट लिए थे। कुलदीप यादव ने यहां पर 2 वनडे में 21.00 की औसत से 4 विकेट चटकाए हैं।



संभावित एकादश

भारत : रोहित शर्मा, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नमन धीर, अक्षर पटेल, आकिब नबी, गुरनूर बरार, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

न्यूजीलैंड : टिम साइफर्ट, विल यंग, फिन एलन, निक केली, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, काइल जैमीसन, जेकब डफी, मैट हेनरी और ब्रेट रैंडेल।

टेस्ट सीरीज के लिए टीम से हटे गिल

बता दें कि गिल 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला की तैयारी के लिए टीम से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह अय्यर भारत की कप्तानी करेंगे जो पहले दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। शॉर्ट पिच गेंदों के सामने उनकी कमजोरी खुलकर उजागर हो गई हैं। केएल राहुल और अंशुल कंबोज भी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए टेस्ट टीम से जुड़ गए हैं।

सबालेंका को हराकर मीरा सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶ इंडियन वेल्स

मीरा एंड्रीवा ने अपने ग्रुप मैच में एरिना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट की सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित की। तीसरी वरीयता प्राप्त एंड्रीवा ने सबालेंका को 6-4, 6-0 से हराया। वह पहले सेट में सबालेंका से 1-4 से पिछड़ रहीं थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने अगले 23 में से 20 अंक जीतकर 62 मिनट में जीत हासिल की और इस तरह से ग्रुप दो में शीर्ष स्थान हासिल किया। एंड्रीवा ने राउंड रोबिन आधार पर होने वाले ग्रुप मैचों में अपने दोनों मैच जीते हैं।

इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी खिलाड़ी का निर्धारण सबालेंका और एलिना स्वितोलिना के बीच होने वाले मैच से होगा। सबालेंका ने अपने पहले मैच में कैरोलिना मुचोवा को सीधे सेटों में हराया था।

श्रीकांत और लक्ष्य कुमामोतो मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶ कुमामोतो (जापान)

भारत के किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल करके पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी कोदाई नाराओका को 21-15, 11-21, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। अब उनका मुकाबला जापान के एक अन्य खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज कोकी वातानाबे से होगा।

लक्ष्य ने चीन के डोंग को हराया

जर्मनी में हाइलो ओपन जीतने वाले आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के डोंग तियान याओ को 21-8, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज लक्ष्य वर्तमान में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग में 10वें स्थान पर हैं और चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी।

रायचंदानी के 93 रन से भारत फाइनल में

अंडर-19 एशिया कप खिताब के लिए भारत-पाक में भिड़ंत कल



एजेंसी ▶▶ अल अमेरात (ओमान)

कप्तान लक्ष्य रायचंदानी की 93 रन की शानदार पारी के दम पर भारत ने बृहस्पतिवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह बना ली।

खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से शनिवार 14 नवंबर को होगा। तेज गेंदबाज ईशान सूद की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने अफगानिस्तान को निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 227 रन के स्कोर पर रोक दिया। भारत ने 36.5 ओवर में दो विकेट पर 230 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले पाकिस्तान ने दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश को नौ विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया।

रायचंदानी, सहवाग व विनीत ने ठोकी फिफ्टी

कप्तान रायचंदानी ने 90 गेंद की पारी में 13 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्हें आर्यवीर सहवाग (51) और छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाने वाले वीके विनीत (नाबाद 57) का अच्छा साथ मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए रायचंदानी ने अफगानिस्तान के मोहम्मद अली की गेंद पर जोरदार पुल शॉट लगाकर 49 रन तक पहुंचे लक्ष्य ने अपनी पारी की 39वीं गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 103 गेंद में 117 और विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 गेंद में 77 रन की साझेदारी कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

अफगानिस्तान को बड़े स्कोर से रोका

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। ईशान सूद ने 43 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। मध्य ओवरों में भारतीय स्पिनरों ने भी विपक्षी बल्लेबाजों पर शिकंजा कस दिया। अफगानिस्तान की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज नोमान सालारजई और शाह फैसल रहीमी ने 51-51 रन बनाए।

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR
(2nd & 3rd floor Sanchar Vikash Bhawan (BSNL Building), Near Head Post Office, Residancy Road, Jabalpur-482001 M.P.)

NOTICE FOR SETTING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.

RC/69/2017 ANDHRA BANK (UNION BANK OF INDIA) VERSUS M/S RAIPUR FORGINGS AND CASTINGS PVT. LTD. 29-10-2026

To
(CD1) **M/s. RAIPUR FORGINGS AND CASTINGS PVT. LTD.** HIG-1, Sector-II, Shankernagar, Raipur (C.G.)- 492007- **Also At:** Factory At-Plot No. 138, Secto-B, Sirgitti Industrial Area, Bilaspur (C.G.)
(CD2) **NIRMALESWAR PRASAD SHARMA S/O SHRI L.P. SHARMA**, 01/58, Pushpak Nagar, Bhilai, Durg (C.G.)-490001
(CD3) **YASH CHATURVEDI S/O SHRI K.K. CHATURVEDI**, A-406, Near Rajiv Gandhi Chowk, Bilaspur (C.G.)-495001
(CD4) **MAHABIR PRASAD RATERIA S/O SHRI MANOHARLAL RATERIA**, HIG-1, Sector-2, Chhattisgarh Housing Board Colony, Shanker Nagar, Raipur (C.G.)-492001
(CD5) **PRAKASH CHANDRA RATERIA S/O SHRI MANOHARLAL RATERIA**, MIG-11, Sector-2, Chhattisgarh Housing Board Colony, Shanker Nagar, Raipur (C.G.)-492001
(CD6) **M/S SHARMA VIN TRADE SERVICES PVT. LTD.**, Office At-5th Floor, Wallfort Ozone, Fafadih, Raipur (C.G.) Through its Director- **SUBHASH SHARMA** AND **MR. VIDITH SHARMA**
(CD7) **SUBHASH SHARMA S/O SHRI LOKESHWAR SHARMA**, HIG-C, 109-A, Shailendra Nagar, Raipur (C.G.)-492001.
(CD8) **VIDITH SHARMA S/O SHRI SUBHASH SHARMA**, HIG-C, 109-A, Shailendra Nagar, Raipur (C.G.)-492001, **Also At: M/S SHARMA VIN TRADE SERVICES PVT. LTD.**, Office At - 5th Floor, Wallfort Ozone, Fafadih, Raipur (C.G.)
(CD9) **CHHATTISGARH STATE INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**, 1st Floor, Udyog Bhawan, Opp. Ring Road No.-1, Telibandha, Raipur (C.G.)-492001.

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of Debts Recovery Tribunal Jabalpur who had issued the Recovery Certificate dated **03/01/2017** In **OA/367/2015** to pay to the Applicant, Bank(S)/Financial Institution(S) Name Of Applicant, The Sum Of **Rs. 93255694.56 (Rupees Nine Crore Thirty Two Lakhs Fifty Five Thousands Six Hundred Ninety Four And Paise Fifty Six Only)** Along With Pendentellite And Future Interest @ 12.00 % Simple Interest Yearly w.e.f. **01/12/2015** Till Realization And Costs Of **Rs 150000 (Rupees One Lakh Fifty Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned Immovable/Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **08/12/2026** At **10.30 A.M.** sas been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the portion thereof.

Specification Of Property.

Leasehold Factory Land and building at Plot No. 138, area admeasuring **2,50,000 Sq.Ft.** situated at Village- Parsada, Industrial Area, Sirgitti, Sector- B, Tehsil & District- Bilaspur (C.G.)

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **29/10/2026.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

HDFC BANK Ltd.
शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

ई-नीलामी विक्रय सूचना
नीलामी की तिथि एवं समय :– 21-दिसम्बर-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।

एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:

एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

(A) स्र. क्र.	(A) ऋणी(यों) का नाम	(B) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)*	(C) अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है)	(D) कब्जे का प्रकार	(E) आरक्षित मूल्य (रु.)	(F) (G) ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.)
1.	**श्री रजक देवेन्द्र कुमार**, दो कॉलोनी, मकान नं. 03, बंगला पारा, बीआरसी भवन के पास, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, भोपालपटनम – छत्तीसगढ़ 494661. **श्री रजक देवेन्द्र कुमार** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कार्यालय. कार्यकारी इंजी., रेस. प्रभाग. महका रोड, नारायणपुर, छत्तीसगढ़, 494661.	₹ 9,99,808/- 31 मार्च 26* की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग की आवासीय प्लॉट–ई15 स्मार्ट सिटी, स.क्र., 29/2-3-4-5-6-7-8-9-13-14-15-16, 17, 31/3-4, 32/1-2-4; खसरा नंबर 38/7(भाग) ; ग्राम फरहाद, पटवारी हल्का नंबर 29, रा.नि.मं.–राजनांदगांव–01, तहसील एवं जिला–राजनांदगांव, छत्तीसगढ़। खुला प्लॉट एरिया– 1345.32 वर्ग फुट, **लेटिट्यूड–29.972909, लांगिट्यूड– 80.856248.**	भौतिक	₹16,20,000/-	₹1,62,000/- / ₹ 5000/-
2.	**श्री मंडल भोला** शीतला माता मंदिर, सरकंडा मुक्तिधाम चौक, बिलासपुर (एम.कॉर्प.),बिलासपुर, छ.ग,पिन–495001-भारत। **श्री मंडल भोला** मे. महामाया फूल, मां महामाया फूल, जबड़ापारा, सरकंडा, बिलासपुर। छ.ग. – 495001. **श्रीमती देवी सरोवरी,** ग्राम अतिहार डीह, पोस्ट–अतिहार, ग्राम–अतिहार डीह, दरभंगा, बिहार, पिन – 846007.	₹ 19,25,376/- 30 अप्रैल 25 की स्थिति में	मस्त भाग एवं आंशिक भाग का मकान जिसका कुल क्षेत्रफल 615 वर्ग फुट (57.156 वर्ग मीटर) जिसका भूतल क्षेत्रफल 500 वर्ग फुट (46.468 वर्ग मीटर), यह यूनिट–102, माँ शारदा विहार, मौजा–अमेरी, प.ह.नं. 26/43, खसरा नंबर 47/27 (शीट नंबर 6, प्लॉट नंबर 58/3/1), रा.नि.मं.–सकरी विकासखंड, तखतपुर, तहसील–सकरी, जिला–बिलासपुर, छत्तीसगढ़ है। **चौहद्दी:**– बिक्री विलेख के अनुसार, उत्तर – कॉलोनी की सीमा, दक्षिण – प्लॉट नंबर 101, पूर्व – कॉलोनी की सीमा, पश्चिम – कॉलोनी रोड। **लेटिट्यूड–22.092003, लांगिट्यूड– 82.108269.**	भौतिक	₹19,93,000/-	₹1,99,300/- / ₹ 5000/-
3.	**श्री नंदनी जयेश** हाउस नंबर एल–26, अवनी विहार, दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर छत्तीसगढ़, 492001. **श्री नंदनी जयेश** दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेमरिया, बलौदा बाजार रोड, रायपुर, छ.ग.–492001. **श्रीमती नंदनी सुचित्रा** हाउस नंबर एल–26, अवनी विहार, दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर छ.ग., 492001.	₹ 12,28,047/- 31 मार्च 2025 की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग का फ्लैट, जिसका क्षेत्रफल, सुपरबिल्टअप एरिया 505 वर्ग फुट (कार्पेट एरिया: 363.25 वर्ग फुट + बालकनी एरिया: 25.33 वर्ग फुट = 388.58 वर्ग फुट)। फ्लैट–510, 5वीं मंजिल, अविनाश आशियाना, ब्लॉक इ, स.क्र./खसरा नंबर 4/2, 4/3, 6/1, 6/1, 4/5, 4/11, 6/3, 4/6, 4/7, 6/4, प.ह.नंबर 37, ग्राम–कोटा, रायपुर 49200, **लेटिट्यूड–21.269438, लांगिट्यूड– 81.603299.**	भौतिक	₹13,65,000/-	₹1,36,500/- / ₹ 5000/-
4.	**टीकम श्वेता** द्वारा कन्हैया लाल टीकम, होटल पूनम कॉम्प्लेक्स, सर्किट हाउस रोड, चांदनी चौक, बस्तर, जगदलपुर – छत्तीसगढ़ 494001. **टीकम श्वेता** मे. श्वेता टीकम, अतिथि होटल के पीछे, शांति नगर, जगदलपुर–छत्तीसगढ़ 494001.	₹ 27,92,226/- 31 दिसंबर 24 की स्थिति में	समस्त भाग एवं आंशिक भाग की आवासीय फ्लैट/अपार्टमेंट, जिसका कुल निर्मित क्षेत्र 758 वर्ग फुट (कार्पेट एरिया – 711 वर्ग फुट) है, खसरा नंबर 148/8, 148/122 एवं 148/23, मौजा–जगदलपुर फ्लैट नं. 509, 5वीं मंजिल, ब्लॉक बी, अविनाश अतुल्य अपार्टमेंट, प.ह.नं.–05, वार्ड नंबर 21, राजेंद्र नगर वार्ड, तहसील–जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़। **चौहद्दी:**–उत्तर में रास्ता (पैसेज), दक्षिण में खुला क्षेत्र, पूर्व में फ्लैट नंबर बी–508 एवं पश्चिम में फ्लैट नंबर बी–510, **लेटिट्यूड–19.077000, लांगिट्यूड– 82.005600.**	भौतिक	₹20,00,000/-	₹2,00,000/- / ₹ 5000/-

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :– 21-नवम्बर-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :–17-दिसम्बर-2026, शाम 5.00 बजे के पहले

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।

ऋणभार/दावों का खुलासा: (1) HDFC के अधिकृत अधिकारी की जानकारी और ज्ञान के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कोई भार (encumbrances) नहीं है।

संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई–नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई–मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.

सावधानी नोट: बड़े पैमाने पर ई–बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांक: 13.11.2026
स्थान: बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव, जगदलपुर (बस्तर)

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
रजिस्टर्ड पता–एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013
प्राधिकृत अधिकारी
ASA

HDFC BANK
प्रधान कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400013
क्षेत्रीय कार्यालय: एचडीएफसी बैंक लिमिटेड; चौथी मंजिल, फिदवी टॉवर, सराफ चैंबर के सामने, माउंट रोड, सदर नागपुर–440001, महाराष्ट्र

ई–नीलामी विक्रय सूचना

अचल संपत्तियों की ई–नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी की बिक्री सूचना।

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक के बकाए नीचे वर्णित ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ **एचडीएफसी बैंक लि.** के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खाताओं में निम्नलिखित संपत्तियों का **दिनांक 25.07.2025** को **भौतिक कब्जा** ले लिया है तथा ऋणी(यों)/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(रों) द्वारा उसके भुगतान में विफलता के बाद उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक के बकाया की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** उसकी बिक्री का प्रस्ताव करते हैं। नीचें दी गई संपत्तियों की बिक्री ई–नीलामी के माध्यम से वेब पोर्टल **https://https://www.bankeauctions.com** पर आयोजित की जावेगी।

अचल संपत्तियों का विवरण

क्रं.	शाखा एवं खाता का नाम	संपत्ति के बंधककर्ता एवं जमानतदारों के नाम	बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना दिनांक	निरिक्षण की तिथी एवं समय	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की तिथी/ समय	बोली प्राप्ती हेतु अंतिम तिथी	प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नं./ ई–मेल आईडी
1.	**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, भिलाई, छत्तीसगढ़ एवं मैसर्स अक्षय राइस इंडस्ट्रीज**	**जमानतदार:** **1. श्री वंश चौधरी (साझेदार), 2. श्रीमती सुनीता सिंह (जमानतदार), बंधककर्ता: श्री मोहन सिंह (साझेदार)**	औद्योगिक संपत्ति जो अक्षय राइस इंडस्ट्रीज, बलौदा बाजार रोड, मौजा–कुसमी, खसरा नं.– 982/1, (क्षेत्रफल– 0.438 हेक्टेयर), प.ह. नं. – 21, आर.एन.एम. एवं तह.– पलारी, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास, जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) 493228, तथा जिसका **स्वामित्व** अक्षय राइस इंडस्ट्रीज (द्वारा साझेदार श्री वंश चौधरी एवं श्री मोहन सिंह)। **चतुर्सीमा:** पूर्वः पीलाराम का प्लॉट, पश्चिम: कृपाराम का प्लॉट, उत्तर: जितेंद्र का प्लॉट, दक्षिण: सड़क	**Rs. 3,28,71 877.78** दिनांक 31/05/2024 तक की बकाया राशि (ब्याज सहित), तथा दिनांक 01/06/2024 से पूर्ण एवं अंतिम भुगतान की तिथि तक 18% वार्षिक की दर से आगे के ब्याज सहित। 10/07/2024	**16-12-2026** एवं समय– प्रात: 11.00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	आरक्षित मूल्य **Rs.2,91,00,000/-** / ईएमडी **Rs.29,10,000/-** / बोली वृद्धि राशि **Rs. 2,00,000/-**	**28.12.2026** दोपहर 01.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक	**24.12.2026** सायं 5 बजे तक	**नितिन बेंडवाल nitin.bendwal@hdfc.bank.in 9893694235 कुशल दांगी kushal.dangi@hdfc.bank.in 7748882223 केशव नेगी keshav.negi@hdfc.bank.in 7000815939 राजेश कुलाकाडा rajesh.kulakada@hdfc.bank.in 7498288849**

* रकम की वसूली होने तक का ब्याज भी लागू होगा।

नियम एवं शर्तें

1. ई–नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com**) पर नाम पंजीकृत कर नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं. : **57500000904261** खाता का नाम : **DFSO TRANSITORY ACCOUNT : DOC SERV**, लाभार्थी का नाम : **एचडीएफसी बैंक लि.**, आईएफएससी कोड : **HDFC0000240** में एनईएफटी / आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड डाफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में बैंक के रिकॉर्ड अनुसार संपत्ति पर अन्य भार अर्थात संविधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि नहीं है, सिवाय उसके जो विस्तृत नियमों एवं शर्तो में उल्लेखित है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/बकाया करों / मुकदमेबाजी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण उपर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ई एमडी जमा किए जाने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई–नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मे. सी 1 इंडिया प्रा. लि., प्लाट नं. 301, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज–2, गुड़गांव, हेल्पलाईन नं. 0124–4302020/ 21/22/23/24, श्री मिथिलेश कुमार, मोबाईल :** 7080804466, हेल्पलाईन ई–मेल आईडी : **support@bankeauctions.com** से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लि



अगले दो साल में दुनिया में होने जा रहे 2 लंबे पूर्ण सूर्य ग्रहण, दिन में छा जाएगा अंधेरा

वॉशिंगटन। खगोलीय घटनाओं में दिलचस्पी रखने वालों के लिए आने वाले दो साल बहुत ही खास होने वाले हैं। इस दौरान दो बहुत दुर्लभ सूर्य ग्रहण होने वाले हैं, जो खगोल वैज्ञानिकों के लिए अंतरिक्ष को बारीकी से समझने का मौका लेकर आएंगे। पहला ग्रहण साल 2027 में 2 अगस्त को होगा जिसे सदी का सबसे बड़ा सूर्य ग्रहण कहा जा रहा है। इस दौरान 6 मिनट 23 सेकंड तक दुनिया में अंधेरा छा जाएगा। इस घटना के लगभग 1 साल बाद 22 जुलाई 2028 एक और लंबा सूर्य ग्रहण ऑस्ट्रेलिया के ऊपर से होकर गुजरेगा।

सूर्य ग्रहण क्या है ?

हमारा ग्रह यानी धरती दो काम लगातार करती रहती है। पहला, यह अपनी धुरी पर लगातार घूमती रहती है, और दूसरा, घूमते हुए यह सूर्य का चक्कर लगाती है। पृथ्वी का उपग्रह है चंद्रमा, जो लगातार इसका चक्कर लगाता रहता है। पृथ्वी को सूर्य का चक्कर लगाने में 1 साल लगते हैं तो चंद्रमा पृथ्वी का चक्कर 29.5 दिन में पूरा कर लेता है। इस चक्कर लगाने के दौरान कई बार ऐसा होता है जब सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी क्रमशः एक सीध में आ जाते हैं।

सदी का सबसे बड़ा सूर्य ग्रहण

वैसे तो दोनों सूर्य ग्रहण बेहद शानदार नजारा लेकर आएंगे, लेकिन अगस्त 2027 में होने वाली घटना सबसे अलग होगी। 2 अगस्त 2027 को लगने वाले पूर्ण ग्रहण की टोटलिटी 6 मिनट 23 सेकंड होगी। इसका मतलब है कि इतने लंबे समय तक सूर्य का कोरोना चंद्रमा के पीछे छिपा रहेगा। 1991 से लेकर 2114 तक यह धरती से देखा जाने वाला सबसे लंबा पूर्ण ग्रहण होगा। यही वजह है कि इसे सदी का लंबा सूर्य ग्रहण कहा जा रहा है।

किस रास्ते से गुजरेगी पूर्ण ग्रहण की छाया?



22 जुलाई 2028 को लगने वाला पूर्ण सूर्य ग्रहण कोकोस आइलैंड्स, क्रिसमस आइलैंड और ऑस्ट्रेलिया से होकर गुजरेगा। यह उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व की ओर बढ़ते हुए यह सिडनी के ठीक ऊपर से गुजरेगा। आगे यह तस्मान सागर को पार करते हुए न्यूजीलैंड के साउथ आइलैंड तक जाएगा। इस दौरान 63 लाख लोग इसे देख पाएंगे।

कौन सी जगह देखने के लिए सबसे सटीक?

अगस्त 2027 में होने वाले सूर्य ग्रहण की छाया स्पेन और जिब्राल्टर से होकर गुजरेगी। इसके बाद मोरक्को, लीबिया, मिस्र, सूडान, सऊदी अरब और यमन से होते हुए यह हिंद महासागर के रास्ते आगे बढ़ेगी। मिस्र के लक्सर में सबसे लंबा ग्रहण देखा जा सकेगा। यहां 6.20 मिनट तक आसमान में अंधेरा छा जाएगा जो पूर्णता की अवधि से महज 3 सेकंड कम होगा।

जुलाई 2028 में एक और बहुत लंबा सूर्य ग्रहण

अगस्त 2027 में होने वाले ग्रहण को देखने के लिए अभी से भारी डिमांड है और अभी से इसके लिए बुकिंग चल रही है। अगर आप यह ग्रहण देखने से चूक जाते हैं तो करीब एक साल बाद 22 जुलाई 2028 को एक बार फिर शानदार मौका सामने होगा। यह ग्रहण पूर्णता की स्थिति में 5 मिनट से ज्यादा लंबा होगा। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के अनुसार, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के किम्बरली इलाके में यह सबसे लंबे समय 5 मिनट 10 सेकंड तक रहेगा। हालांकि, यह ग्रहण अगस्त 2027 की तुलना में एक मिनट से भी ज्यादा छोटा है, लेकिन पूर्ण सूर्य ग्रहण के हिसाब से बहुत लंबा है।

रोचक खबरें

न ऑफिस, न टारगेट का तनाव... बस सोकर कमाए 9.6 लाख रुपए

नई दिल्ली। मुंबई की एक महिला ने साबित कर दिया कि अच्छी नींद सिर्फ सेहत के लिए ही नहीं, बल्कि कमाई का जरिया भी बन सकती है। जीनिया चटर्जी ने सोने के बदले 9.6 लाख रुपए का इनाम जीत लिया है। इतना ही नहीं, उन्हें कंपनी की तरफ से स्पॉन्सर्ड हॉलिडे पर जाने का मौका भी मिला है। जीनिया को भारत की 'स्लीप चैंपियन' चुना गया है। उनकी यह जीत इसलिए भी खास है, क्योंकि इस अनोखी प्रतियोगिता में देशभर से 2 लाख से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया था। दरअसल, घर और फर्निशिंग से जुड़े ब्रांड वेकफिट ने अपनी स्लीप इंटर्नशिप का आयोजन किया था। इसमें प्रतिभागियों को अच्छी और पूरी नींद लेने के साथ-साथ अपनी सोने की आदतों पर ध्यान देना था। प्रतियोगिता करीब दो महीने तक चली। इस दौरान सभी को एक तय समय पर सोना, अपनी नींद का रिकॉर्ड रखना और हर हफ्ते दिए जाने वाले मजेदार टास्क पूरे करने थे। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 2 लाख से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया था। हालांकि, कई चरणों की स्क्रीनिंग और पर्सनल इंटरव्यू के बाद सिर्फ 10 लोगों को चुना गया। इन सभी प्रतिभागियों को करीब 60 दिनों तक अपनी नींद का प्रदर्शन बेहतर बनाए रखना था।



पृथ्वी को मिला 'दूसरा चांद', चारों ओर लगा रहा है चक्कर

वॉशिंगटन। पृथ्वी को कुछ समय के लिए एक चांद जैसा एस्टेरॉयड मिला है। इसका नाम एस्टेरॉयड 2026 क्यूक्यू8 है। यह इस साल अप्रैल में पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फंस गया था। तब से यह पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगा रहा है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने इसे मिनी मून का उपनाम दिया है। इसकी खोज हंगरी के जाने-माने एस्टेरॉयड हंटर और अंतरिक्ष वैज्ञानिक क्रिजटियन सार्नेज्स्की ने की है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी का नया चांद 2027 में गुरुत्वाकर्षण से निकलने से पहले डेढ़ चक्कर पूरा करेगा। इंडिपेंडेंट ने अपनी रिपोर्ट में क्रिजटियन सार्नेज्स्की के हवाले से बताया कि उन्होंने इस एस्टेरॉयड को सबसे पहले अगस्त महीने में देखा था। हालांकि, इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन के माइनर प्लैनेट सेंटर ने हाल ही में इसकी रिपोर्ट दी है। यह खगोल विज्ञान के क्षेत्र में काम करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी और सर्वोच्च पेशेवर संस्था है। इसका मुख्यालय पेरिस में है। माइनर प्लैनेट सेंटर का काम अंतरिक्ष में मौजूद छोटे खगोलीय पिंडों से जुड़ा डेटा एकत्र करने, उनकी गणना करने और उन्हें आधिकारिक पहचान देना है



रिपोर्ट में एस्टेरॉयड 2026 QQ8 के परिक्रमा पथ के आधार पर बताया गया है कि यह आमतौर पर हर 359 दिन में सूरज का चक्कर लगाता है और लगभग हर 10 साल में पृथ्वी के पास से गुजरता है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि यह पृथ्वी की परिक्रमा के दौरान सबसे करीब होने पर हमारे गृह से लगभग 568,000 किलोमीटर दूर होगा। यह चंद्रमा से पृथ्वी के बीच की औसत दूरी का लगभग डेढ़ गुना है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि एस्टेरॉयड 2026 क्यूक्यू8 का क्षेत्रफल लगभग 2 मीटर है। ऐसे में इस एस्टेरॉयड से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है।

पेट में सांप की तरह रेंगकर बीमारियां पकड़ता है यह रोबोट, डॉक्टरों को बिना चीर-फाड़ देगा सटीक रिपोर्ट

अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के इंजीनियरों ने एक हैरान करने वाला रोबोट तैयार किया है। यह सॉफ्ट रोबोट किसी सांप या केंचुए की तरह मानव शरीर की आंतों में रेंगते हुए आगे बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने इस रोबोट को 'बायोसेंटर' नाम दिया है। यह उपकरण पेट के सबसे संकरे और जटिल हिस्सों में खुद रास्ता बनाकर अंदर दाखिल हो सकता है। प्रतिष्ठित साइंस जर्नल 'साइंस रोबोटिक्स' में इस नए अविष्कार की पूरी रिपोर्ट पब्लिश की गई है। मौजूदा समय में आंतों की जांच के लिए होने वाली प्रक्रियाएं मरीजों के लिए काफी दर्दनाक और जटिल साबित होती हैं। यह रोबोट मरीज के मुंह या गुदा मार्ग से शरीर में प्रवेश कर सीधे छोटी आंत तक पहुंच सकता है। वहां पहुंचकर यह बीमारियों की सटीक पहचान करने के साथ-साथ बायोप्सी के लिए सैंपल भी निकाल सकता है।

छोटी आंत की जांच करना डॉक्टरों के लिए इतना मुश्किल क्यों?

मानव शरीर का गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट यानी पाचन तंत्र बेहद संकरा और घुमावदार रास्ता होता है। इंसान की छोटी आंत लगभग 20 से 25 फीट लंबी होती है। यह पेट के निचले हिस्से में बेहद तंग जगह में आपस में कई परतों में लिपटी रहती है। इसके दोनों तरफ आमाशय और बड़ी आंत मौजूद रहती हैं, जिसके कारण यहां तक पारंपरिक कैमरों को पहुंचाना टेढ़ी खीर होता है। छोटी आंत में ब्लीडिंग, ट्यूमर, घाव या रुकावट की समस्या आम होती जा रही है। समय पर पता न चलने से यह दिक्कत जानलेवा कैंसर का रूप ले लेती है। फिलहाल इस हिस्से की जांच के लिए 'डबल-बलून एंटरोस्कोपी' तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रक्रिया में डॉक्टर दो गुब्बारों को बारी-बारी से फुलाकर और पिचकाकर कैमरे को आगे धकेलते हैं। यह तरीका बहुत धीमा होता है और डॉक्टरों को इसमें लगातार हाथ से मशक्कत करनी पड़ती है।



रोबोट के भीतर लगे हाईटेक टूल्स कैसे काम करते हैं?

इस रोबोट के सिर और पिछले हिस्से को जापानी पेपर आर्ट 'किरिगामी' से प्रेरित होकर तैयार किया गया है। इस कला में कागज को केवल मोड़ा नहीं जाता बल्कि उसमें खास कट लगाए जाते हैं। इस खास डिजाइन की मदद से रोबोट के सिरे आंतों की अंदरूनी दीवार को पकड़ते हैं और फिर छोड़ते हैं। एमआईटी के रिसर्चर अहमद मुज्तबा जेबरान ने बताया, 'किरिगामी तकनीक की वजह से रोबोट आंतों के नाजुक टिश्यूज पर दबाव डाले बिना आगे बढ़ने की ताकत जुटा लेता है।' इस रोबोट के खोखले शरीर के भीतर कई छोटे-छोटे मेडिकल टूल्स फिट किए गए हैं। इसमें एक हाई-डेफिनिशन माइक्रो कैमरा लगा है जो लाइव तस्वीरें भेजता है। इसके साथ ही इसमें दवा छिड़कने वाला एक खास स्प्रेयर भी जोड़ा गया है। बीमारी की पहचान के लिए इसमें छोटे क्लिपर्स दिए गए हैं जो संदिग्ध गांठ का टिश्यू सैंपल तुरंत काट लेते हैं। यह रोबोट एक पतली केबल के जरिए बाहरी कंट्रोल सिस्टम से जुड़ा रहता है। डॉक्टर इसे एक्स-बॉक्स कंट्रोलर जैसे रिमोट डिवाइस से भी आसानी से ऑपरेट कर सकते हैं।

सुअर के शरीर पर हुए ट्रायल में डॉक्टरों को किस तरह के परिणाम मिले?

वैज्ञानिकों ने इस तकनीक का पहला व्यावहारिक परीक्षण जीवित और बेहोश किए गए सुअरों पर किया. सुअर के पाचन तंत्र की आंतरिक बनावट इंसानी शरीर से काफी मिलती-जुलती होती है। लैब में हुए टेस्ट के दौरान इस रोबोट ने सुअर की आंतों में लगातार 11 मिनट तक सफलतापूर्वक सफर तय किया. इस दौरान रोबोट ने आंतों के भीतर की रीयल-टाइम तस्वीरें डॉक्टरों की स्क्रीन पर भेजीं. इसके साथ ही इसने तय लोकेशन पर तरल दवा की डिलीवरी की और बायोप्सी के लिए टिश्यू सैंपल भी सुरक्षित बाहर निकाले। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह तकनीक भविष्य में मेडिकल एंडोस्कोपी का चेहरा बदल देगी. इससे पहले साल 2021 में मकाऊ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मकड़ी से प्रेरित कैप्सूल रोबोट बनाया था जिसे मैग्नेट से कंट्रोल किया जाता था। हालांकि, एमआईटी का यह नया स्नेक रोबोट डॉक्टरों को शरीर के भीतर ज्यादा नियंत्रण और क्षमता देता है। मानव शरीर पर इसका ट्रायल पूरा होने के बाद यह पेट के कैंसर की शुरुआती पहचान में वरदान साबित हो सकता है।

इंसान का कंकाल तक चबा जाता है पिद्दी सा जीव !

नई दिल्ली। दुनिया के अलग-अलग महाद्वीपों और शांत द्वीपों पर प्रकृति ने एक से बढ़कर एक अजीबोगरीब जीव बनाए हैं। इन्हीं में से एक है 'कोकोनट क्रैब'। ये दुनिया में जमीन पर रहने वाला सबसे बड़ा केकड़ा माना जाता है। अपनी बेहिसाब ताकत, खौफनाक साइज और नारियल फोड़ने की क्षमता की वजह से ये जीव अच्छे-अच्छों को डरा देता है। कोकोनट क्रैब का शरीर कई हिस्सों में बंटा होता है और इनके पास कुल 10 ताकतवर टांगें होती हैं। इनके सामने के दो पंजे इतने मजबूत होते हैं कि ये करीब 27 किलोग्राम तक का वजन आसानी से उठा



सकते हैं। इनकी बाकी टांगों के नुकीले सिरे इन्हें सीधे पेड़ों और चट्टानों पर आसानी से चढ़ने में मदद करते हैं। यही नहीं, इनकी चौथी जोड़ी टांगों में चिमटी जैसे पंजे होते हैं, जिनका इस्तेमाल ये अंडे देने, घोंसला बनाने और सेंसेटिव कामों के लिए करते हैं।

यूं तो ये केकड़े ज्यादातर नारियल और सड़े-गले फल खाते हैं, लेकिन मौका मिलने पर ये खतरनाक शिकारी बन जाते हैं। ये मुर्गियों, बिल्ली के बच्चों और तटों पर बैठने वाले परिंदों का शिकार करने से भी पीछे नहीं हटते। साल 2017 में वैज्ञानिकों ने पहली बार इस केकड़े को एक जिंदा चिड़िया का शिकार करते हुए कैमरे में कैद किया था। सबसे अजीब बात ये है कि ये केकड़े अपनी त्वचा बदलने के बाद अपना ही पुराना कंकाल चबा जाते हैं, जिससे इनके शरीर को अपनी ग्रोथ के लिए भारी मात्रा में कैल्शियम मिलता है।

जालंधर का शख्स है दुनिया के लिए 'बादाम किंग'

नई दिल्ली। पंजाब के खेतों की महक ऐसी होती है कि इंसान दुनिया के किसी भी कोने में चला जाए, यह उसका पीछा नहीं छोड़ती। आज हम आपको कैलिफोर्निया के 'बादाम किंग' यानी सतनाम सिंह संधू और उनके भाइयों की एक ऐसी ही कहानी सुनाने जा रहे हैं। यह कहानी सिर्फ दौलत कमाने की नहीं है, बल्कि यह कहानी है उस जज्बे की, जो शून्य से शुरू होकर अरबों के साम्राज्य तक पहुंचता है। बात करीब 40-45 साल पुरानी है। लैंडस्केपिंग से मजबूत आधार पाकर संधू भाइयों ने कैलिफोर्निया में खेती की जमीन खरीदी। लेकिन, वे पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने आधुनिक तकनीकों को अपनाया। जिस बादाम की पैदावार पहले महज 1200 पाउंड प्रति एकड़ हुआ करती थी, संधू भाइयों ने अपनी सूझबूझ और वैज्ञानिक खेती से उसे बढ़ाकर 4000 पाउंड प्रति एकड़ से ऊपर पहुंचा दिया।

दो कुत्तों की हुई धूमधाम से पूजा, माथे पर टीका, गले में गेंदे की माला

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर एक बहुत प्यारा वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक पति-पत्नी अपने दो पालतू कुत्तों की पूजा करते दिख रहे हैं। दोनों ने लाल कपड़े पहने हैं। घर में फूलों और दीयों से सजावट की गई है। कुत्ते लाल गद्दे पर बैठे हैं। पति-पत्नी बारी-बारी से कुत्तों के माथे पर लाल टीका लगाते हैं। फिर उनके गले में गेंदे की माला पहनाते हैं। बड़े कुत्ते के सिर पर नेपाली टोपी भी पहनाई जाती है। छोटा कुत्ता भी आराम से बैठा रहता है। कुल मिलाकर दोनों कुत्ते बहुत शांत और प्यारे लग रहे हैं। इसके बाद शख्स जलता दीया लेकर कुत्तों की आरती उतारता है और पत्नी घंटी बजाती है। फिर दोनों कुत्तों को हाथ से खाना खिलाते हैं। कुत्ते भी बड़े प्यार से खाना खाते हैं। पूरा नजारा त्योहार जैसा लग रहा है। यह नेपाल का मशहूर त्योहार कुकुर तिहार है। यह दिवाली के दूसरे दिन मनाया जाता है। इस दिन कुत्तों को यमराज का दूत माना जाता है।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com